रविवार
21 जुलाई 2024

केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



बोले जदयू के मंत्री... लालू राज में सीएम आवास से मांगी जाती थी फिरौती

2

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ


अमरोहा में मालगाड़ी के 12 डिब्बे बेपटरी, दिल्ली-लखनऊ ट्रैक पर आवागमन बाधित

अमरोहा के कल्याणपुरा गेट 27 सी से गुजरने के दौरान अचानक पटरी से उतर गए डिब्बे, हादसे के कारण दिल्ली लखनऊ रूट पर चल रही सभी ट्रेनों को किया गया डायवर्ट

केटी न्यूज/लखनऊ

उत्तर प्रदेश के गोंडा में ट्रेन हादसे के बाद अब अमरोहा से मालगाड़ी बेपटरी होने की खबर सामने आई है। मालगाड़ी के 12 डिब्बे बेपटरी हो गए हैं। इस हादसे में किसी तरह का जान-माल का नुकसान नहीं हुआ लेकिन इसकी वजह से दिल्ली-लखनऊ ट्रैक पूरी तरह से बाधित हो गया है। यह हादसा अमरोहा रेलवे स्टेशन से कुछ ही दूरी पर हुआ है। फिलहाल रेलवे के अधिकारी स्थिति को सामान्य करने की कोशिश में लगे हुए हैं। जानकारी के मुताबिक मालगाड़ी मुरादाबाद से गाजियाबाद की ओर जा रही थी, इसी बीच अमरोहा के कल्याणपुरा गेट 27 सी से गुजर रही थी। इसी बीच अचानक मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतर गए। मौके









पर रेलवे के अधिकारी पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में लोग की भीड़ इकट्ठा हो गई। हादसे की वजह से दिल्ली से लेकर लखनऊ तक हड़कंप मच गया। इसकी वजह से इस ट्रैक पर गाड़ियों की आवाजाही पूरी तरह से बाधित हो गई है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक जिस वक्त मालगाड़ी कल्याणपुरा रेलवे फाटक के पास से गुजर रही थी उसी वक्त अचानक मालगाड़ी के कई डिब्बे पलट गए। मालगाड़ी के डिब्बे जब गिरे तो जोरदार आवाज आई जिससे आसपास रहने वाले लोग खौफजदा हो गए। स्थानीय लोगों ने जोरदार आवाज की वजह जाननी चाही तो देखा कि मालगाड़ी गिर गई है। तुरंत मौके पर कई लोग इकट्ठा हो गए। हालांकि बाद में रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया।

रेलवे की ओर से कोई बयान नहीं: इतने बड़े हादसे के बाद दिल्ली-लखनऊ ट्रैक पूरी तरह से बाधित हो गया है। रेलवे के दफ्तरों में हड़कंप मचा हुआ है। इतनी बड़ी घटना के बाद भी रेलवे की ओर से कोई बयान जारी नहीं किया गया है। फिलहाल स्थिति को सामान्य करने की कोशिश की जा रही है। वहीं दिल्ली लखनऊ रूट पर चल रही सभी ट्रेनों को डायवर्ट किया जा रहा है।

मलप्पुरम जिले के 14 वर्षीय एक लड़के में संक्रमण मिलने की पुष्टि

केरल में फिर निपाह वायरस ने दी दस्तक, सरकार ने जारी किया अलर्ट

- मंत्री ने जिला कलेक्टरों के साथ बैठक कर सख्त कदम उठाने का दिया निर्देश
- अस्पतालों के स्टाफ और लोगों को मास्क पहनने के लिए कहा गया है

एजेंसी/मलप्पुरम

केरल में एक बार फिर से निपाह वायरस ने दस्तक दी है। मलप्पुरम जिले के 14 वर्षीय एक लड़के में संक्रमण मिलने की पुष्टि हुई है। निपाह संक्रमण का मामला सामने आने के बाद केरल सरकार ने अलर्ट जारी किया है। साथ ही लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि पुणे एनआईवी ने लड़के में संक्रमण मिलने की पुष्टि की है। नाबालिग का निजी अस्पताल में इलाज जारी है। वह वेंटिलेटर पर है। जल्द ही उसे कोझिकोड के सरकारी मेडिकल कॉलेज में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। साथ ही कान्टेक्ट ट्रेसिंग शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही उच्च जोखिम वाले संपर्क को आइसोलेट कर दिया गया है। उनके नमूनों को परीक्षण के लिए भेजा गया है। मंत्री ने कहा कि एहतियाती कदम उठाए गए हैं। निपाह संक्रमण को लेकर प्रोटोकॉल लागू कर दिया गया है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक और मलप्पुरम और कोझिकोड के जिला कलेक्टरों के साथ बैठक कर सख्त कदम उठाने के लिए कहा है। इसके अलावा अस्पतालों के स्टाफ और लोगों को मास्क पहनने के लिए कहा है।



सितंबर में मिला था वायरस

दक्षिणी राज्य केरल में सितंबर 2023 में निपाह वायरस के मामले सामने आए थे। इसमें दो लोगों की मौत हो गई थी। केरल का कोझिकोड जिला संक्रमण के सबसे ज्यादा चपेट में था। केरल में संक्रमण के खतरे को देखते हुए आसपास के राज्यों को भी सतर्क किया गया था। इसके बाद अक्तूबर में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने उत्तरी कोझिकोड जिले के मारुथोंकारा से एकत्र किए गए चमगादड़ों के नमूनों में निपाह वायरस एंटीबॉडी की मौजूदगी की पुष्टि की थी।

फेफड़ों और मस्तिष्क पर अटैक

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, निपाह के जोखिमों को लेकर सभी लोगों को सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है। इसके लक्षणों पर गंभीरता से ध्यान दें। संक्रमितों को शुरूआत में फ्लू जैसे लक्षण होते हैं। निपाह वायरस मुख्य रूप से फेफड़ों और मस्तिष्क पर अटैक करता है। इसके लक्षणों में खांसी और गले में खराश से लेकर तेजी से सांस लेने, बुखार-मतली और उल्टी जैसी गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं हो सकती हैं।

जापान में फिर से बढ़ने लगा है कोरोना का खतरा, चेतावनी जारी

नई दिल्ली। जापान में एक बार फिर से कोरोना का खतरा बढ़ने लगा है. कोरोना के नए वेरिएंट केपी.3 के केस एक बार फिर जापान में बढ़ने लगे हैं, जापान में कोरोना के बढ़ते मामलों ने फिर से लोगों को डराकर रख दिया है। रोजाना बड़ी संख्या में कोरोना के मामले सामने आ रहे हैं जिससे अब अस्पतालों में बेडों की कमी होने लगी है। इस मंजर को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से चेतावनी जारी कर दी गई है। माना जा रहा है कोरोना का ये नया वेरियंट देश में कोविड-19 संक्रमण की 11वीं लहर को हवा दे रहा है। संक्रामक रोग एसोसिएशन के चीफ काजुहिरो टेटेडा के मुताबिक देश में केपी.3 वैरिएंट तेजी से फैल रहा है और इसके मामले अभी और भी बढ़ेंगे। इसके अलावा उन्होंने बताया उन लोगों को भी कोरोना हो सकता है जो कि वैक्सीन लगवा चुके हैं या फिर जिन्हें एक बार संक्रमण पहले भी हो चुका है। इसके आगे उन्होंने बताया कि वायरस हर बार वेरियंट का रूप लेकर और अधिक खतरनाक और प्रतिरोधी बन जाते हैं। जिसमें वैक्सीनेशन के बाद मिलने वाली इम्यूनिटी जल्दी खो जाती है। केपी 3 वैरिएंट के लक्षण हैं तेज बुखार, गंध और स्वाद का नुकसान, गले में खराश, सिरदर्द और थकान शामिल हैं. राहत की बात ये है कि इस वेरिएंट के ज्यादातर मामले गंभीर स्थिति में नहीं हैं। जापान का ओकिनावा प्रान्त वायरस के नए स्ट्रेन से सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। यहां रोजाना 30 संक्रमण के मामले सामने आ रहे हैं।

कुंडा से विधायक राजा भैया की पत्नी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

कुंडा। कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भाइया की पत्नी भानवी सिंह पर शुक्रवार रात हजरतगंज थाने में धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। एफआईआर द प्रॉपर्टीज कंपनी के पूर्व निदेशक की तहरीर पर हुआ है। कंपनी के पूर्व निदेशक आशुतोष सिंह का कहना है कि जब ये कंपनी बनी थी तब से वह शेयर होल्डर हैं। उनके फर्जी हस्ताक्षर करने के साथ अन्य तमाम तरह का फजीर्वाड़ा व षड्यंत्र कर उनको कपनी के निदेशक पद से हटाया। आरोप है कि ये पूरा फजीर्वाड़ा भानवी सिंह ने किया। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर भानवी सिंह पर नामजद व अन्य अज्ञात पर धोखाधड़ी, साजिश रचने, फजीर्वाड़ा करने व धमकी देने के धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। केस की विवेचना कर साक्ष्य जुटाए जाएंगे। जो साक्ष्य होंगे उस आधार पर कार्रवाई होगी। आशुतोष के मुताबिक उन्होंने मामले की शिकायत कानपुर के रजिस्ट्रार ऑफिस में भी की है।

एफआईआर के मुताबिक भानवी सिंह ने पहले आशुतोष से निदेशक पद से इस्तीफा मांगा। आशुतोष ने जब इस्तीफा देने से इनकार कर दिया तो उनको धमकी देकर दबाव डाला गया। आरोप है कि बाद में उनके फर्जी दस्खतकर इस्तीफा तैयार किया गया। जिसके आधार पर उनको कंपनी से बाहर निकाला गया।

बिहार में बढ़ते आपराधिक घटनाओं के खिलाफ इंडिया गठबंधन ने राज्य में निकाला प्रतिरोध मार्च

केटी न्यूज/पटना

बिहार में बिगड़ते लॉ एंड आर्डर को लेकर इंडिया गठबंधन ने पटना सहित पूरे बिहार में प्रतिरोध मार्च निकाला। यह मार्च पटना के इनकम टैक्स चौराहा से डाक बंगला चौराहे तक निकला। इस मार्च में राजद, कांग्रेस, वीआईपी सहित लेफ्ट के नेताओं ने प्रदर्शन किया। वहीं, इस मार्च को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि बिहार में लॉ एंड आर्डर की स्थिति बदतर हो गई है। बिहार में अपराधियों का खौफ है। इस मार्च के माध्यम से सरकार को जगाना है।

बता दें कि शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में विधि व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा



निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री को गृह विभाग के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने गृह विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों के संबंध में तथा पुलिस महानिदेशक आर०एस० भट्टी ने अपराध नियंत्रण को लेकर किए जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि विधि व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की कोताही न बरतें। गश्ती में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें, रात्रि गश्ती और तेज करें। रात्रि एवं पैदल गश्ती को और प्रभावी बनाने के लिये वरीय पदाधिकारी क्षेत्र में जाकर रात्रि में स्वयं औचक निरीक्षण करें। कानून व्यवस्था को बनाये रखने में सभी पूरी तन्मयता से काम करें।

झारखंड में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनने जा रही है: अमित शाह

रांची। केंद्रीय गृहमंत्री और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष अमित शाह शनिवार को रांची पहुंचे। रांची के प्रभात तारा मैदान में 26 हजार कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आज बताकर जा रहा हूं कि झारखंड में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनने जा रही है। अमित शाह ने आगे कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने भाजपा का समर्थन किया। 60 साल के बाद तीसरी बार कोई प्रधानमंत्री चुना गया है। झारखंड की जनता ने 2014 और 2019 के बाद 2024 में भी मोदी के नेतृत्व को स्वीकार किया है। इस चुनाव में हम 9 सीटें जीते हैं। यह बताता है कि आने वाले दिनों में झारखंड में सरकार किसकी बनने वाली है।

पद्मश्री और प्रसिद्ध जैविक किसान कमला पुजारी का निधन

नई दिल्ली। पद्मश्री और प्रसिद्ध जैविक किसान कमला पुजारी शनिवार को निधन हो गया। किडनी की बीमारी से जूझ रहीं 74 वर्षीय कमला पुजारी ने कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज में अंतिम सांस ली। उनके निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक व्यक्त किया है।

केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के काफिले की तीन गाड़ियां आपस में टकराईं, बची जान

केटी न्यूज/नई दिल्ली

पीलीभीत से सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद के काफिले की तीन गाड़ियां आपस में टकरा गईं। हादसा शनिवार को उस वक्त हुआ, जब केंद्रीय राज्यमंत्री का काफिला मझोला जा रहा था। इसी दौरान एस्कॉर्ट ने गड्ढा आने पर अचानक ब्रेक लगाया, जिससे पीछे चल रही तीन गाड़ियां टकरा गईं। गनीमत रही कि किसी को चोट नहीं लगी। केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद शनिवार को संसदीय क्षेत्र पहुंचे। शहर में प्रेसवार्ता के बाद वह मझोला इलाके में बाढ़ पीड़ितों से मिलने के लिए जा रहे थे। बिरहनी जाने वाले मार्ग पर जितिन प्रसाद के काफिले में चल रही एस्कॉर्ट ने गड्ढा आने की वजह से अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे पीछे चल रहीं तीन गाड़ियां आपस में टकरा गईं। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। गनीमत रही कि हादसे में किसी को चोट नहीं लगी है, लेकिन तीनों गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे के बाद केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद दूसरी गाड़ी में सवार होकर रवाना हुए।

भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम पाकिस्तानी नागरिक समेत तीन विदेश गिरफ्तार

केटी न्यूज/पटना

एसएसबी के जवानों ने भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। भारत-नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी ने एक पाकिस्तानी नागरिक के साथ दो नेपाली नागरिकों को अवैध रूप से भारत की सीमा में घुसते गिरफ्तार किया है। तीनों चार पहिया वाहन पर सवार होकर बॉर्डर पर पहुंचे थे और भारतीय सीमा में प्रवेश करने की फिराक में थे, तभी एसएसबी के जवानों ने उन्हें धर दबोचा। एसएसबी के जवानों ने सिलीगुड़ी से सटे खोरीबाड़ी ब्लॉक में भारत-नेपाल सीमा पानी की टंकी की तलाशी के दौरान तीनों को गिरफ्तार किया। नियमित जांच के दौरान सुरक्षा बलों ने जब उनसे दस्तावेज मांगे तो दो लोगों ने नेपाली दस्तावेज दिखाए जबकि एक के पास पाकिस्तान का पासपोर्ट था। संदेह होने के बाद एसएसबी ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पाक नागरिक की पहचान पाकिस्तान खोबार पख्तूनबा जिले के रहने वाले सैफुल्ला मो. इकबाल के रूप में हुई है जबकि दूसरा नेपाल के भोजपुर काशी के रहने वाले मन बहादुर थापा और उदयपुर के रहने वाले मेघ बहादुर मंगर के रूप में हुई है। जांच के दौरान एसएसबी को जानकारी मिली थी कि गिरफ्तार पाकिस्तानी नागरिक दुबई में एक सिक्योरिटी एजेंसी के लिए काम करता है। तीनों विदेशी नागरिकों के पास वैध दस्तावेज नहीं थे। जिसके बाद एसएसबी ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया।



सीएम योगी की मंशा के अनुरूप औद्योगिक क्षेत्रों में 1.80 लाख पेड़ लगाने का रखा है लक्ष्य

औद्योगिक विकास के साथ ही औद्योगिक वन भी स्थापित कर रहा यूपीसीडा

केटी न्यूज/लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप शनिवार को प्रदेश भर में सभी विभागों ने 'पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ' अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने भी अपने औद्योगिक क्षेत्रों में पौधरोपण कर अपनी भूमिका का निर्वहन किया। यूपीसीडा अपनी नवीनतम पहल के माध्यम से औद्योगिक विकास के साथ-साथ पर्यावरणीय स्थिरता के लिए औद्योगिक वन की भी स्थापना कर रहा है। यूपीसीडा ने अपने औद्योगिक क्षेत्रों में 1,80,000 पेड़ लगाने का महत्वाकांक्षी



लक्ष्य निर्धारित किया है। उल्लेखनीय है कि यूपीसीडा ने 42,000 एकड़ से अधिक में औद्योगिक क्षेत्रों, टाउनशिप्स और औद्योगिक पार्कों को सफलतापूर्वक विकसित किया है, जिसमें 26,000 से अधिक इकाइयां हैं जो लाखों लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान कर रही हैं।

औद्योगिक वन के लिए मियावाकी तकनीक का किया जा रहा उपयोग

यूपीसीडा औद्योगिक वन स्थापित करने के लिए मियावाकी तकनीक का उपयोग कर रहा है, जो एक जापानी वनरोपण विधि है, जिसे इसकी दक्षता और तेजी से परिणामों के लिए जाना जाता है। इस तकनीक से मियावाकी के जंगल 10 गुना तेजी से बढ़ते हैं और 30 गुना अधिक सघन होते हैं जो पारंपरिक तरीकों की तुलना में 100 गुना अधिक जैव विविधता रखते हैं और 3 वर्ग मीटर जितनी छोटी साइट पर भी बनाए जा सकते हैं। औद्योगिक क्षेत्रों में कई इकाइयां पहले ही मियावाकी तकनीक का उपयोग कर चुकी हैं, जैसे बरेली में बीएल एग्रो इकाई और सूरजपुर में एशियन पेंट्स और केंट आरओ सिस्टम्स। इसी तरह, गाजियाबाद के कविनगर औद्योगिक क्षेत्र में एक हरित पार्क का सक्रिय रूप से रखरखाव किया जा रहा है और मियावाकी तकनीक का उपयोग करके गाजियाबाद में स्वदेशी पॉलीटेक औद्योगिक पार्क में एक विशेष हरित पार्क स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है।

यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि हम सभी औद्योगिक क्षेत्रों में सतत विकास के साथ पर्यावरण को प्रदूषणमुक्त बनाए रखें। हम वृक्षारोपण के लिए छोटी से छोटी बंजर भूमि का भी उपयोग कर रहे हैं। हमारी आगामी योजना के माध्यम से नए औद्योगिक मॉडलों के लिए प्रवेश द्वार पर हरे-भरे भूदृश्य भी शामिल होंगे, जिससे धूल को कम किया जा सकेगा।

बोले जदयू के मंत्री... लालू राज में सीएम आवास से मांगी जाती थी फिरौती

- मुकेश साहनी के पिता के हत्यारों को त्वरीत कार्रवाई करते हुए किया गया गिरफ्तार
- अब की सरकार में अपराधियों पर अतिशीघ्र कार्रवाई की जाती है। उन्हें संरक्षण नहीं दिया जाता

केटी न्यूज /जमुई

जमुई में शनिवार को समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में जिला बीस सूत्रीय की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सूबे के मद्य निषेध एवं निबंधन विभाग मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री रत्नेश सदा ने विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, डीआरडीए, जन शिकायत, नगर विकास, पीएचईडी समेत अन्य प्रमुख विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के बाद प्रभारी मंत्री रत्नेश सदा ने कहा कि इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता जो आज सड़कों पर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। वह पहले अपने गिरेबान पर झांक कर देख लें। उसके बाद दूसरों पर आरोप लगाएं। उन लोगों के राज में उनके घर और मुख्यमंत्री आवास से फिरौती की मांग की जाती थी। उन्होंने कहा कि जिसका घर शीशे का होता है वह दूसरे के घर पर पत्थर नहीं मारता। वहीं, उन्होंने



वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के पिता की हत्या पर कहा कि जीतन सहनी की हत्या में संलिप्त लोगों पर पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि आज जो लोग धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके राज में उनके घर और मुख्यमंत्री आवास से फिरौती की मांग की जाती थी। लेकिन अब की सरकार में तो कार्रवाई की जा रही है। वहीं, जीतन सहनी के घर से बरामद हुई शराब को लेकर उन्होंने कहा कि वहां पहले पार्टी करके शराब पी होगी, जिसके बाद उनकी हत्या हुई होगी। इधर, जिले की समस्याओं के सवालों पर उन्होंने कहा कि सभी विभागों से योजनाओं की जानकारी ली गई है। अब डीएम के माध्यम से राज्य सरकार को प्रस्ताव भेज कर उसे अमली जामा पहनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण कार्य विभाग, पंचायती राज विभाग, राजस्व विभाग समेत अन्य सभी विभागों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। ताकि विकास धरातल पर साकार हो सके। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा अपर किउल जलाशय परियोजना से होने वाली सिंचाई के बाधित होने की जानकारी मिली है। हमने पदाधिकारियों से कहा है कि शीघ्र ही तकनीकी समस्या को दूर कर पटवन की व्यवस्था की जाए। उन्होंने हनुमान घाट पर बने पुल तथा एप्रोच रोड के जर्जर होने की जानकारी से अनजान होने की बात करते हुए कहा कि आप लोगों के माध्यम से जानकारी मिली है, अब संज्ञान लेंगे। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही करने वाले अधिकारियों व कर्मियों को बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए वह तैयार रहे। इस मौके पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री सुमित कुमार सिंह समेत झाझा विधायक दामोदर रावत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बूढ़ी गंडक नदी में डूबने से इंटर के दो छात्रों की मौत

केटी न्यूज/समस्तीपुर



समस्तीपुर में शनिवार को बूढ़ी गंडक नदी में स्नान करने के दौरान दो दोस्त डूब गए। घटना की सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारी मौके पर पहुंचकर बचाव राहत कार्य में जुट गए। एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई है। घटना पूसा थाना क्षेत्र के बिरौली घाट की है। स्थानीय लोगों की मदद से एक युवक का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि दूसरे के शव की तलाश जारी है। उधर घटना की सूचना के बाद पारिवारिक सदस्यों के बीच कोहराम मचा हुआ है। मृतकों की पहचान पूसा थाना क्षेत्र के हरपुर भुसकौल गांव निवासी शंभू भगत के पुत्र अमर कुमार (18) और शिवनाथ राय के पुत्र पिंकू कुमार (19) के रूप में की गई है। दोनों एक साथ इंटर में पढ़ते थे।

दरभंगा जिला स्कूल के शिक्षकों पर अपनी ड्यूटी के दौरान चिन्हित छात्राओं को मदद पहुंचाने का प्रयास

शिक्षिका पर नकल करवाने का आरोप

परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों का हंगामा

- आरोपी छात्रा अपनी जान बचाने के लिए भागकर गई प्रिंसिपल के चेंबर में
- आरोपी छात्रा ने परीक्षा केंद्र के बाथरूम में फेंका चिट

केटी न्यूज/दरभंगा



दरभंगा में बीपीएससी शिक्षक भर्ती पात्रता परीक्षा टीआरई- 3 परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों ने जमकर हंगामा किया। मामला जिला स्कूल सेंटर का है। परीक्षार्थियों का आरोप है कि कुछ विशेष छात्रों को एक शिक्षक द्वारा चोरी कराया जा रहा था, जिसका विरोध करने में ड्यूटी कर रहे शिक्षक विरोध करने लगे। इस दौरान आरोपी छात्रा ने अपना चिट बाथरूम में फेंकने का प्रयास किया था। इस दौरान कुछ महिला परीक्षार्थी ने आरोपी छात्रा को पकड़ लिया। उसके बाद छात्रा ने अपने एडमिट कार्ड को फाड़ दिया। महिला छात्राओं के साथ हाथापाई भी हुई। आरोपी छात्रा अपनी जान बचाने के लिए प्रिंसिपल चेंबर में घुस गई।

छात्रों ने आरोपी छात्रा को जमकर पीटा : घटना के संबंध में पुलिस का कहना है कि छात्रा के साथ अन्य परीक्षार्थियों ने जमकर मारपीट और धक्कामुक्की की। उक्त छात्रा किसी तरह अपनी जान बचाकर भागी और प्रिंसीपल चेम्बर में खुद को बंद कर लिया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। कुछ ही देर में वहां एसडीपीओ अमित कुमार के साथ-साथ एसडीएम विकास कुमार भी वहां पहुंचे। पुलिस ने हंगामा करने वाले छात्रों को वहां से तत्काल हटाया। फिलहाल पुलिस उस छात्रा से पूछताछ कर रही है।

मजिस्ट्रेट करेंगे मामले की जांच

घटना के संबंध में दरभंगा के सदर एसडीओ विकास कुमार ने बताया कि कुछ छात्रों द्वारा आरोप लगाया है कि जिला स्कूल परीक्षा केंद्र पर शिक्षकों द्वारा कुछ छात्रों को चोरी कराया जा रहा था। इसकी जांच के लिये एक मजिस्ट्रेट बहाल कर दिया गया है। वह सीसीटीवी फुटेज सहित सभी बिंदुओं पर जांच करके रिपोर्ट सौंपेंगे। इसके बाद जो भी तथ्य सामने आएगा, उस हिसाब से कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बायोमेट्रिक से शिक्षक भर्ती परीक्षा केंद्र से फिर पकड़ा गया फर्जी अभ्यर्थी

केटी न्यूज/मुजफ्फरपुर



मुजफ्फरपुर में चल रही बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र से एक फर्जी अभ्यर्थी पकड़ा गया है। बताया जा रहा है कि उक्त युवक दूसरे की जगह पर परीक्षा देने के लिए आया था। लेकिन बायोमेट्रिक जांच के दौरान पकड़ लिया गया है। पूरा मामला शहर के मिठनपुरा थाना क्षेत्र का नीतिश्वर सिंह कॉलेज का है। जहां बीते दिन भी एक फर्जी अभ्यर्थी पकड़ा गया था। पकड़े गए मुन्ना भाई की पहचान रोहतास जिला के राजेपुर निवासी राजीव कुमार के रूप में की गई है। इस मामले की जानकारी कॉलेज के प्राचार्य ने दी है। जानकारी के मुताबिक, बीपीएसई की चल रही शिक्षक भर्ती परीक्षा टीआरई-3 के दौरान एक और फर्जी अभ्यर्थी को पकड़ा गया है। उसे बायोमेट्रिक जांच के दौरान संदेह होने पर पकड़ा गया है। वह दूसरे अभ्यर्थी की जगह पर परीक्षा देने के लिए आया हुआ था। पकड़े गए आरोपी की पहचान रोहतास जिले के राजीव कुमार के रूप में की गई है। मामले में मिठनपुरा थाना पुलिस को जानकारी दी गई है। पुलिस मामला दर्ज करके आगे की कार्रवाई कर रही है।

संदिग्ध स्थिति में फंदे से लटका मिला महिला का शव, हत्या का लगा आरोप

केटी न्यूज/गोपालगंज

बेगूसराय में एक महिला की संदिग्ध मौत के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। वह इस घटना के बाद मृतक के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर पीट-पीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना फुलवरिया थाना क्षेत्र के शोकहारा-2 पंचायत की है। मृतक महिला की पहचान शोकहारा निवासी निहाल कुमार की पत्नी सोनम कुमारी के रूप में की गई है। मृतका के मायके वालों का आरोप है कि ससुराल वालों ने जहां महिला को पहले पीट-पीट कर हत्या कर दी। फिर बाद में उसे फांसी के फंदे से लटका दिया। उनका कहना है कि ससुराल वालों द्वारा मामले को आत्महत्या करने का रूप दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि ससुराल वाले दहेज की मांग किया करते थे। दहेज न देने के कारण हत्या कर दी। जानकारी के मुताबिक, बीती रात सोनम कुमारी अपने घर में सोने के लिए गई। सुबह लोगों ने जब दरवाजे को बंद देखा तो उसे किसी तरह खोला गया। इस दौरान फंदे से लटका हुआ महिला का शव मिला। उसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है एफएसएल की टीम को जांच के लिए बुलाया गया है।

उचित मूल्य 9800197310 उत्तम व्यवहार
गीता प्रेस
पुस्तक की दुकान
सभी प्रकार की धार्मिक पुस्तकों के एकमात्र विक्रेता
सहयोगी प्रतिष्ठान
डॉ. रामप्रवेश राय (मुन्ना राय)
: 6299941536
लक्ष्मी पैलेस मेन रोड, बक्सर (नहर के पास)

कंबोडिया में भारत के 10 से ज्यादा लोग बनाए गए बंधक, पीएम मोदी से लगायी बचाने की गुहार

- युवक कंबोडिया में कॉल सेंटर व डाटा एंट्री के ऑपरेटर के पद पर गये थे नौकरी करने
- युवकों को खाने के लिए मिल रहा है सिर्फ ब्रेड

केटी न्यूज/गोपालगंज




गोपालगंज जिले के थावे निवासी युवक भोला चौहान सहित दस से ज्यादा युवकों को कंबोडिया में एक कंपनी ने बंधक बना लिया है। बताया जा रहा है कि भोला चौहान के अलावा यूपी, बिहार के करीब 10 से 12 युवक वहां पर बंधक बने हुए हैं। एजेंट ने इन युवकों को कंबोडिया में कॉल सेंटर में काम करने और डाटा एंट्री के ऑपरेटर के पद पर नौकरी दिलाने का बहाना बनाकर भेजा था। बंधक बने इन युवकों ने अपना वीडियो मैसेज भेज कर पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से वतन वापसी की गुहार लगाई है। गोपालगंज जिले के थावे प्रखंड के चनावे के रहने वाले भोला चौहान के रिश्तेदार झूलन प्रसाद ने बताया कि डेढ़ महीने पहले उनके रिश्तेदार भोला चौहान को कंबोडिया भेजा गया था। उन्होंने बताया कि सीवान के तरवारा के रहने वाले एजेंट रोहित चौहान ने उनके रिश्तेदार को लाखों रुपये लेकर डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद और कॉल सेंटर में काम करने के बहाने कंबोडिया भेजा था। लेकिन वहां पर कंपनी ने उन्हें बंधक बना लिया। भोला चौहान के अलावा बिहार यूपी के दस से ज्यादा युवकों को यहां बंधक बनाया गया है। इन युवकों को एक कमरे में बंद कर दिया गया है। पीड़ित युवकों ने वीडियो मैसेज भेजकर वतन वापसी की गुहार लगाई है। वीडियो मैसेस में पीड़ित युवकों ने बताया कि उन्हें कंबोडिया में डाटा एंट्री ऑपरेटर और कॉल सेंटर में काम करने के लिए बुलाया गया था। एक डेढ़ महीने के लिए उनको ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग के बाद जब उन्होंने काम करने का दबाव बनाया तो कंपनी ने सभी युवकों को एक छोटे से कमरे में बंद कर दिया। इन युवकों को खाने के नाम पर सिर्फ ब्रेड के दो टुकड़े दिए जाते हैं।

कैमूर में फंदे से लटकी आर्मी जवान की पत्नी, बच्चों ने उतरवाया शव

कैमूर। कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के वार्ड-13 में फांसी के फंदे से लटका एक विवाहिता का शव मिला। इससे आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान कैमूर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र निवासी मधु कुमारी (30) के रूप में की गई है। मृतका के पति अजय कुमार यादव आर्मी में नौकरी करते हैं। मधु कुमारी मोहनिया में अपने बच्चों के साथ एक किराए के मकान में रह रही थी। इधर, मौके पर पहुंचे मोहनिया डीएसपी दिलीप कुमार ने बताया कि आसपास के लोगों द्वारा सूचना दी गई थी। पुलिस टीम ने देखा कि मधु कुमारी पति अजय कुमार यादव का शव मकान में पंखे से लटक रहा था। पुलिस ने बताया कि विवाहिता के साथ आज सुबह तक उसके पति, भाई और पिता मौजूद थे। लेकिन शव को बच्चों द्वारा स्कूल से घर आने के बाद देखा गया। मामले की जांच चल रही है।

S2 Mall
SCPL
RERA REG NO. - BRERAP00017-4/200/R-111/2018



SHANTI CREATION PVT. LTD.
For Booking Contact : 9431019808, 9693777038
Reg H.O. : G-1, Vidya Vatika Apartment, East Boring Canal Road, Gorakh Nath Lane, Patna - 800001
E-Mail : shanticreationpvtltd@gmail.com | Web : www.scplpatna.in

प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

बोले केंद्रीय मंत्री मांझी... अच्छी शिक्षा सफल जीवन जीने में बनाती है सक्षम, छात्र जीवन में देखें ऊंचे सपने

- माउंट कार्मल हाई स्कूल की प्राचार्या सिस्टर मृदुला ए.सी को मिला सर्वश्रेष्ठ प्रचार्या के पुरुस्कार

केटी न्यूज/पटना



केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और सीनियर आईपीएस विकास वैभव ने प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के 10वीं और 12वीं के चार हजार मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। वहीं पटना के माउंट कार्मल हाई स्कूल की प्राचार्या सिस्टर मृदुला ए.सी को सर्वश्रेष्ठ प्रचार्या के पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। छात्रों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि छात्रों को उच्च सपने देखने चाहिए लेकिन इस तरह के महान सपनों के अनुरूप भक्ति होनी चाहिए। उन्होंने कहा के प्राइवेट विद्यालयों में छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा दी जाती है जिससे निसंदेह बच्चो का कल्याण निश्चित है अच्छी शिक्षा हमें एक सफल जीवन जीने में सक्षम बनाती है, हमारी बुद्धि, कौशल, ज्ञान को बढ़ाती है और हमारे जीवन में सकारात्मक बदलाव लाती है और उन्होंने एसोसिएशन की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद को निजी विद्यालयों के माध्यम से भारत के भविष्य को देश के मानचित्र पर अंकित करने का काम करने हेतु बधाई दी। दरअसल, शनिवार को प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में 12वे प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन बीर चंद पटेल पथ स्थित रविंद्र भवन के ऐतिहासिक सभागार में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में भारत सरकार के केंद्र मंत्री जीतन राम मांझी, बिहार के चर्चित आई पी एस ऑफिसर विकास वैभव, सेंट माइकल हाई स्कूल के प्राचार्य फादर क्रिस्टू, माउंट कार्मल हाई स्कूल की प्रचार्या सिस्टर मृदुला ए.सी, एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शमायल अहमद, किंग्सटन एजुकेशनल इंस्टीट्यूट की सचिव उमा भट्टाचार्जी एवम फादर पीटर शामिल हुए। एसोसिएशन ने अब एक लाख छात्रों को सम्मानित किया है। माउंट कार्मल हाई स्कूल पटना की 10वी कक्षा की छात्रा हिमांशी सिंह एवम सेंट माइकल हाई स्कूल की 12वी कक्षा की छात्रा जरीन जाफरी को एसोसिएशन की ओर से माननीय मंत्री ने ग्यारह ग्यारह हजार रूपए की राशि, सर्टिफिकेट, मेडल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

सावन शुरू होने से पहले चिन्हित स्थलों पर लगाएं सीसीटीवी व साइनेज बोर्ड: डीएम

♦ डीएम ने किया ब्रह्मपुर नगर निकाय का निरीक्षण, ईओ को पार्क, मनोरंजन केन्द्र व सार्वजनिक स्थलों पर सेल्फी प्वाइंट बनवाने का दिया निर्देश

केटी न्यूज/ब्रह्मपुर



जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने शनिवार को नगर पंचायत ब्रह्मपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने पाया कि नगर निकाय क्षेत्र में तालाब व शौचालयों का अभी तक बंदोबस्त नहीं किया गया है। श्रावणी मेला को देखते हुए शौचालय इत्यादि का निःशुल्क व्यवस्था करना एवं श्रावणी मेला के बाद तालाबों का बंदोबस्त करने का निर्देश डीएम ने ईओ को दिया। निरीक्षण के दौरान ईओ से पूछने पर पता चला कि नगर पंचायत ब्रह्मपुर में कहीं भी पार्क एवं मनोरंजन केन्द्र विकसित करने के लिए स्थल चिन्हित नहीं किया गया है। इस संबंध में अंचलाधिकारी ब्रह्मपुर, कार्यपालक पदाधिकारी नगर निकाय ब्रह्मपुर को नगर निकाय क्षेत्र में स्थल चिन्हित कर पार्क व मनोरंजन केन्द्र विकसित करने का निर्देश दिया गया एवं सार्वजनिक स्थल पर सेल्फी प्वाइंट बनाये जाने का भी सुझाव दिया गया।

निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि अभी तक नगर पंचायत ब्रह्मपुर के कार्यालय के लिये भूमि उपलब्ध नहीं है। अंचलाधिकारी ब्रह्मपुर द्वारा बताया गया कि प्रखंड परिसर के पास ही जिला परिषद की खाली भूमि उपलब्ध है। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत ब्रह्मपुर एवं अंचलाधिकारी ब्रह्मपुर को निर्देश दिया गया कि जिला परिषद से समन्वय स्थापित कर भूमि उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

डीएम ने पाया कि कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत ब्रह्मपुर के द्वारा कोई भी ठोस कार्य नहीं किया जा रहा है। ईओ को निर्देश दिया गया कि नगर पंचायत द्वारा उपरोक्त निर्देश के आलोक में प्रगति लाने के लिए कार्य योजना तैयार कर सक्षम प्राधिकार से अनुमोदन कराकर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत द्वारा बताया गया कि कूड़ा डंपिंग पॉइंट का चयन कर लिया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कूड़ा को चिन्हित स्थल पर ही डंप करेंगे एवं नगर निकाय क्षेत्र अंतर्गत सभी कूड़ा पॉइंट को शून्य करना सुनिश्चित करेंगे।

नगर निकाय क्षेत्र अंतर्गत सफाई कर्मियों के उपलब्धता के संबंध में पूछने पर ईओ ने बताया कि आउटसोंसिंग एजेंसी के माध्यम से सफाई कर्मियों की सेवा नहीं ली जा रही है। वर्तमान में कार्यालय स्तर से ही सफाई कर्मियों को रखा गया है। निर्देशित किया गया कि सफाई कर्मियों को नियमित रूप से मानदेय भुगतान एवं ईपीएफ की कटौती भी कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावे ईओ को सुव्यवस्थित तरीके से हाट बाजार विकसित कराने के लिए स्थल चिन्हित कर हाट निर्माण की दिशा में कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

.श्रावणी मेला को मद्देनजर नगर निकाय क्षेत्र में विशेष कर मंदिर परिसर के आस-पास क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरा लगवाने, शौचालय, प्रवेश व निकास द्वार के अलावे प्रमुख स्थानों पर साइनेज बोर्ड लगाने का निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी नगर निकाय ब्रह्मपुर को दिया गया। वहीं, प्राथमिकता के आधार पर अतिक्रमण हटाने, जगह-जगह पर डस्टबीन रखवाने एवं वार्डवार साईनेज भी लगाने का निर्देश दिया। साथ ही निर्देशित किया गया कि बक्सर नगर परिषद या डुमरांव नगर परिषद कार्यालय से समन्वय स्थापित कर चलंत शौचालय की व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे।

एक नजर

काली मंदिर रोड बनना हुआ शुरू, लोगों में खुशी



डुमरांव। नगर देवी मां काली की वार्षिक पूजा से पहले रोड बनकर तैयार हो जाएगा। शनिवार को नप चेयरमैन सुनीता गुप्ता ने रोड बनाने के कार्य का शुभारंभ करवा। उन्होंने कहा कि शहर में जर्जर सड़कों का कायाकल्प किया जा रहा है। कुछ कार्य विभागीय कराए जा रहे हैं, तो कुछ टेंडर के माध्यम से। इस वर्ष मां के दर्शन करने वालों और मेला घुमने वालों को आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। विदित हो कि नगर देवी मां काली मंदिर तक जाने के लिए श्रद्धालुओं को गड्ढानुमा सड़क से होकर गुजरना पड़ता था। बच्चों और महिलाओं को मंदिर आने-जाने में भारी परेशानियों से गुजरना पड़ता था। जर्जर और गढ्ढानुमा सड़क पर पैदल चलना मुश्किल होता था। इतना ही नहीं बारिश हो जाने के बाद गड्ढों में पानी जमा हो जाने से गहराई का पता ही नहीं चलता था। अब सड़क बनना शुरू होने से लोगों मे आश बनी है कि इस साल मां का दर्शन करने और मेले का लूफ्त उठाने के लिए आने वाले लोगों को आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। बता दें की मां काली की वार्षिक पूजा 11 अगस्त को होगी। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। मां का दर्शन करने और मेला घुमने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। पीसीसी रोड का निर्माण पूर्व वार्ड पार्षद परशुराम तंतवा के घर से कांव नदी के पुल तक रोड का निर्माण होगा।

नहीं हुआ अल्ट्रासाउंड, निराश लौटे मरीज




डुमरांव। अनुमंडलीय अस्पताल में डीएम के आदेश की भी उड़ रही धज्जियां। वर्तमान समय में अल्ट्रासाउंड प्रतिदिन करने के लिए डीएम ने आदेश जारी किया था। इस आदेश का मतलब यह था कि अल्ट्रासाउंड प्रतिदिन शुरू होने से जिले और अनुमंडल के लोगों को कोई परेशानी नहीं होगी, लेकिन डाक्टरों की मनमानी के चलते आदेशों पर काम नहीं होता है। शनिवार को सुबह से लेकर दोपहर दो बजे तक ओपीडी सेवा में अल्ट्रासाउंड कक्ष का ताला नहीं खुला था। लोग कक्ष खुलने का इंतजार कर रहे थे। जब डाक्टर नहीं आए तो फिर दो बाजे के बाद सभी लोग निराश होकर घर लौट गया। बता दें कि अस्पताल में महज दो दिन सोमवार और बुधवार को ही अल्ट्रासाउंड होता था। फिर विशेषज्ञ चिकित्सक कुमारी रश्मी की पोस्टिंग हो जाने से लोगों को काफी राहत मिलती थी। शनिवार को अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर मरीजों की लंबी लाइन लगी हुई थी। दो बजे के बाद बेचारे वापस लौट गए है। सभी यह कहते हुए लौट रही थी की जब छह दिन अल्ट्रासाउंड करने के लिए सूचना जारी किया गया है तो फिर क्यों नहीं चालू किया गया। हमलोग बड़ी खुशी और उम्मीद के साथ आए थे कि अब सप्ताह में छह दिन अल्ट्रासाउंड होने से लोगो को भटकना नहीं पड़ेगा, लेकिन यहा उल्टे ही हुआ।

12 वर्षीय किशोरी से किराना दुकानदार ने किया दुष्कर्म, पुलिस ने किया गिरफ्तार

ब्रह्मपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में एक 12 वर्षीय किशोरी के साथ पड़ोसी तथा किराना दुकान का संचालन करने वाले एक दुकानदार ने घिनौनी हरकत की है। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार शाम के वक्त किशोरी उसके दुकान के आसपास खेल रही थी। इसी दौरान मौका पा वह किशोरी का मुंह कपड़े से दबा उसे घर के अंदर ले गया तथा उसके साथ दुष्कर्म किया। वहां से रोती बिलखती घर आई किशोरी ने परिजनों को आपबीती सुनाई। परिजन उसे लेकर पुलिस के पास गए। घटना की जानकारी मिलते ही ब्रह्मपुर पुलिस ने आरोपित को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वही पीड़िता के साथ-साथ आरोपित का भी मेडिकल करवाया गया है। थाना अध्यक्ष सुरेश सिंह ने इसकी पुष्टि की है। ग्रामीण सूत्रों की माने तो घटना के बाद से गांव में तनाव बना हुआ है।

10 फीसद ही हो पाई धान की रोपाई, सूखे खेतों में उड़ने लगे धूल, किसानों की बढ़ी परेशानी



राजपुर। राजपुर समेत जिले के विभिन्न क्षेत्रों के किसानों को इन दिनों अनुकूल मौसम को लेकर चिंता छाई हुई है। उम्मीद थी कि इस बार समय से बारिश होने से फसल की पैदावार अच्छी होगी। मौसम की बेरुखी व नहरें बेपानी होने से से इस बार अब तक महज दस प्रतिशत ही धान की रोपनी हो पाई है। इधर, मौसम दगा देंगे व पानी की अनुपलब्धता के वजह से खेतों में धूल उड़ रहे है, जिससे किसानों की परेशानी बढ़ गयी है। बता दें कि पूर्व में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा सलाह दिया गया था कि इस बार मानसून समय पर आयेगा। फिर भी किसानों को जलवायु परिवर्तन के बारे में सोचने की जरूरत है। इसके लिए क्षेत्र के किसानों को जलवायु अनुकूल खेती करने के लिए प्रशिक्षण के लिए भेंजा गया था। और किसानों को इसके लिए प्रेरित किया गया बावजूद, किसान इसकी ओर नहीं मुड़ रहे हैं। किसानों का कहना है कि जलवायु अनुकूल खेती करने से धान की उत्पादन क्षमता कम होगी। ऐसे में खाद एवं बीज का कीमत निकालना भी मुश्किल हो जायेगा। जिसको नजर अंदाज करते हुए किसानों ने अपनी पारंपरिक तरीके से ही खेती करने के तरीकों के माध्यम से खेतों में विभिन्न प्रजाति के धान के बिचड़ा को डाल दिया हैं। अब समय रोपनी का हैं तो इस समय तेज पुरवा हवा ने सभी किसानों को परेशानी में डाल दिया हैं। उमस भरी गर्मी से जन जीवन भी पूरी तरह से बेहाल हो गया हैं। तेज धूप होने से तापमान में भी काफी बढ़ोतरी हैं। अभी भी दिन का तापमान 40 डिग्री तक पहुंच रहा हैं। ऐसे में धान के बिचड़े सिंचाई के बाद भी पीले पड़ रहे हैं। ऐसी स्थिति देख किसानों को वर्ष 2016-17 एवं 2018 -19 के भयंकर सुखे की याद आ रही हैं। प्रकृति ने वर्ष 2020 एवं 2021 में समय पूर्व मानसून आने से किसानों ने समय पर खेती किया था। पिछले वर्ष 2023 में भी सूखे जैसे हालात होने से किसान काफी चिंतित थे। इन बीते वर्षों में भी लौटते मानसून में काफी बारिस हो गई। जिसके वजह से अधिकतर खेतों में लगा धान का पौधा खराब हो गया। रबी फसल की बुआई नहीं हो पाया। पिछले छह वर्षो से किसान लगातार प्राकृतिक प्रकोप की मार झेल रहे हैं। इस बार मौसम की बेरूखी ने एक बार फिर किसानों को सोचने पर विवश कर दिया हैं। देवढिया के किसान दतारे चौबे, पशुपतिनाथ ओझा, सोनू कुमार, नंदलाल साह ने बताया कि खेतों की सिंचाई कर फसल बचाना काफी मुश्किल है।

खबरें फटाफट

नशे में हंगामा करते एक धराया

डुमरांव। डुमरांव पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा करते एक शराबी को धर दबोचा हैं। आरोपी की पहचान महरौरा गांव का रहने वाला रंजीत राय के रूप में हुई है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि एक युवक शराब के नशे में गाली-गलौज करते हुए हंगामा कर रहा हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर मेडिकल जांच कराया। जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के बाद उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

डुमरांव। कोरानसराय पुलिस ने शनिवार को थानाध्यक्ष संजय कुमार के नेतृत्व में डुमरांव-बिक्रमगंज मुख्य सड़क पर यातायात नियमों के पालन कराने को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस के इस अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। पुलिस को देख कई वाहन चालक रास्ते बदल भाग खड़े हुए। इस दौरान पुलिस ने कई वाहनों को जब्त कर उनसे जुमार्ना वसूला। थानाध्यक्ष ने बताया कि विधि-व्यवस्था व अपराध नियंत्रण की रोकथाम को लेकर यह अभियान अनवरत जारी रहेगा। पुलिस यातायात नियमो के तहत वाहनों का परिचालन करने की हिदायत दे रही है। चेकिंग के दौरान अपराधी, शराब तस्कर, फरार वारंटियों पर पुलिस की विशेष नजर है।

छेड़छाड़ व लूट पाट करने वाले असमाजिक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर, बोले डीएम...

सावन माह में शिवमंदिरों व कांवरियां मार्ग की पुख्ता रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

♦ श्रावणी मेला को लेकर डीएम एसपी ने लिया ब्रह्मपुर धाम का जायजा, विधि व्यवस्था व विभिन्न विभागीय पदाधिकारियों को दिया निर्देश

केटी न्यूज/बक्सर



श्रावणी मेला को लेकर ब्रह्मपुर स्थित बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी संख्या में आगमन को देखते हुए शनिवार को डीएम अंशुल अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार द्वारा साफ-सफाई व विधि-व्यवस्था हेतु जायजा लिया गया। साथ ही शांति एवं विधि व्यवस्था संधारण हेतु प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को संयुक्त रूप से ब्रीफिंग की गई। डीएम ने बताया कि सावन आस्था, उपासना व श्रद्धा का महीना है। इस महीने में शिवभक्तों द्वारा देवाधिदेव महादेव की विशेष पूजा की जाती है।

इस माह में प्रत्येक सोमवार को सोमवारी मेला विभिन्न शिव मंदिरों में आयोजित किया जाता है। सोमवार को अन्य दिनों के अपेक्षाकृत काफी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए एकत्रित होते है। इस क्रम में यदा-कदा असामाजिक तत्वों द्वारा कांवरियों के साथ लूट-पाट, छेड़-छाड़ एवं मारपीट आदि की घटना को अंजाम दिया जाता है। शरारती तत्वों के द्वारा महिलाओं के साथ छेड़खानी तथा छींटाकशी की जाती है। ऐसे शरारती तत्वों पर अंकुश लगाये जाने हेतु निगरानी तथा सतर्कता अपेक्षित है। डीएम एसपी ने संबंधित थानों के थानाध्यक्ष से सोमवारी व शिवरात्रि पर शिवमंदिरों के साथ ही कांवरियां मार्ग पर विशेष सतर्कता बरतने की अपील की।

रामरेखा घाट सहित कई घाटों पर रहेगी चौकसी : श्रावणी मेला के अवसर पर भिन्न-भिन्न स्थानों से गंगा स्नान व जलाभिषेक के लिए जल लेने आने वाले कांवरियों जिसमें पुरुष, महिला, लड़के एवं लड़कियों भी रहती है, के कारण कई स्थानों पर काफी भीड़ हो जाती है। बक्सर जिला में श्रद्धालु व कांवरिया रामरेखा घाट एवं श्रीनाथ बाबा मंदिर घाट से गंगा जल लेकर बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर (ब्रह्मपुर) एवं गुप्ता धाम (कैमूर जिला) को जलार्पण के लिए भारी संख्या में जाते है। साथ ही जिला स्थित अन्य मंदिरों जैसे श्रीनाथ बाबा मंदिर, गौरी शंकर मंदिर (सोहनी पट्टी), सोखा धाम (इटाढ़ी) एवं स्थानीय शिव मंदिर व शिवालयों में श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक किया जाता है। इन मंदिरों में प्रत्येक सोमवार को अन्य दिनों की अपेक्षा अत्यधिक भीड़ रहती है। सोमवार को जलार्पण करने के उद्देश्य से रामरेखा घाट पर रविवार से ही काफी संख्या में श्रद्धालुओं तथा कांवरियों के आने से अत्यधिक भीड़ हो जाती है, जिसके कारण इन घाटों पर विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता है। डीएम एसपी ने रविवार की शाम से ही गंगा घाटों पर चौकसी रखने का निर्देश दिया।

ब्रह्मपुर में भीड़ नियंत्रित करने के लिए बैरेकेटिंग व ड्राप गेट का होगा निर्माण : डीएम ने बताया कि प्रति वर्ष सावन माह में श्रद्धालुओं द्वारा जिलांतर्गत मंदिरों, शिवालयों में पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक किया जाता है। विशेषकर ब्रह्मपुर प्रखंड स्थित बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इस कारण विशेष तैयारी किए जाने की आवश्यकता है।

जिसको लेकर ब्रह्ममपुर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा गया कि मंदिर परिसर के अंदर अच्छी तरीके से साफ सफाई के लिए कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करेंगे। वही, बीडीओ व सीओ को मंदिर जाने वाले मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि रविवार की रात्रि से सोमवार तक वाहनों के परिचालन को प्रतिबंधित कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर ब्रह्मपुर में होने वाले भीड़ को नियंत्रित करने के लिए चिन्हित स्थलों पर बैरिकेडिंग एवं ड्रॉप गेट लगवाने तथा चिन्हित नियंत्रण कक्ष के संचालन हेतु सभी आवश्यक कारवाई कर ले। वही, जिला अग्निशमन पदाधिकारी को मॉडल थाना बक्सर, डुमरांव थाना एवं बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर के पास एक-एक अग्निशमन वाहन तैयार हालत में रखने का निर्देश दिया गया।

एनएच पर पूरी रात गश्त करेगी पुलिस : एसपी मनीष कुमार ने बताया कि कांवरियों व श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों पर रविवार की शाम से सोमवार को स्थिति सामान्य होने तक पुलिस गश्त कराई जाएगी एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एक लेन सुरक्षित रखा जाएगा। उन्होंने ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष को निर्देशित किया कि बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर में होने वाले भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

विद्युत आपूर्ति सुदृढ़ रखने का मिला निर्देश

विद्युत विभाग को 21 जुलाई से 19 अगस्त तक सभी रविवार एवं सोमवार को विद्युत आपूर्ति निरंतर बनाए रखने का निर्देश दिया गया। जबकि सभी मार्गों में लूज एवं नीचे लटके हुए तारों की जांच कराते हुए मरम्मती कराने, साथ ही ब्रह्मपुर एवं डुमरांव शिव मंदिरों के लिए संबंधित कनीय अभियंता व सहायक अभियंता को निर्देशित करते हुए कार्यों का पर्यवेक्षण करने का निर्देश दिया गया। आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सदर अस्पताल बक्सर, इटाढ़ी, चौसा, डुमरांव एवं ब्रह्मपुर आदि स्वास्थ्य केंद्रों में मेडिकल टीम का गठन करते हुए जीवन रक्षक दवाएं, ऑक्सीजन, एंटी स्नेक, वेनम आदि को पर्याप्त मात्रा में स्टॉक रखने एवं ऑपरेशन थिएटर एवं एंबुलेंस तैयार स्थिति में रखने का निर्देश सीएस को दिया गया है।

सावन माह में पनीर की होगी दोगुनी मांग, मशरूम पर भी रहता है जोर

केटी न्यूज/डुमरांव

देवाधिदेव महादेव का प्रिय माह सावन के अगाज में अब एक दिन शेष है। इस माह में अधिकांश हिन्दू परिवार शाकाहारी भोजन करते हुए शिव की आराधना करते हैं। जिसके कारण सावन माह में खासकर पनीर एवं मशरूम की मांग बढ़ जाती है। कारोबारियों की मानें तो सावन माह में इन खाद्य सामग्रियों की मांग दोगुनी होने की संभावना है।

औसतन शहर में प्रतिदिन जहां 25 किलों पनीर का खपत होता है। वहीं सावन में प्रतिदिन 50 किलो तक बिक्री की संभावना बन रही है। मुख्य रुप से करोबारियों द्वारा भैस व गाय के दूध से पनीर तैयार किया जाता है। खुदरा बाजार में पनीर 320 रुपये प्रतिकिलो की दर से ग्राहकों को उपलब्ध कराया जाता है। पनीर के कारोबारी विक्की कुमार, संतोष झा, मनीष यादव एवं उमेश सहनी ने बताया कि दूध उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीण क्षेत्र से दूध मंगाया जा रहा है। साथ पशुपालकों को सावन माह में दूध उपलब्ध कराने के लिए अग्रिम राशि दी जाती है। ताकि सावन माह में पनीर, दही, घी, खोआ आदि की कमी नहीं रहे। वहीं मशरूम बिक्रेता संजीव कुमार की माने तो सावन माह को देखते हुए मशरूम का स्टॉक उपलब्ध कराया जा रहा हैं।

सफाई नहीं होने से शहर में जगह-जगह लगा कूड़े का ढेर

केटी न्यूज/डुमरांव



सफाई मजदूरों ने लगभग एक माह पहले नप ईओ को सात सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन दिया था। उसी ज्ञापन को लेकर सफाई मजदूर और उनके नेता ईओ मनीष कुमार से उनके चेम्बर में बिते शुक्रवार को गए थे। वातार्लाप के दौरान मजदूरों और ईओ के बीच कुछ बात को लेकर विवाद खड़ा हो गया, इसी दौरान मजदूरों और उनके नेता को कुछ बात बूरी लग गई, फिर सभी वहां स उठकर चल दिये और बाहर आकर अन्य मजदूरों के साथ मिल अपनी रणनीति तय करने लगे। अपनी रणनीति तय करने के बाद उन्होंने सात सूत्री मांग और अव्यहार को लेकर हड़ताल की घोषणा कर दिया। मजदूरों के हड़ताल पर चले जाने से नगर की स्थिति बिगड़ने लगी है। चारोतरफ कूड़े का ढेर लगने लगा है। वही कूड़ा चारोतरफ फैलकर नाली और रोड पर चला आ रहा है, इससे परेशानी और बढ़ गई है। शनिवार को नप कार्यालय के मुख्य गेट पर आकर हड़ताली मजदूरों ने जमकर नारेबाजी की।

इधर मजदूर और उनके नेता संजय शर्मा के साथ कुछ और भी उनके साथ हो लिये हैं। अन्य लोगों का साथ मिलने से मजदूरों का हौसला बुलंद हो गया है। सभी मजदूर एकजुट हो अब आरपार की लड़ाई करने की मूड में हैं। इधर मजदूरों की हड़ताल समाप्त करने को लेकर प्रशासन और सफाई एनजीओ के लोग सक्रिय हो गए हैं। मजदूरों का कहना है कि इसका फैसला हमारे नेता करेंगे। नप एनजीओ की मनमानी नहीं सही जाएगी और अपने हक की लड़ाई लड़ी जाएगी। मजदूरों के हड़ताल पर चले जाने से नगर में अफरतफरी की स्थिति कायम हो गई है। बरसात की वजह से कूड़े से दुर्गंध निकलना शुरू हो गया है। सफाई शुरू नहीं होने से लोगों को महामारी का डर सताने लगा है। इस संबंध में जब ईओ मनीष कुमार से बात की गई तो उन्होंने अपने द्वारा मजदूरों के साथ दुर्व्यहार किये जाने के मामले को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी सफाई मजदूर हमारी कर्मी नहीं होकर एनजीओ का कर्मी है।

डीएम ने जल जीवन हरियाली अभियान के तहत उच्च विद्यालय मुगांव व वशवर में किया पौधरोपण

पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं छात्र : डीएम

♦ छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

केटी न्यूज/बक्सर



जल जीवन हरियाली अभियान अंतर्गत सघन पौधरोपण अभियान के तहत शनिवार को जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल के द्वारा डुमरांव प्रखंड अंतर्गत मुगांव पंचायत के उच्च विद्यालय मुगांव एवं ब्रह्मपुर प्रखंड अंतर्गत पोखरहा पंचायत के उच्च विद्यालय वशवर में पौधरोपण किया गया। जिला जन संपर्क एवं सूचना विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिला पदाधिकारी, जन प्रतिनिधियों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा डुमरांव प्रखंड अंतर्गत मुगांव पंचायत के उच्च विद्यालय मुगांव में एवं ब्रह्मपुर प्रखंड अंतर्गत पोखरहा पंचायत के उच्च विद्यालय वंशवर स्थित तालाब के चारों ओर लगभग 400-400 पौधरोपण किया गया। जलवायु परिवर्तन को देखते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा छात्र-छात्राओं को 1-1 पौधा लगाने एवं उन्हें संरक्षित करने को प्रोत्साहित किया गया। इस क्रम में छात्र-छात्राओं से पेड़-पौधे के महत्व के बारे में भी पूछा गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जीवन में पेड़-पौधे का बहुत अहम भूमिका है। उन्होंने छात्रों को आगाह किया कि हमारा पर्यावरण बहुत बिगड़ रहा हैं। जिसे संतुलित करने का एकमात्र उपाय अधिक से अधिक पौधा लगाना तथा उसकी देखभाल करना है। उन्होंने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि प्रत्येक छात्र अपने जीवन में कम से कम एक पौध जरूर लगाए तथा उसकी देखभाल करें। उन्होंने कहा कि हमे अभी से ही पर्यावरण संरक्षण की आदत डालनी होगी। ऐसा नहीं करने पर आने वाला समय काफी मुश्किलों भरा साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमे भावी पीढ़ी के सुखमय जीवन के लिए पर्यावरण का संरक्षण करना ही होगा। जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा को निर्देशित किया गया कि पौधे की सुरक्षा हेतु चारों तरफ कटीले तार से घेराबंदी करना सुनिश्चित करेंगे। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत में यदि किसी लाभुक जिनके पास अपना जमीन हो एवं वे पौधारोपण हेतु इच्छुक हो तो ग्राम पंचायत के मुखिया, ग्राम पंचायत रोजगार सेवक एवं कार्यक्रम पदाधिकारी से कार्य अवधि में संपर्क कर सकते हैं। पौधरोपण कार्यक्रम में डुमरांव अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार, डीपीएम जीविका, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, प्रखंड स्तरीय, जन प्रतिनिधि एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

शराब बेचने का विरोध करने पर पेट्रोल पंप संचालक समेत दो को मारी गोली

केटी न्यूज/आरा



बिहार के आरा में शनिवार की शाम शराब बेचने का विरोध करने पर पेट्रोल पंप संचालक और उसके भतीजे को गोली मार दी। जख्मी पेट्रोल पंप संचालक को गोली दाहिने साइड पीठ व पंजरी एवं उसके भतीजे को दाहिने साइड पंजरी में मारी गई है। इससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी वहां से भाग निकले। दोनो जख्मियों को इलाज के लिए आरा के बाबूबाजार स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहा उनका इलाज कराया जा रहा है। घटना जिले के नवादा थाना के बहिरो कि है।

वहीं घटना की सूचना मिलते ही सहायक पुलिस अधीक्षक परीक्षा कुमार एवं नवादा थानाध्यक्ष कमल जीत पुलिस बल के साथ आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल पहुंचे और जख्मियों एवं उनके परिजनों से मिल घटना की पूरी जानकारी ली इसके पश्चात पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार जख्मियों में नवादा थाना क्षेत्र के बहिरो गांव निवासी अशोक सिंह का 25 वर्षीय पुत्र पेट्रोल पंप संचालक अभिषेक कुमार और ओम प्रकाश सिंह का 19 वर्षीय पुत्र अर्जुन सिंह है। इसमें अशोक सिंह रिश्ते में चाचा अर्जुन सिंह भतीजा लगता है। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है।

मारपीट के दौरान हो गए जख्मी : वहीं जख्मी पेट्रोल पंप संचालक अभिषेक सिंह ने बताया कि गांव में ही कुछ लोग उन लोगों के घर के आगे देसी शराब बेचते हैं। जिसको लेकर उनके मोहल्ले के ही एक बड़े भाई राजेंद्र प्रसाद सिंह के पुत्र रवि रंजन सिंह द्वारा शुक्रवार को विरोध किया गया था। जिसको लेकर उन लोगों द्वारा मारपीट की गई थी। मारपीट के दौरान जख्मी हो गए। शनिवार की शाम जब वह अपने गांव में घर के बगीचे में बैठा था। तभी चार-पांच की संख्या में वहां अपराधी आए और उसे बुलाया। जब वह वहां गया तो उनके द्वारा उस पर ताबातोड़ फायरिंग कर दी। जिसमें दोनों चाचा-भतीजे को गोली लग गई और दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दूसरी ओर जख्मी पेट्रोल पंप संचालक अभिषेक सिंह ने गांव के ही गोलू यादव, रौशन यादव एवं उनके साथ रहे अन्य लोगों पर शराब बेचने का विरोध करने पर दोनों चाचा-भतीजे को गोली मारने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की शामिल कर रही है।

शराब बेचने के विरोध करने पर ये हुआ विवाद : इस मामले में आरा एएसपी परिचय कुमार ने बताया कि आधा घंटा पहले बहिरो में दो युवकों को गोली लगी है। उन्होंने बताया कि शराब बेचने के विरोध करने पर ये विवाद हुआ है। एक पक्ष द्वारा वहां शराब बेचा जा रहा था। जिसको लेकर दूसरे पक्ष द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई थी। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई भी की थी। इसी बात को लेकर दूसरे पक्ष द्वारा इसका विरोध किया गया कि पुलिस को सूचना क्यों दी गई। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ और उसी में गोली चली है।

एक नजर

डंपर के धक्के से बिजली ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त



कारकाट। नासरीगंज-बिक्रमगंज एनएच -120 पर कांधबहुआरा आईबी के पास रोड़ के किनारे लगी बिजली ट्रांसफार्मर में एक डंपर ने धक्का मार कर पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया । तेज रफ्तार में डंफर बिक्रमगंज से नासरीगंज की ओर जा रहा था तभी अनियंत्रित होकर बहुआरा आईबी के पास लगे बिजली ट्रांसफॉर्मर में धक्का मारा दिया, जिसमे ट्रांसफार्मर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया । गनीमत ये रही कि डंफर में बिजली प्रवाहित नहीं हुआ। अन्यथा जान माल दोनों का नुकसान हो सकता था। चालक की जान भी बच गया और डंफर भी जलने से बच गया। धक्का लगने के बाद क्षेत्र की पूरी बिजली आपूर्ति बंद हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही बिजली विभाग के अधिकारी व पुलिस बल पहुंची। जहां डंपर को पुलिस ने जब्त कर लिया। बिजली आपूर्ति ठप होने, सरकारी संपति ध्वस्त करने के मामले में विद्युत कनीय अभियंता के बयान पर ऊर्जा क्षति व सरकारी संपत्ति ध्वस्त करने पर 145367 रुपये जुमार्ना के साथ एफआईआर दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि डंपर जब्त कर लिया गया है, जुमार्ना के साथ एफआईआर दर्ज किया गया।

शहर का विकास पहली प्राथमिकता : मेयर



आरा। मेयर इंदू देवी ने आरा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या-10 में नाला, वार्ड संख्या-13 में पीसीसी नाली तथा वार्ड संख्या-18 में नाली एवं पीसीसी सड़क का उद्घाटन किया। इस मौके पर महापौर इंदू देवी ने कहा कि आरा शहर का चहुंमुखी विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता है। इसी कड़ी में आज नाला, पीसीसी सड़क समेत तीन योजनाओं का उद्घाटन किया गया। पीसीसी सड़क के निर्माण से लोगों को पूजा करने तथा आने-जाने में काफी सहूलियत होगी, उन्होंने कहा कि आरा को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना मेरा सपना है। यह आप लोगों के सहयोग के बिना संभव नहीं है। आप चिन्हित स्थान पर कुडा- कचरा फेकें और आरा को स्वच्छ और सुंदर बनाने में अपना योगदान दें। वार्ड संख्या -10 में नाली के उद्घाटन के मौके पर मेयर इंदु देवी के अलावे पार्षद प्रतिनिधि लल्लू जी, नागेंद्र यादव, बसंत सिंह, भरत प्रसाद,, आदित्य सिंह, इशु आनंद, मंटू सिंह, मोहन प्रसाद मौजूद रहें। वहीं वार्ड संख्या-13 में पीसीसी नाली के उद्घाटन के मौके पर वार्ड पार्षद मोनू यादव, अभिजीत कुमार, पुनीत यादव, ललन कुमार, केश्वर जी, अजीत सिंह, आदित्य कुमार, अशोक कुमार मौजूद रहें। इधर, वार्ड संख्या-18 में नाली एवं पीसीसी रोड के उद्घाटन के मौके पर पार्षद प्रतिनिधि मंटू सिंह, मोहन सिंह, अभिनव कुमार, राज किशोर, पुनीत यादव, अनिल सिंह, बिट्टू सिंह, अखिलेश प्रसाद, अजीत सिंह लोग मौजूद रहें।

ट्रेन से कट कर रोहतास निवासी युवक की मौत

आरा। आरा सासाराम रेलखंड पर पर जिले के हसन बाजार ओपी क्षेत्र के पीरो स्टेशन एवं नोनार हाल्ट के बीच शुक्रवार के दोपहर ट्रेन से कटकर एक रोहतास निवासी युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक रोहतास जिला के नासरीगंज थाना क्षेत्र के महादेव गांव निवासी राम कृपाल साह का 26 वर्षीय पुत्र शशि प्रसाद उर्फ मोनू है। वह हिमाचल प्रदेश में स्थित एक दवा फैक्ट्री में पैकिंग का काम करता था। इधर मृतक के फुफेरे भाई श्रवण कुमार ने बताया कि नासरीगंज थाना क्षेत्र के बलिया कोठी गांव निवासी व उसके मामा विनय साह के बेटे विशाल कुमार की शादी थी। जिसको लेकर वह 13 जुलाई को हिमाचल प्रदेश से वापस गांव आया था। इसके बाद वह अपने ममेरे भाई विशाल कुमार की शादी में शामिल होने के बाद 17 जुलाई को वह सिकरहटा रहा थाना क्षेत्र के सिकरहटा गांव अपने ससुराल गया था। वहां से अपनी पत्नी को छोड़कर जब वह वापस गांव लौट रहा था। इसी बीच यह घटना घट गई। इसके बाद हसन बाजार ओपी इंचार्ज सर्वेश कुमार द्वारा इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। सूचना पाकर मृतक के परिजन हसन बाजार थाना पहुंचे। जिसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई में छोटा था ।उसकी शादी वर्ष 2020 में हुई थी। हालांकि अभी उसे कोई संतान नहीं था। उसके परिवार में मां नीतू देवी,पत्नी रिंकी देवी एवं बड़ा भाई सोनू कुमार है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की मां नीतू देवी,पत्नी रिंकी देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बढ़ते अपराध के खिलाफ निकाला प्रतिरोध मार्च



सासाराम। बिहार में अपराध की बढ़ती घटनाओं और कानून-व्यवस्था की खराब स्थिति के खिलाफ आज महागठबंधन ने जोरदार प्रदर्शन किया। रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम में विपक्ष ने प्रतिरोध मार्च निकाला, जिसमें सासाराम विधानसभा के विधायक राजेश गुप्ता ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कमजोर बताते हुए उनके इस्तीफे की मांग की।कांग्रेस पार्टी के रोहतास जिला के जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि बिहार में हत्या, डकैती, और चोरी जैसी घटनाएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं, जिससे आम जनता में भय का माहौल है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार अपनी जिम्मेदारियों को सही से नहीं निभा पा रहे हैं, इसलिए उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। इस कार्यक्रम में आरजेडी, कांग्रेस, और अन्य विपक्षी दलों के नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और तत्काल कदम उठाने की मांग की। विपक्षी नेताओं का कहना है कि अगर सरकार ने जल्द ही सुधार नहीं किए तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे।

14 पीस शराब साथ एक गिरफ्तार, जेल

दिनारा। पुलिस ने देशी एवं अंग्रेजी शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया । भानस ओपी थानाध्यक्ष गुड़िया कुमारी ने बताया कि दिनारा थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदौर निवासी मनोज कुमार सिंह को भानस ओपी थाना क्षेत्र के चितांव के पास संधवा पुल के समीप से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार कारोबारी के पास से 200 एमएल का 08 पीस ब्लू लाइन कंपनी एवं 180 एमएल का छह पीस एट-पीएम अंग्रेजी शराब यानी कुल 14 पीस देशी व अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

खबरें फटाफट

बालक से अप्राकृतिक यौनाचार, आरोपी धराया

आरा। जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के गांव में पैसे का लालच देकर मामा गांव आए एक बालक के साथ प्राकृतिक यो अचार करने का मामला सामने आया है। घटना गुरुवार शाम की बताई जा रही है। घटना के संबंध में बताया जाता है है कि गुरुवार की शाम जब पीड़ित बालक घर के बाहर खेल रहा था। तभी आरोपी युवक पीड़ित बालक को 20 रुपए देने का लालच देकर अपने साथ अपने घर ले गया और उसके साथ अप्राकृतिक यौनाचार किया उसके बाद उसने दिए हुए पैसे भी उससे छीन ली और उसकी पिटाई भी की। इसके बाद जब पीड़ित बालक अपने घर आया तो उसने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। जिसके बाद परिजनों ने स्थानीय थाना में आरोपी युवक के खिलाफ नामजद प्राथमिक दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार आरोपी युवक भी उसके मामा गांव का ही निवासी मो.सरल का 19 वर्षीय पुत्र मो.सोनू उर्फ निरहू है। वहीं पीड़ित बालक बक्सर जिला के कृष्णा ब्रह्म थाना क्षेत्र का निवासी है। बताया जाता है कि पीड़ित बालक पहले अपने मां के साथ अपने मामा के ही घर रहता था। लेकिन फिर उसकी मां सूरत चली गई और वहां कंपनी में काम करने लगी। उसने अपने बेटे को अपने साथ ले गई और वहीं उसका स्कूल में नामांकन कर दिया। एक माह पूर्व पीड़ित बालक अपने मामा गांव आया था। इधर पीड़ित बालक ने बताया कि गुरुवार की शाम जब वह गांव में खेल रहा था। तभी आरोपी ने उसके साथ अप्राकृतिक यौनाचार किया।

दो दिन बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

दिनारा। विद्युत शक्ति उपकेंद्र नटवार अंतर्गत स्विच बदलने को लेकर लिलवछ शक्ति उपकेंद्र का सारा फीडर जिसमें बीसी कलां, लिलवछ, मेदनीपुर,खनिता फीडर का विद्युत आपूर्ति 22 जुलाई सोमवार एवं 23 जुलाई मंगलवार को सुबह 8 बजे से 13 बजे तक बन्द रहेगी। उक्त अवधि में मरम्मती का कार्य किया जायेगा। कनीय विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रशाखा दिनारा विकास कुमार के द्वारा उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि विद्युत आपूर्ति बंद होने से पहले ही बिजली संबंधित अपना जरूरी काम निपटा लेंगे।

ब्रह्मपुर के बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर का बुरा हाल, कुव्यवस्था से हर कोई नाराज

न निर्माण पूरा हुआ, न ही मलबा हटा कैसे बाबा को जल चढ़ाएंगे श्रद्धालु

- अधिकारियों की उदासीनता के कारण दूसरे फेज का नहीं हुआ पूरा काम
- मंदिर परिसर में गंदगी के कारण श्रद्धालुओं और आगंतुकों को हो रही परेशान

अमित/बक्सर



श्रावण का पावन माह 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। जिसके साथ जिले के साथ अन्य जिलों और राज्यों से श्रद्धालुओं का जत्था ब्रह्मपुर स्थित बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ में जलाभिषेक व पूजा-अर्चना को जुटेंगे। ऐसे में श्रावण माह पर विशेष प्रबंध और व्यवस्था के लिए स्थानीय प्रबंधन व प्रशासन के साथ साथ जिला प्रशासन की तैयारियां तेज हैं। ताकि, ससमय कार्यों को पूरा करा लिया जाए, ताकि श्रावण के माह में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

हालांकि, इन सब तैयारियों के बीच कहीं न कहीं प्रशासनिक अधिकारियों की अदूरदर्शिता स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ रही है, जिसके कारण इस बार मंदिर में आने वाले लोगों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसका मुख्य कारण बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर परिसर के दक्षिण हिस्से में दूसरे फेज के तहत हो रहा सौंदर्यीकरण का कार्य है। जिसके तहत दक्षिणी हिस्से में स्थित धर्मशाला को तोड़कर हॉल एवं आगंतुकों के लिए कमरे बनाए जाने का प्रस्ताव है। इसके लिए सरकार ने एक करोड़ 75 लाख रुपये पास कर दिया है। हालांकि, प्रशासन ने टेंडर निकाल दिया और उस पर काम भी शुरू हो गया, लेकिन अधिकारियों की अदूरदर्शिता की वजह से निर्माण में देरी हो रही है। क्योंकि अभी के हालात के अनुसार धर्मशाला के न रहने पर बाहरी श्रद्धालुओं को आराम करने के लिए स्थान प्राप्त नहीं हो सकेगा। वहीं, उक्त निर्माण स्थल पर गंदगी से भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

श्रावण माह के बाद होता दूसरे फेज का काम : गंगा समग्र दक्षिण बिहार प्रांत के संयोजक शंभूनाथ पांडेय ने बताया कि मंदिर परिसर में दो धर्मशाला थे। जिनमें से एक को तोड़कर एक बड़ा हॉल और कमरों का निर्माण कराया जाना है। लेकिन, प्रशासन को यह कार्य श्रावण माह के पूर्व या इसके बाद कराना चाहिए था। फिलवक्त लोगों की भीड़ नहीं रहने के कारण लोगों को इन परेशानियों का सामना बमुश्किल करना पड़ रहा है। लेकिन जैसे ही श्रावण माह की शुरुआत होगी, यहां पर लोगों का जुटान भारी संख्या में शुरू हो जाएगा। ऐसे में एक धर्मशाला होने के कारण श्रद्धालुओं को आराम करने में परेशानी तो होगी ही, उसके अलावा गंदगी का भी सामना करना पड़ेगा।

परिसर में रूद्राक्ष के पेड़ की है अपनी महत्ता : संयोजक शंभूनाथ पांडेय ने बताया कि फिलहाल जहां पर दूसरे फेज का काम चल रहा है, वहां पर एक रुद्राक्ष का पेड़ भी है। जिसकी अपनी एक अलग महत्ता है। सनातन धर्म में रुद्राक्ष भगवान भोलेनाथ का ही अंश माना जाता है। लेकिन, कुव्यवस्था के कारण रुद्राक्ष के पेड़ के नीचे गंदगी का अंबार लगा है। वहीं, नगर परिषद अपनी इन कमियों को दूर करने के लिए मंदीर परिसर और आसपास चूना और ब्लिचिंग पाउडर का छिड़काव करा रहा है, लेकिन वो भी नाकाफी है। उन्होंने बताया कि श्रावण माह के शुरूआती दिनों में प्रशासन और प्रबंधन सक्रिय रहेगा, मगर उसके बाद वो भी शिथिल पड़ जाते हैं।

धर्मशाला नहीं होने से हो रही है परेशानी : शनिवार को मंदिर में पूजा अर्चना के लिए मठिला से आए राजू पाठक, आर्यन कुमार, धर्मशीला देवी व अन्य श्रद्धालुओं ने बताया कि पूर्व में धर्मशाला के रहने से यहां काफी सहूलियत होती थी। यहां पर सामान को रखकर परिसर में पैर हाथ धोकर आराम करते थे। लेकिन उक्त धर्मशाला के टूटने से काफी परेशानी का सामना पड़ रहा है। वहीं, उक्त स्थान पर गंदगी के कारण बच्चों और महिलाओं को परेशानी झेलनी पड़ रही है। यदि प्रशासन चाहता तो इस काम को बाद में भी करा सकता था। जिससे लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़ता।

निर्माण में देरी के कारण इंजीनियर पर की गई है कार्रवाई : इस मामले में डुमरांव एसडीओ राकेश कुमार ने बताया कि मंदिर परिसर में दूसरे फेज के तहत बनाए जाने वाले हॉल व कमरों के निर्माण पर देरी के कारण इंजीनियर पर कार्रवाई की चुकी है। फिलहाल उक्त निर्माण स्थल से मलबे को हटा लिया जाएगा। ताकि, श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना न करना पड़े। हालांकि, मंदिर के सौंदर्यीकरण का काम पूरा जल्द से जल्द पूरा कराने का प्रयास कराया जाएगा। ताकि, मंदिर के भव्यता और सुंदरता में कमी न आए।

रांची हाई कोर्ट के न्यायाधीश ने जल्द कार्य पूरा करने का दिया था निर्देश

पिछले माह 22 जून को रांची हाईकोर्ट के न्यायाधीश डॉ. एसएन पाठक एवं जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल नें बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण के पहले फेज के हो चुके कार्यों का जायजा लिया था, वहीं उन्होंने दूसरे फेज के कार्यों का भी निरीक्षण किया था। इस दौरान न्यायाधीश ने दूसरे फेज के तहत होने वाले काम को समय से तथा गुणवत्ता का ख्याल रखते हुए जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया था। बताते चलें कि में बिहार सरकार ने पहले फेज के लिए लगभग 8.75 करोड़ रुपये आवंटित किया था, जिसमें तालाब के सौंदर्यीकरण का काम पूरा किया गया। साथ ही मंदिर स्थित तालाब के चारों तरफ चारदीवारी, वॉच टावर व शौचालय आदि का निर्माण कराया गया। अब दूसरे फेज के तहत हॉल और कमरे बनाए जाने हैं।

पत्नी से झगड़े के बाद पंखे की कुंडी से लटका प्राइवेट गार्ड, जांच में जुटी पुलिस

केटी न्यूज/आरा

जिले के कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के गुंडी गांव में शुक्रवार की शाम पंखे की कुंडी से लटका एक प्राइवेट गार्ड का शव बरामद हुआ है। शव के मिलने से गांव में आसपास की इलाके में सनसनी मच गई है। वहीं परिजन द्वारा पत्नी से झगड़ा के बाद उसके द्वारा आत्महत्या करने की बात कही जा रही है। जानकारी के अनुसार मृतक कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के गुंडी गांव वार्ड नंबर 7 निवासी शिव शंकर सिंह का 35 वर्षीय पुत्र प्रदीप कुमार सिंह है। वह उत्तर प्रदेश के कानपुर स्थित एक मॉल में प्राइवेट गार्ड का काम करता था। इधर मृतक की पत्नी लीलावती देवी ने बताया कि उसकी शादी के 11 वर्ष बीत चुके हैं और उसे एक पुत्र व पुत्री है। ससुराल वालों ने उसे एक ही रूम दिया है। जिसमें वह रहती है और खाना भी बनती है। चार दिन पूर्व उसका पति कानपुर से वापस गांव आया था। गुरुवार की शाम उसने अपने पति से एक और रूम अपने मां-बाप से मांगने के लिए कहा।जब उसने रूम की मांग की तो उनके द्वारा उसके और उसके पति के साथ मारपीट की गई। जिसके बाद वह जहर खाने का बोलकर घर से बाहर चला गया। इसके बाद उसके जेठ व भतीजे द्वारा उसे वापस घर लाया गया। शुक्रवार की सुबह इसी बात को लेकर पत्नी से झगड़ा हो गया। उसने कहा कि तुम अपने मायके चली जाओ वरना यह लोग तुम्हें भी मार देंगे और मुझे भी। इसके बाद वह अपने दोनों बच्चों को लेकर अपने मायके चली गई। इसी बीच शुक्रवार की शाम उसे सूचना मिली कि उसके पति की मौत हो गई है।

टेलर की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला मौत

- आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर किया सड़क जाम
- मौके पर पहुंचे आला अधिकारियों ने लोगों को समझाकर कराया शांत

केटी न्यूज/आरा

बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर जिले के इमादपुर थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में शनिवार की सुबह ट्रक टेलर ने सड़क पार कर रही एक बुजुर्ग महिला को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। इलाज के लिए कच्छवां स्थित पीएचसी ले जाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वहीं घटना के बाद चालक ट्रक टेलर लेकर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार मृतका इमादपुर थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी भईया राम सिंह की 65 वर्षीया पत्नी लालमोती देवी है। उधर बुजुर्ग महिला के मौत के बाद परिजन एवं स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर राजपुर गांव के समीप शव को सड़क के बीच रख सड़क जाम कर दिया। उनके द्वारा करीब ढाई घंटे तक सड़क को जाम रखा गया। सड़क जाम होने के कारण सड़क के दोनों वाहनों की लंबी कतारें लगी रही एवं आवागमन पूरी तरह ठप रहा।

उधर सड़क जाम की सूचना पाकर इमादपुर थानाध्यक्ष सुनीत कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर जाम को हटवाया। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इधर मृतका के देवर गिरजा प्रसाद ने बताया कि शनिवार की सुबह वह घर में थी। उसी बीच वह कचरा फेंकने के लिए सड़क पार कर दूसरी ओर गई थी। कचरा फेंकने के बाद जब वापस सड़क पार कर रही थी। उसी दौरान पीछे से आ रही ट्रक टेलर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उसके बाद परिजन द्वारा उन्हें रोहतास जिला के कच्छवां स्थित पीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया।

भोजपुर के डॉ. रजनीश कांत को सात समुंदर पार लंदन में मिला वर्ल्ड बुक ऑफ रेकॉर्ड्स

डॉ. रजनीश देश-विदेश में लोगों का कर रहें इलाज

- डॉ. रजनीश को काइरोप्रैक्टर के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया सम्मान

केटी न्यूज/आरा



जिले के काइरोप्रैक्टर डॉ. रजनीश कांत ने सात समुंदर पार वर्ल्ड बुक ऑफ रेकॉर्ड्स सम्मान प्राप्त कर बिहार का मान बढ़ाया। उन्हें यह सम्मान 18 जुलाई को ब्रिटिश पार्लियामेंट लंदन में आयोजित समारोह के दौरान मिला। इस मौके पर उनके साथ दुनिया की चिकित्सा क्षेत्र की कई बड़ी हस्तियां भी मौजूद रहीं. इससे पूर्व उन्हें 29 जून को दुबई के पाम अटलांटिस होटल में एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स से भी सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. रजनीश कांत को काइरोप्रैक्टर के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया।

अवार्ड पा कर डॉ. रजनीश कांत ने कहा कि यह फिजियोथेरेपी, ऑस्टियोपैथी और काइरोप्रैक्टर उपचार का एक ऐसा रूप है, जहां हम हर तरफ से इलाज करवाकर निराश हो चुके लोगों का इलाज करते हैं और उन्हें ठीक करके घर भेजते हैं, जिसमें इसमें न तो किसी दवा का प्रयोग किया जाता है और न ही किसी विशेष प्रकार की सर्जरी की जाती है। अब तक इस पद्धति से कमर दर्द, पैर दर्द, नस दर्द, गैस्ट्रिक, सिर दर्द, कमर दर्द, बदहजमी जैसी कई प्रकार की बड़ी बीमारियों का सफलतापूर्वक इलाज किया जा चुका है। बिहार के भोजपुर जिले के आरा शहर के बेगमपुरा मोहल्ले जैसी छोटी जगह से आने वाले डॉक्टर रजनीश कांत बहुत ही कम उम्र में सफलता के शिखर पर पहुंच गए हैं।

बतातें चले कि ऐसी कोई भी चिकित्सा प्रणाली नहीं है जो दवा की एक भी खुराक के बिना कोई बीमारी जड़ से ठीक कर दे। लेकिन यह कर दिखाया आरा भोजपुर के बेगमपुरा मोहल्ले के निवासी फिजियोथेरेपिस्ट, ऑस्टियोपैथ और कायरोप्रैक्टर डॉ. रजनीश कांत ने। उन्होंने ऐसी चिकित्सा पद्धति से देश-विदेश में लोगों का इलाज कर चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांति का बिगुल फूंक दिया है। उनकी वैद्य प्रणाली से अब तक देश-विदेश के हजारों लोग लाभान्वित हो चुके हैं। वह इस चिकित्सा प्रणाली से बिहार में हर महीने की पहली तारीख को 100 मरीजों का मुफ्त इलाज करते हैं। आज के आधुनिक युग में जहां हर जगह पैसे की भूख है, वहीं समाज के गरीब तबके को मुफ्त चिकित्सा प्रदान करने के कारण डॉ. रजनीश कांत को हर जगह सम्मानित किया जा रहा है। वह सिर्फ महीने की पहली तारीख को ही नहीं बल्कि उनके क्लीनिक पर आने वाले गरीबों से भी उनकी हालत देखकर इलाज के लिए पैसे नहीं लेते हैं। बहुत कम समय में सबसे ज्यादा मरीजों का इलाज करने का रिकॉर्ड भी उनके नाम है। इन सभी उपलब्धियों के कारण विश्व प्रसिद्ध संस्था एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और वर्ल्ड बुक ऑफ रेकॉर्ड्स से सम्मानित किया गया।

खबरें फटाफट

बाइक अनियंत्रित होकर दूसरे बाइक से टकराई, मौत

गाजीपुर। जनपद के मुहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के अकटहिया के पास सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। युवक बाइक से अपनी बहन को कॉलेज छोड़कर वापस घर लौट रहा था। बाइक की रफ्तार होने से युवक की बाइक अनियंत्रित होकर स्कूटी से जा रही एक युवती को पीछे से टक्कर मार दी और विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक से टकरा गया। इससे वह तत्काल सड़क पर गिर गया। सिर पर काफी चोट आ गई। लोगों ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वहां से उसे मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ईंट से मारकर ई–रिक्शा चालक को किया लहूलुहान

बलिया। फेफना थाना क्षेत्र के मिड्ढा गांव के सामने शनिवार की दोपहर एक ई–रिक्शा चालक ने दूसरे ई–रिक्शा चालक को ईंट से मारकर लहूलुहान कर दिया। आसपास के लोगों ने घायल ई–रिक्शा चालक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज चल रहा है। घायल ई–रिक्शा चालक का नाम मोहम्मद अरबाज पुत्र अब्दुल सलाम निवासी परमंदापुर है। घायल मोहम्मद अरबाज के अनुसार वह सवारी बैठाकर अलावलपुर जा रहा था, तभी उसको एक दूसरा ई–रिक्शा चालक ने यह कहते हुए पहले गाली दिया कि ठीक से ई–रिक्शा चलाओ। इसके बाद ईंट से मारकर लहूलुहान कर दिया।

कांवड़ यात्रा को सुगम बनाने के लिए जनपद में रहेगा रूट डायवर्जन

गाजीपुर। सोमवार से शुरू हो रहे सावन माह में कांवरिया के जलाभिषेक करने को लेकर जिला प्रशासन ने जनपद के कई रूटों में फेरबदल किया है। यह डायवर्सन सावन भर हर रविवार और सोमवार को प्रभावी रहेगा। रूट डायवर्सन दोपहर 12:00 से शाम की 6:00 तक जिले के सभी ब्लॉकों में प्रभावी रहेगा। सावन के दृष्टिगत जिला पुलिस कप्तान डॉ० इराज राजा ने विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया। सुरक्षा एवं चाब चौबंद का विधिवत जायज भी लिया। उन्होनें संबंधित मातहतों को कड़े निर्देश भी दिए। रूट डायवर्जन भूतहियाटांड़ (सैनिक चौराहा) से जाने वाले यात्री वाहन, रोडवेज, प्राइवेट वाहन लंका तिराहे तक ही जा सकेंगे। लंका तिराहे पर बैरियर लगाया जाएगा। इसके आगे विशेश्वरगंज की तरफ किसी भी वाहन को जाने की अनुमति नहीं है। रौजा तिराहे से भारी वाहन या मध्यम वाहन किसी भी प्रकार के वाहनों को शहर में प्रवेश नहीं दी जाएगी। उन्हें आलम पट्टी पर रौजा से मोड़ दिया जाएगा मुहम्मदाबाद की तरफ से आने वाले भारी वाहन को थाना नोनहरा के अटवां मोड़ से कासिमाबाद के तरफ मोड़ दिया जाएगा।

बांसडीह का मामला, कोतवाली के मुख्य द्वार पर बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम

धारदार हथियार से हमलाकर युवक की सरेआम कर दी हत्या

♦ दो गुटों के बीच की लड़ाई में हुई घटना

केटी न्यूज / बांसडीह

दो गुटों की लड़ाई में शनिवार की सुबह बदमाशों ने मारपीट के दौरान जान बचाकर भाग रहे युवक की कोतवाली के मुख्य द्वार के सामने धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। वहीं कस्बे के ही एक अन्य युवक शुभम को भी टांगी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

मृतक की पहचान रोहित पांडेय पुत्र दीप नारायण पांडेय के रूप में हुई। उसके सिर पर चापड़ और गड़ासा के गंभीर प्रहार से घायल हो गया। घटना के बाद कोतवाली के सामने बाजार में हड़कंप मच गया। लोग इधर उधर भागने लगे। बवाल देख कोतवाली से पुलिसकर्मी भी मौके पर पंहुचे। लेकिन तब तक हमलावर वहां से भाग निकले थे। मौके पर घायल युवक व बिखरे खून को देख कर हतप्रभ पुलिसकर्मियों ने कोतवाल संजय सिंह को इसकी सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पंहुचे कोतवाल ने घायल को सीएचसी बांसडीह भेजा। जहां से उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेज दिया गया। जहां पंहुचने से पहले ही युवक की रास्ते मे ही मौत हो गयी। घटना के बाद इसकी खबर जैसे ही कस्बे में फैली बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्र होने लगे और इसके बाद जैसे ही युवक की मौत की खबर वहां पहुचीं लोगों में आक्रोश फैल गया। हालात को देखते हुए मौके पर सहतवार, रेवती , बांसडीहरोड, सुखपुरा, सिकंदरपुर समेत कई थानों की फोर्स बुला दी गयी। कोतवाल ने इसकी सूचना अपने उच्चाधिकारियों को दी। इसके बाद पुलिस कप्तान देवरंजन वर्मा, एडिशनल एसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी,क्षेत्राधिकारी प्रभात कुमार समेत सभी मौके पर पंहुचे और घटनास्थल की जांच कर संबंधित पुलिस अधिकारियों से घटना की जानकारी ली। घटनास्थल पर इस घटना को लेकर कुछ लोगों द्वारा स्थानीय सिपाहियों द्वारा हमलावरों से मिलीभगत रखने का आरोप लगाया। जिसके बाद मामले में पुलिस कप्तान ने बताया कि घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। घटना करने वाले युवकों की पहचान उजागर हो चुकी है। इनकी गिरफ्तारी के लिये तत्काल सीओ बांसडीह के नेतृत्व में टीम बनाकर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहें हैं । मामले में दोषी पाये जाने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई की रूपरेखा बनाई जा रही है।





माता पिता का इकलौता पुत्र था रोहित



कोतवाली के सामने जिस युवक की हत्या हुई वह अपने मां बाप का इकलौता पुत्र था। उसकी एक बड़ी बहन है जिसकी शादी हो चुकी है। ऐसे में इस घटना के बाद उसके परिवार में बिल्कुल अंधेरा छा गया है। घटना के बाद पूरा परिवार शोकाकुल होकर स्तब्ध है। सुबह सात बजे हंसते खेलते घर से निकले रोहित के मौत की खबर दस बजे घर तक पहुचीं तो दरवाजे पर भीड़ एकत्र होने लगी। इस दौरान तक घरवालों को इसकी जानकारी नही थी।

सभी दुकानों को बंद करा दिया गया

क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाली तिराहे से बांसडीह चौराहे की समस्त दुकानों को बंद करा दिया गया। चप्पे–चप्पे पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

आसपास के लोग बने रहे मूकदर्शक

शनिवार की सुबह स्थानीय कोतवाली के समाने दिन दहाड़े युवक की धारदार हथियार से हुई हत्या से हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बीच सड़क मार्ग पर हमलावर द्वारा युवक पर ताबड़तोड़ चलाए जा रहे धारदार हथियार से युवक लहूलुहान हो गया। किसी की हिम्मत नहीं हो रही थी की घटना को रोक सके, आसपास के लोग मूकदर्शक बने रहे किसी की साहस नहीं हुई की हमलावर से युवक को बचाया जाय।

क्या बोले एसपी

घटना के बाद कोतवाली में पहुंचे एसपी ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तार हेतु टीम गठित कर आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही सहित एनएसए लगाने साथ संबंधित बीट के लापरवाह पुलिस कर्मियों पर निलंबन सहित विभागीय कार्यवाही करने की बात कही।

एक नजर

22 से बलिया शहर में होगा रूट डायवर्जन

बलिया। सिविल लाइन स्थित कार्यालय में एसपी देवरंजन वर्मा ने शनिवार को बताया कि आगामी 22 जुलाई से शुरू हो रहे सावन मास के मद्देनजर शहर क्षेत्र की यातायात व्यवस्था सृदृढ़ करने के लिए रूट डायवर्जन किया गया है। जिसके क्रम में दुबहड़ व बैरिया की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को थाना दुबहड़ के पास प्रातः आठ बजे से रात्रि नौ बजे तक रोका जायेगा। यदि वाहन नरहीं व फेफना की तरफ जाना चाहते हैं तो चिरैया मोड़ से होते हुए सहतवार, बांसडीह ,सुखपुरा , गडंवार से होते हुए फेफना व नरहीं जायेंगे। इसी प्रकार बांसडीहरोड, रेवती, सहतवार व बांसडीह की तरफ से आने वाले वाहन को थाना बांसडीहरोड के पास प्रातः आठ बजे से रात्रि नौ बजे तक रोका जायेगा। यदि वाहन नरही, रसड़ा व फेफना की तरफ जाना चाहते हैं तो सुखपुरा, गड़वार होते हुए फेफना,नरहीं जायेंगे। हनुमानगंज व सिकन्दरपुर से आने वाले भारी वाहनों को हनुमानगंज चौकी के पास प्रातः आठ बजे से रात्रि नौ बजे तक रोका जायेगा। यदि सिकन्दरपुर से आने वाले वाहन दुबहड़ हल्दी बैरिया जाने चाहते है तो सुखपुरा बांसडीह सहतवार होते हुए जायेगें तथा यदि वाहन नरहीं व फेफना की तरफ जाना चाहते हैं तो सुखपुरा,गडंवार से होते हुए फेफना व नरहीं जायेंगे। फेफना तिराहा- रसड़ा व नरहीं की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को फेफना तिराहा के पास प्रातः आठ बजे से रात्रि नौ बजे तक रोका जायेगा। यदि वाहन बैरिया की तरफ जाना चाहते हैं तो गड़वार से सुखपुरा, बाँसडीह, सहतवार होते हुए जायेगें। इसी प्रकार अगरसण्डा-गड़वार की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को अगरसण्डा के पास प्रातः आठ बजे से रात्रि नौ बजे तक रोका जायेगा। यदि वाहन हल्दी, बैरिया की तरफ जाना चाहते हैं तो गड़वार से सुखपुरा, बाँसडीह, सहतवार होते हुए जायेंगे। माल गोदाम तिराहा पर आने वाले वाहनों को सीधे मुख्य मार्ग से होते हुए दुबहड़ बलिया मार्ग पर डायवर्ट किया जायेगा । चौक से सिनेमा रोड पर जाने वाले वाहनों को आर्य समाज रोड से नया चौक होते हुए दुबहड़ बलिया मुख्य मार्ग पर डायवर्ट किया जायेगा । बिचला घाट शनिचरी मन्दिर से गुलाबी देवी इण्टर कालेज पर आने वाले वाहनों को हास्पिटल रोड होते हुए मुख्य मार्ग दुबहड़ व फेफना की तरफ डायवर्ट किया जायेगा। भृगु आश्रम के पास (संजय उपाध्याय का कार्यालय) नया चौक पर आने वाले वाहनों को स्टेशन रोड से मुख्य मार्ग फेफना की तरफ डायवर्ट किया जायेगा ।

100 दिन का विशेष जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित

गाजीपुर। शिक्षा क्षेत्र के कन्या कंपोजिट विद्यालय पर भारत सरकार द्वारा निर्गत कार्यक्रम संकल्प एचईडब्लू अभियान के अंतर्गत 21 जून से चार



अक्टूबर तक 100 दिन के विशेष जागरूकता अभियान का कार्यक्रम जिलाधिकारी आर्यका अखोरी के निर्देश पर जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार सोनी के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति योजना नामांकन सप्ताह थीम का आयोजन जनपद के कन्या कंपोजिट विद्यालय पर आयोजित किया गया।

जिसमें विद्यालय के छात्र- छात्राओं को घरेलू हिंसा, गुड टच, बेड टच और हेल्पलाइन नंबर 1098, 1090 ,181 ,102, 108 आदि नंबर के बारे में बताते हुए महिला कल्याण विभाग की समस्त योजनाओं कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना के विषय में विस्तृत रूप से बताया गया। शिक्षक प्रवीण शुक्ल ने बताया कि छात्र- छात्राओं को गुड टच, बैड टच के बारे में विद्यालय में पहले ही बता दिया गया है। ताकि बच्चे किसी के झांसे में न आए। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। प्रधानाध्यापिका अनीता चौरसिया, गीता श्रीवास्तव, प्रियंका प्रजापति, पूजा उपाध्याय, तारकेश्वर चौरसिया,विभा पांडेय, सुषमा राय, सरिता राय व समस्त विद्यालय परिवार के लोग उपस्थित रहे ।

नवीन स्वास्थ्य केंद्र डेढगावां व उतरौली का सीएचसी प्रभारी ने किया औचक निरीक्षण

गाजीपुर। सीएचसी अधीक्षक एवं प्रभारी अधिकारी डा. अमर कुमार ने शनिवार को इलाके के नवीन स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) डेढगावां व उतरौली



का औचक निरीक्षण किया। जिससे कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दवाओं के भंडारण, अभिलेखों, उपस्थिति पंजिका आदि के रखरखाव एवं साफ- सफाई, पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था न होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए रवैए में सुधार लाने की चेतावनी दी। इस दौरान वह खुद गावों में डोर- टू- डोर जाकर यह हकीकत जाना कि स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा ग्रामीणों को संचारी रोगों के बारे में जानकारी दी गई या नहीं इसका भौतिक सत्यापन करते समय ग्रामीणों ने उनसे बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा उन्हें संचारी रोगों के लक्षण व बचाव की जानकारी नहीं दी गई है। इतना सुनते ही चिकित्सा अधीक्षक का पारा सातवें आसमान पर चढ गया। उन्होंने तत्काल इस मामले को गंभीरता से लेते हुए छह स्वास्थ्य कर्मियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण देने का सख्त निर्देश दिया। नोटिस जारी करते हुए उन्होंने संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों को हिदायत दिया कि संतोषजनक जवाब न देने पर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ वेतन भी रोक दिया जाएगा। उनके इस सख्त तेवरों से पूरे स्वास्थ्य महकमें में हडकंम्प मचा हुआ है इसी दौरान रेवतीपुर के बहोरिक राय पट्टी में संपूर्णता अभियान के तहत लगे कैंप का भी उन्होंने जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिया। चिकित्सा अधीक्षक ने गावों में विभिन्न जगहों पर कैंप लगाकर बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड के केंद्रों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि कार्ड बनाने में किसी तरह की हीलाहवाली न की जाए, जो लाभार्थी हैं उनका शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाया जाए। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर अमर कुमार ने कहा कि संचारी रोग से बचाव का एक मात्र रास्ता जागरूकता है। कहा कि कोई भी बीमारी होने पर समय रहते अगर चिकित्सक के यहां मरीज इलाज कराएं तो उस पर हर हाल में काबू पाया जा सकता है। चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रभारी अधिकारी डाक्टर अमर कुमार ने बताया कि कार्यों में लापरवाही पर सात स्वास्थ्य कर्मियों को नोटिस जारी किया गया है। बताया कि लापरवाही किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि अस्पताल आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचे इसे लेकर महकमा गंभीर है।


सरकारी पर्ची पर लिखी जा रही बाहर की दवा


♦ सीएमओ से शिकायत करने के बाद चिकित्सक ने तीमारदार से कसा ताना

तिलक कुमार / बलिया

एक तरफ प्रदेश सरकार सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क चिकित्सा व निःशुल्क दवा उपलब्ध कराने का ढिंढोरा पीट रही है। दूसरी तरफ नरहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आलम यह है कि यहां डीएम व सीएमओ के आदेश को ताक पर रखते हुए यहां तैनात चिकित्सक खुलेआम बाहर की दवा लिख रहे हैं।

हुआ यूं कि चितबड़ागांव निवासी मनीष तिवारी शुक्रवार को अपने पिता लक्ष्मण तिवारी का इलाज कराने के लिए नरहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे हुए थे। लक्ष्मण तिवारी को मामूली गैस व कमजोरी की ही बीमारी थी, लेकिन अफसोस इसकी दवा भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहीं पर उपलब्ध न होने के कारण यहां तैनात चिकित्सक सीपी राय पर्ची में बाहर की दवा लिख दी। इस पर जब मनीष तिवारी ने पूछा कि आपके द्वारा सरकारी पर्ची पर बाहर की दवा क्यों लिखी जा रही है तो इस पर चिकित्सक दूसरे चिकित्सक अभिषेक राय ने तीमारदार मनीष तिवारी पर झल्लाते हुए कहा कि जाइए जहां शिकायत करना है कीजिए।





लिखित शिकायत मिलेगी तो करेंगे कार्रवाई

इस संबंध में डिप्टी सीएमओ अशोक कुमार से जब पूछा गया तो उन्होंने बताया कि एक तीमारदार का फोन मेरे पास आया था, जिनकी शिकायत थी कि बाहर की दवा उन्हें लिखी गई है। मेरे पास तीमारदार आकर लिखित शिकायत करें, मैं निश्चित तौर पर कार्रवाई करूंगा।

क्या बोले तीमारदार मनीष तिवारी

तीमारदार मनीष तिवारी ने बताया कि मैं सिर्फ उच्चाधिकारियों को ही नहीं, बल्कि पर्ची के साथ सीएमओ को लेटर प्रेषित करने के साथ एक्स करूंगा।

ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का किया गया समाधान

केटी न्यूज / गाजीपुर

मरदह विकास खंड अंतर्गत ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया। इस ब्लाक के बहतुरा व चौराबोझ गांव में ग्राम चौपाल लगाया गया। जिसमें ग्राम पंचायत में मनरेगा के कार्यों, मजदूरी भुगतान, महिला सहेलियों, समूह गठन, बीओ, सीएलएफ, बीसी सखी, विद्युत सखी, लखपति महिला सहित किए गए कार्यों का निरीक्षण और उनके द्वारा किए गए सभी कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही साथ ग्राम पंचायत रोशनी, सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन, जल निकासी चैनल, सड़क, लिंक रोड, गौ आश्रय, विद्यालय भवन, विद्यालय संचालन, एमडीएम, सिंचाई व्यवस्था (नहर/नलकूप), संचारी रोग, टीकाकरण, चौपाल में राशन वितरण, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, हर घर में नल से जलापूर्ति, आंगनबाड़ी व एएनएम केंद्रों का निरीक्षण, वृद्धावस्था, विधवा एवं विकलांग पेंशन व छात्रवृत्ति का सत्यापन भी किया गया। ग्रामीणों के साथ आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, कृषि और कृषि संरक्षण, प्राकृतिक और जैविक खेती और हर घर नल जैसी योजनाओं पर गहन चर्चा हुई। ग्राम पंचायत अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बहतुरा गांव के चौपाल में ग्रामीण विकास विभाग के अलावा पंचायती राज, स्वास्थ्य, कृषि, राजस्व, शिक्षा, सिंचाई, पशुपालन, समाज कल्याण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभागों की योजना से ग्रामीणों को अवगत कराई। चौराबोझ गांव में ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश प्रजापति ने कहा कि गांवों को मुख्य धारा में लाने का प्रयास चौपाल के माध्यम से किया जा रहा है। ग्राम पंचायत में जनभागीदारी से व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

ब्लाक के गांवों को मुख्य धारा में लाने का प्रयास चल रहा हैं और प्रदेश सरकार गांवों के विकास पर ध्यान दे रही है। जिसका असर धरातल पर दिखाई दे रहा है।

सावन माह में घर बैठे स्पीड पोस्ट से प्राप्त करें सोमनाथ आदि ज्योतिर्लिंग मंदिर का प्रसाद

♦ करना होगा 270 का ई-मनीऑर्डर

बलिया। सावन में शिव आराधना की विशेष महिमा है। हर किसी की इच्छा होती है कि वह भगवान शिव के ज्योतिर्लिङ्ग स्वरूप का दर्शन और आशीर्वाद स्वरुप प्रसाद पा सके। परन्तु कुछ श्रद्धालु चाहकर भी दर्शन नहीं कर पाते। अब ऐसे श्रद्धालुओं को निराश होने की आवश्यकता नहीं है। डाक विभाग की स्पीड पोस्ट सेवा के माध्यम से लोग देश के किसी भी कोने में घर बैठे गुजरात के जूनागढ़ जिला अंतर्गत प्रभास पाटन में स्थित श्री सोमनाथ आदि ज्योतिर्लिंग मंदिर का प्रसाद प्राप्त कर सकते हैं। सावन माह में डाक विभाग ने इसके लिए विशेष प्रबंध किये हैं। उक्त जानकारी हाल ही में वाराणसी और प्रयागराज क्षेत्र से स्थानांतरित होकर गुजरात पहुँचे अहमदाबाद परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने दी। सावन माह 22 जुलाई से आरम्भ हो रहा है। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि श्री सोमनाथ ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं को घर बैठे प्रसाद उपलब्ध कराने हेतु भारतीय डाक विभाग से एक समझौता किया है। इस समझौते के तहत कोई भी श्रद्धालु मैनेजर, श्री सोमनाथ ट्रस्ट, प्रभास पाटन, जिला- जूनागढ़, गुजरात-362268 को 270 का ई-मनीऑर्डर भेजकर स्पीड पोस्ट द्वारा प्रसाद मँगा सकता है। इस ई-मनीऑर्डर पर प्रसाद के लिए बुकिंग अंकित करना होगा। तदोपरांत श्री सोमनाथ ट्रस्ट द्वारा द्वारा संबंधित श्रद्धालु को 400 ग्राम का प्रसाद का पैकेट स्पीड पोस्ट द्वारा भेजा जायेगा।

प्रसाद में शामिल वस्तुएं

बलिया। पोस्टमास्टर ने बताया कि इस प्रसाद में 200 ग्राम बेसन लड्डू, 100 ग्राम तिल की चिक्की और 100 ग्राम मावा की चिक्की रहेगी।

वेदों व पुराणों में यह धाम राजा दशरथ के गढ़ी के नाम से है विख्यात

महाहर धाम : हजारों साल पहले मां गंगा का था प्रवाह, अब पूरईन झील बना

♦ धाम में दक्षिण तरफ श्रवणडीह नाम का गांव विद्यमान है, जहां पहले से बना श्रवण कुमार का मंदिर हो गया जर्जर

अखिलानंद तिवारी/ गाजीपुर

सावन मास में कांवड़ यात्रा व होने वाले जलाभिषेक को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है। आस्था और विश्वास का केंद्र महाहर धाम जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर स्थानीय विकास खंड के सुलेमापुर देवकली गांव स्थित सिद्धपीठ शिवस्थली महाहर धाम भक्तों के लिए आस्था एवं विश्वास का एकमात्र केंद्र है। इसकी एक अलग पहचान है। शिव स्थली के रूप में इसका नाम प्रमुखता से लिया जाता है। उत्तरी भाग पर स्थित इस धाम पर जहां महाशिवरात्रि पर भक्तों का रेला उमडता है, वहीं पूरे सावन माह मंदिर परिसर पूजा -अर्चना व घंटा-घड़ियाल की आवाज से गुंजायमान रहता है। एक तरफ पूरे पूर्वांचल के जनपद सहित पड़ोसी राज्य के भी श्रद्धालु इस धाम पर पहुंचकर दर्शन पूजन कर बाबा भोलेनाथ से मन चाहा मुराद मांगते हैं। इस धाम कि ऐसी मान्यता है कि यहां स्थापित शिवलिंग का दर्शन करने से मनुष्य के सारे पाप कट जाते हैं। सच्चे मन से मांगी गई हर मुरादें भोले पूरी करते हैं। कहा जाता है कि इस धाम का निर्माण राजा दशरथ ने कराया था। यह महल दशरथ के गढ़ी के नाम से विख्यात है। वेदों व पुराणों में वर्णित कथा के अनुसार श्रवण कुमार की यहीं पर राजा दशरथ के चलाए गए शब्दभेदी वाण से मृत्यु हो गई थी। धाम के दक्षिण तरफ श्रवणडीह नाम का गांव भी विद्यमान है, जहां पहले से बनाया गया श्रवण कुमार का मंदिर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंच चुका है। धाम परिसर में शिव मंदिर के अलावा भगवान हनुमान, भैरव -बाबा, संत रविदास, भगवान ब्रम्हा की चार मुखी प्रतिमा, माँ दुर्गा की प्रतिमा, राधा-कृष्ण, राम-लक्ष्मण-जानकी की प्रतिमा सहित कई देवी-देवताओं की मूर्तियां स्थापित की गई है। तेरह मुखी मुख्य शिवलिंग के साथ ही शिव-पार्वती की युगल मूर्ति भी अद्भुत व पूजनीय है। मंदिर के सामने उत्तर से दक्षिण तरफ दिशा में एक किलोमीटर तक लंबा सरोवर है, जहां हजारों वर्ष पहले इस स्थान पर मां गंगा का प्रवाह था, जो अब पूरईन झील के रूप में रह गया है। सावन के प्रत्येक सोमवार को जलाभिषेक के लिए यहां कांवरियो का रेला उमडता है। बाबा का आशीर्वाद पाने के लिए भक्तों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। इसके अलावा महाशिवरात्रि के अवसर पर चार दिन चलने वाले मेलों में दर्शनार्थियों सहित ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोगों द्वारा मेले का लुत्फ भी बढ़-चढ़ कर उठाया जाता है।





कौशाम्बी में भगवान बुद्ध की 51 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा होगी स्थापित, तैयारियां शुरू

केटी न्यूज/ लखनऊ

- सीएम योगी के विजन अनुसार भगवान बुद्ध की ध्यान मुद्रा में कांस्य प्रतिमा को किया जाएगा स्थापित



लॉस्ट वैक्स प्रॉसेस के जरिए होगी मूर्ति की ढलाई

कौशाम्बी में स्थापित की जाने वाली महात्मा बुद्ध की मूर्ति को हॉलो कास्ट पद्धति के जरिए पूरा किया जाएगा। खास बात ये है कि मूर्ति ब्रॉन्ज शीट्स को जोड़कर नहीं बनेगी बल्कि उसकी लॉस्ट वैक्स प्रॉसेस के जरिए ढलाई की जाएगी। मूर्ति के लिए जिस कांस्य धातु का प्रयोग होगा उसमे 85 प्रतिशत कॉपर, 5 प्रतिशत लेड, 5 प्रतिशत टिन व 5 प्रतिशत जिंक का अलॉय के तौर पर प्रयोग किया जाएगा। इस दौरान मूर्ति में कांस्य का वजन 52 टन होगा जबकि 20 टन लोहे का भी इसकी स्थापना में उपयोग किया जाएगा। मूर्ति अंदर से हॉलो होगी जिसकी मेटल थिकनेस कास्टिंग 7 से 8 मिलीमीटर होगी। उल्लेखनीय है कि महात्मा गौतम बुद्ध ने कौशांबी में ही चातुर्मास व्यतीत करने के साथ लोगों को सत्य, अहिंसा का संदेश दिया था। इसकी वजह से पूरी दुनिया से बौद्ध धर्म के अनुयायी यहां पर बौद्ध स्थल के दर्शन-पूजन के लिए आते हैं।

को स्थापित करने के कार्य को गति दी जा रही है। उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के अंतर्गत राज्य ललित कला अकादमी ने इस परिपेक्ष्य में शॉर्ट टर्म नोटिस के माध्यम से ई-टेंडर प्रक्रिया शुरू की है। इससे मूर्ति के निर्माण व स्थापना के लिए एजेंसी के निर्धारण व कायार्वंटन की प्रक्रिया पूरी होगी। निर्धारित एजेंसी द्वारा कायार्वंटन के बाद 7 महीने की समयावधि में मूर्ति स्थापना के कार्य को पूरा करना होगा। इसके लिए पहले 1 महीने में मूर्ति के प्रोटोटाइप का निर्माण किया जाएगा जिसको स्वीकृति मिलने के बाद मुख्य मूर्ति को 6 माह की समयावधि में पूर्ण कर स्थापित किया जाएगा।

एक नजर

विद्युत चोरी के खिलाफ सात के खिलाफ मुकदमा, 15 का कटा कनेक्शन

गाजीपुर। ताडीघाट विद्युत सब- स्टेशन के अंतर्गत आने वाले करीब आधा दर्जन गावों में एमडी के निर्देश पर शनिवार की सुबह एसडीओ प्रवीन मौर्या के नेतृत्व में कालूपुर, सुजानपुर, बवाडा, भिख्खिचौरा, हरिशचंद्रपुर गावों में विद्युत चोरी एवं बकाएदारों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके चलते उपभोक्ताओं में अफरा-तफरी मच गई। विद्युत विभाग के द्वारा चलाए गए इस सघन चेकिंग अभियान में सात उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा पंजीकृत कराया गया। साथ ही टीम ने इस दौरान 15 बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काट दिए गए। टीम ने चलाए गए इस अभियान के दौरान ही 16 उपभोक्ताओं से करीब एक लाख से अधिक की राजस्व वसूली करने के साथ ही आठ नये कनेक्शन दिए गए। चार नया मीटर लगाया गया। जबकि तीन उपभोक्ताओं के कनेक्शन में क्षमता वृद्धि की गई। विद्युत विभाग के द्वारा इस मार्निंग रेड के चलते अवैध कनेक्शन का उपयोग करने वाले लोग केबल तार हटाने में ही अपनी भलाई समझी। ग्रामीण चलाए गए इस चेकिंग अभियान के समाप्त होने का इंतजार करते रहे। इस अवसर पर अवर अभियंता आशीष कुमार यादव, पवन सिंह, शिवम, अनिल , बाबू खान, केदार, शहजाद, सद्दाम, गोविन्द कुमार, अश्वनी, संजय, महादेव आदि मौजूद रहे।

आरोपियों को बचाने में जुटी है पुलिस: अनिल

चंदौली । भाकपा (माले) के जिला सचिव कामरेड अनिल पासवान ने शनिवार को कहा कि करजरा हत्याकांड में पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी को स्पष्ट नहीं बता रही है। आरोप लगाया कि पुलिस आरोपितों को बचाने में लगी है। कहा कि उपजिलाधिकारी सकलडीहा की ओर से घोषणा की गई थी कि पीड़ित परिवार को आवास समेत अन्य सरकारी योजना का लाभ दिलाया जाएगा, लेकिन अभी तक कुछ भी नहीं हुआ। जिस जमीन व दीवार निर्माण को लेकर घटना हुई वह निर्माण में कार्य भी जिला प्रशासन नहीं करा पाया है। प्रशासन की ओर से मामले में केवल आश्वासन दिया जा रहा है। चेतावनी दी कि जमीन की पैमाइश व दीवार का निर्माण कराने समेत सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने व फरार आरोपित की तत्काल गिरफ्तारी नहीं की गई तो कार्यकर्ता आंदोलन को बाध्य होंगे। राज्य कमेटी सदस्य शशिकांत सिंह, किसान महासभा के जिलाध्यक्ष श्रवण मौर्य, एपवा जिला उपाध्यक्ष श्यामदेयी, रमेश राय आदि उपस्थित थे।

वृक्षारोपण द्वारा ही प्रदूषित वातावरण से समाज को बचाया जा सकता है : बिरेन्द्र श्रीवास्तव

जौनपुर। जनपद के प्रतिष्ठित स्कूल श्री गणेश विद्यापीठ इण्टर कॉलेज भन्नौर जौनपुर में पर्यावरण के प्रति लोगो को जागरूक करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानाचार्य वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में छात्रों द्वारा वृक्षारोपण किया गया और लोगों को बढ़ते प्रदूषण एवं घटते पेड़ के प्रति जागरूक किया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने एक -एक पौधे लगाकर उसको पुष्पित व पल्लवित करने का संकल्प लिया। और समाज के लोगों को भी वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया । वृक्षारोपण कार्यक्रम का प्रारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने किया । उन्होंने प्रदूषित पर्यावरण के खतरों से आगाह करते हुए वृक्षारोपण करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि प्रत्येक छात्र. छात्राओं को कम से कम एक वृक्ष लगाने का संकल्प करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि वृक्षारोपण द्वारा ही प्रदूषित पर्यावरण से समाज को बचाया जा सकता है। आज लोग अपने भौतिक सुख एवं अल्प लाभ के लिए वृक्षों की अंधाधुंध कटाई कर रहे हैं जिसके भयावह परिणाम हम सबको देखने को मिल रहे हैं। वास्तव में यह अत्यंत प्रशंसनीय एवं सराहनीय है। उन्होंने वृक्षों की रक्षा एवं उनके रख - रखाव पर जोर दिया।

खबरें फटाफट

सैयदराजा व बलुआ एसओ हटाये गए

चंदौली। एसपी आदित्य लांगे ने सैयदराजा और बलुआ एसओ का तबादला किया है। पुराने दरोगाओं के स्थान पर नए व युवा निरीक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। एसपी ने नवनियुक्त थाना प्रभारियों को तत्काल नए तैनाती स्थल पर पहुंचकर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। सैयदराजा एसओ सत्यनारायण मिश्र को 58 साल आयु पूरी होने पर पुलिस लाइन में तैनाती दी गई है। उनके स्थान पर चुनाव सेल प्रभारी रहे मुकेश कुमार तिवारी को सैयदराजा थाना का प्रभार सौंपा गया है। वहीं बलुआ एसओ शैलेष कुमार मिश्र का गैरजनपद स्थानांतरण होने से उन्हें पुलिस लाइन बुला लिया गया है। उनके स्थान पर उपनिरीक्षक अशोक कुमार मिश्र को बलुआ थाना का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा सैयदराजा थाना पर तैनात अपराध निरीक्षक अरविंद कुमार यादव को एंटी रोमिया स्क्वायड का प्रभारी बनाया गया है। बलुआ थाना के अपराध निरीक्षक सैयद हुसैन मुन्तजर का पुलिस लाइन स्थानांतरण किया गया है।

नियामताबाद ब्लॉक परिसर में किया गया पौधरोपण

चंदौली। नियमताबाद विकासखंड परिसर में बीडीओ शरता चंद्र शुक्ला द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम किया गया इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख कमला यादव ने एक पेड़ माँ के नाम चल रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में बरगद, नीम तथा पीपल का पेड़ लगकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात उपस्थित अन्य अतिथियों व कर्मचारियों ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कमला यादव ने कहा कि पौधरोपण एक पुनीत काम है। पौधों से वातावरण में स्वच्छता प्रदान होती है। सभी लोगों को पौधरोपण करना चाहिए इस अवसर पर इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख बाबूलाल यादव, नियमताबाद पशु चिकित्सा अधिकारी तथा ब्लाक खंड के समस्त अधिकारियों कर्मचारी सहित जितेंद्र कुमार, संजय, महेंद्र, अनिल, अब्बास, सुलेमान उपस्थित रहे।

चालू वित्तीय वर्ष के तीन महीने में स्टांप चोरी का हुआ बड़ा खेल

गाजीपुर में पकड़ी गई 92.30 लाख रुपये की स्टांप चोरी

- स्टांप चोरी में 107 लोगों के खिलाफ किया गया है वाद दर्ज

अखिलानंद तिवारी /बलिया



जनपद में भूमि रजिस्ट्री कराने में स्टांप शुल्क चोरी नहीं रुक रही है। चालू वित्तीय वर्ष के शुरूआती 90 दिनों में ही 92.30 लाख रुपये की स्टांप चोरी पकड़ी गई है। हालांकि इसे लेकर प्रशासन सख्ती कर रहा है। ऐसे में अब तक स्टांप चोरी में 107 लोगों के खिलाफ वाद दर्ज किया गया है। इनके अलावा बड़े बैनामों की लगातार जांच की जा रही है, जिससे अभी और अधिक चोरी पकड़ने की बात सामने आ रही है।

जनपद में रजिस्ट्री कराने के दौरान तथ्यों को छिपाकर स्टांप चोरी की जाती है। हालांकि ऐसे लोगों को लेकर अब सख्ती बरती भी जा रही है। चालू वित्तीय वर्ष के शुरूआत के 90 दिनों में हुई 452 बड़े बैनामों की जांच की गई है। इसमें 345 बैनामें सही, मिले, जबकि 107 लोगों के स्टांप चोरी करने का भी मामला विभाग की जांच में हुआ। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक इन लोगों ने 90 लाख 30 हजार रुपये की चोरी किया है, जिनके खिलाफ संबंधित अधिकारी की कोर्ट में वाद दर्ज किया गया है। जबकि पिछले वर्ष 1,996 बैनामों की जांच की गई थी, जिसमें 414 लोगों द्वारा 4 करोड़ 89 लाख की स्टांप चोरी का मामला सामने आया था।

अधिकारियों ने पकड़े हैं स्टांप की कमी..

अधिकारी	जांच	सही	गलत	स्टांप की कमी (लाख में)
डीएम	1	1	0	0
एडीएम	3	2	1	1.27
एआईजी स्टांप	175	146	29	22.65
सभी सब रजिस्टार	273	196	77	68.38

ऐसे की जाती है स्टांप शुल्क में चोरी

गाजीपुर। कोई भूमि जो चकरोड, पक्की अथवा कच्ची सड़क पर होती है और आबादी के निकट होती है। उस पर सर्किल रेट के अलावा अतिरिक्त स्टांप लगता है। इसके अलावा संबंधित भूमि में मकान, अर्धनिर्मित भवन अथवा बाग व पेड़ मौजूद हो तो भी स्टांप शुल्क अधिक लगता है। भूमि रजिस्ट्री के दौरान इन तथ्यों को छिपाकर कम स्टांप शुल्क देते हुए बैनामा कराया जाता है तो उसे स्टांप चोरी माना जाता है। इन्हीं मामलों में स्टांप चोरी का केस दर्ज करने के साथ ही संबंधित पक्ष को नोटिस देकर मुकदमा चलाया जाता है।

"स्टांप की कमी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बड़े बैनामों की जांच की जा रही है। चालू वित्तीय वर्ष के तीन माह में 92.30 लाख रुपये की स्टांप कमी मिली है। इसपर संबंधित के खिलाफ वाद दर्ज किया गया है।

– प्रेम प्रकाश एआईजी स्टांप"

एक पेड़ मां के नाम जरूर लगायें : साधना सिंह

चंदौली। एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत मिशन के तहत चहनियां के पलिया गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद साधना सिंह ने फलदार पौधे का रोपण किया ।इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों से बचने के लिए आप सभी लोग एक पेड़ मां के नाम जरुर लगायें।आज देखिए कितनी सौभाग्यशाली हूं कि आज अपने मायके में मैने खुद एक पेड़ मां के नाम स्लोगन के तहत पौधरोपण किया । पेड़ वायु प्रदूषण को कम करने और ऊर्जा संरक्षण में मदद करते हैं। इनसे न केवल भोजन सम्बन्धी आवश्यकता की पूर्ति होती है, बल्कि जीव जगत से नाजुक संतुलन बनाने में भी यह आगे रहते हैं । इसके बिना जीवन और विकास कि कल्पना नहीं की जा सकती है । साथ ही दुसरो को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अतुल कुमार सिंह प्रिंस, वन क्षेत्राधिकारी नित्यानंद पांडेय, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. रितेश कुमार, प्रधानाध्यापक रवि कुमार सिंह, ग्राम पंचायत धिकारी मनोज कुमार, किरन गुप्ता, चंदा कुशवाहा, पूजा यादव, गरिमा सिंह, फिरोज गांधी आदि मौजूद रहे।

पुलिस मुठभेड़ में एक गिरफ्तार, 5 बदमाश फरार

जौनपुर । पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की चलाये जा रहे ऑपरेशन लंगड़ा अभियान के तहत शुक्रवार की देर रात बक्सा और बदलापुर थाना क्षेत्र की पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से आधा दर्जन बदमाशों के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान एक लुटेरे को गिरफ्तार किया गया है जिसके पैर में गोली लगी है जबकि पांच मौके से फरार हो गए हैं घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पकड़े अपराधी के पास से तमंचा कारतूस, लूट की घटना में प्रयुक्त एक अपाचे बाइक व 1400 रुपया नगद बरामद हुआ है। थानाध्यक्ष बदलापुर टीम व प्रभारी निरीक्षक बक्शा द्वारा आपस में अपराध की रोकथाम को ले कर रणनीत बनाई जा रही थी कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक अपाचे व एक स्पेलेण्डर बाइक से 6 बदमाश का गैंग जो ढकवा से बक्शा व खुटहन आदि स्थानों पर लूट करते हैं तथा 18 जुलाई को थाना बदलापुर में हुए लूट की घटना भी इन्ही लोगों द्वारा किया

परीक्षा नियंत्रक विनोद कुमार सिंह ने कार्यभार संभाला

केटी न्यूज / जौनपुर



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में विनोद कुमार सिंह ने परीक्षा नियंत्रक का कार्यभार शनिवार को ग्रहण किया। यह कार्यभार उन्होंने प्रभारी परीक्षा नियंत्रक अजीत सिंह से ग्रहण किया। श्री सिंह लखनऊ में कुलसचिव के रूप में अपनी सेवा देने के बाद पूर्वांचल विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक के पद पर शासन द्वारा नियुक्त किए गए है। उनकी यह नई जिम्मेदारी विश्वविद्यालय के परीक्षा तंत्र को सुदृढ़ और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विनोद कुमार सिंह के पास शैक्षणिक प्रशासन और प्रबंधन का व्यापक अनुभव है। लखनऊ विश्वविद्यालय में रजिस्ट्रार के पद पर रहते हुए, उन्होंने प्रशासनिक कार्यों को निपुणता से संभाला और विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं में सुधार के लिए कई पहल की। उनके नेतृत्व में लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित किए और संस्थान के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। गौरतलब है कि परीक्षा नियंत्रक विश्वविद्यालय के एल्युमिनाई भी है। उन्होंने यहां के कर्मचारियों के कार्य पद्धति की सराहना भी की। इस अवसर पर कुलपति ने अधिकारियों और कर्मचारियों की एक शिष्टाचार बैठक बुलाई। बैठक में कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक के रूप में विनोद सिंह की नियुक्ति विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र में स्थित है और यहां हजारों छात्र विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत हैं। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि परीक्षा नियंत्रक के रूप में वे परीक्षा प्रक्रियाएं सुचारू और निष्पक्ष तरीके से संचालित करेंगे ताकि छात्रों की शैक्षणिक प्रगति का सही मूल्यांकन कर उन्हें समय पर परिणाम प्रदान किया जा सके। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें बुके देकर सम्मानित किया। बैठक में वित्त अधिकारी संजय राय, उप कुलसचिवगण अमृतलाल, अजीत सिंह, दीपक सिंह, बबिता सिंह, कर्मचारी संघ अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह महामंत्री रमेश यादव, रामजी सिंह, स्वामीनाथ, राजेंद्र सिंह, डॉ. पीके कौशिक, कपिल त्यागी, राजनारायण सिंह, मुहम्मद अफसर, डॉ लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, नीता गुप्ता, रजनीश सिंह, श्याम श्रीवास्तव समेत सभी कर्मचारी शामिल थे।

गुरु पूर्णिमा पर्व को लेकर बाबा कीनाराम धाम में हुई साफ-सफाई

चहनियां(चंदौली)। सावन माह व गुरु पूर्णिमा पर्व के तैयारी को लेकर शनिवार को रामगढ़ स्थित बाबा कीनाराम धाम में सफाई कर्मियों, पुजारी, श्रद्धालुओं ने बाबा कीनाराम प्रतिमा, तपोस्थली, शिव मंदिर, कुआं, अन्नपूर्णा भवन परिसर की साफ - सफाई किया। गुरु पूर्णिमा पर्व पर क्षेत्रीय नागरिकों सहित अन्य जनपदों से आने वाले श्रद्धालुओं को बाबा कीनाराम मठ परिसर श्रद्धालुओं की आने वाली भीड़ को लेकर मठ व्यवस्थापक मेजर अशोक सिंह ने बलुआ थाना प्रभारी को जानकारी दी। गुरु पूर्णिमा का पर्व पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बाबा कीनाराम मठ परिसर रामगढ़ में विविध प्रकार के धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस दौरान औधरेश्वर बाबा कीनाराम के हजारों शिष्य व भक्त मठ परिसर में हाजिरी लगाएंगे। उक्त कार्यक्रम की तैयारी के लिए मठ व्यवस्थापक ने शनिवार को सफाई अभियान चलाकर मठ परिसर की साफ सफाई कराया ।



केमिस्ट्स एंड ड्रागिस्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन का चुनाव संपन्न

दिवाकर सिंह 9वी बार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

केटी न्यूज/ जौनपुर



केमिस्ट्स एंड ड्रागिस्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन जौनपुर का कार्यकारिणी एवं सम्मान समारोह सभा का आयोजन गोमती होटल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्था के अध्यक्ष शकील अहमद ने विगत दिनों संपन्न हुए प्रादेशिक दवा संगठन ओ सी डी यूपी के चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष दिवाकर सिंह, महामंत्री सुधीर अग्रवाल एवं जोन महामंत्री श्याम सिंह का स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दिए। अपने अध्यक्षीय उद्धबोधन शकील अहमद ने प्रदेश पदाधिकारियों के नेतृत्व एवं कार्यकुशलता की सराहना किए और आगे के कार्यकाल के लिए दवा व्यवसाय की समस्या व निराकरण की प्रतिबद्धता की आशा किए, ओ सी डी यूपी के प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर सिंह और महामंत्री श्री सुधीर अग्रवाल को शकील अहमद प्रशांत मौर्य और श्याम सिंह ने माल्यार्पण अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत एवं सम्मानित किए ,जोन महामंत्री श्याम सिंह को महेश पाण्डेय और सुनील गुप्ता में माल्यार्पण और अंगवस्त्रम से स्वागत एवं सम्मानित किए ,प्रादेशिक अध्यक्ष व जिला महामंत्री दिवाकर सिंह ने जिले में एक अन्य समानांतर संस्था से आए सदस्य लालजी गुप्ता,प्रमोद मौर्य,स्वतंत्र जायसवाल और दयाराम मौर्य का परिचय कराते हुए स्वागत किए आगे उन्होंने उसी संस्था के शीर्ष पदाधिकारी सोमेश्वर केशरवानी अध्यक्ष और विनय गुप्ता महामंत्री के साथ आए अन्य पदाधिकारीयों एवं सदस्यों की सूची सुधीर अग्रवाल को सौंपी, सुधीर अग्रवाल में विनय गुप्ता और सोमेश्वर केशरवानी का अंगवस्त्रम और माल्यार्पण कर स्वागत किए और केमिस्ट्स एंड ड्रेगिस्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन जौनपुर का सदस्यता प्रमाणपत्र दे कर संस्था की सदस्यता ग्रहण कराए,साथ में आए अन्य सदस्यों का भी स्वागत करते हुए संस्था की सदस्यता ग्रहण कराए। विनय गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि संस्था को छोड़ना तात्कालिक परिस्थिति वश एक गलत निर्णय था जिसका परिमार्जन स्वच्छ मन से वापसी है, आगे संस्था के हित के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा,सोमेश्वर केशरवानी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भावुकतावश और मतिभ्रम के कारण संस्था एक गलत निर्णय था लेकिन परिवार में वापसी से अभिभूत हूं, प्रादेशिक महामंत्री ने संस्था के संरक्षक मंडल से राजदेव यादव,राजेश सिंह,अरूण त्रिपाठी एवं श्री संजय सिंह का स्वागत किए ,साथ में संस्था के लिए उत्कृष्ट योगदान के लिए बंशीधर मौर्य,अखिलेश श्रीवास्तव, संजीव सिंह , प्रशांत मौर्य, कमल अग्रवाल, मो असीम , ध्रुवबाबू कुशवाहा,सुनील गुप्ता , महेश पाण्डेय आदि लोगो का सुधीर अग्रवाल ने माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम से स्वागत किए।

सुभाषितम्

मेरे विचार से विद्धवानो के पत्र मानव के समस्त कथनो से श्रेष्ठ हैं। - फ्रांसिस बेकन

राज्यपालों के आपराधिक मामलों में छूट की समीक्षा करेगा सुप्रीम कोर्ट

राज्यपालों के किसी भी तरह के आपराधिक मुकदमे में पूर्ण छूट के प्रावधान की समीक्षा करने के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के खिलाफ एक महिला के उत्पीड़न मामले में दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को भी इस मामले में नोटिस जारी किया है। पिछले कुछ वर्षों से संवैधानिक पदों पर बैठे हुए महानुभावों पर आपराधिक कृत्य के आरोप और प्रमाणिक शिकायतें लगातार मिल रही हैं। उनके पास संवैधानिक पद है। नियमों में उन्हें छूट प्राप्त है। सरकार का उन्हें संरक्षण है। इस स्थिति में ऐसे लोगों को आपराधिक मामलों में संरक्षण दिया जाना, संविधान के मूलभूत अधिकारों का उल्लंघन नहीं है? अब अति हो गई है। संवैधानिक पदों पर बैठे हुए अधिकांश लोग ना तो नैतिक रह गये हैं ना ही उन्हें अपने पद की गरिमा और संवैधानिक जिम्मेदारी का एहसास है। ऐसी स्थिति में सुप्रीम कोर्ट ने पुनर्विचार करने का जो निर्णय लिया है वह इस समय की सबसे बड़ी मांग है। महाराष्ट्र के राज्यपाल ने जिस तरह से अपने पद पर रहते हुए चुनी हुई निर्वाचित सरकार को साजिशपूर्ण ढंग से अपदस्थ किया था। सुप्रीम कोर्ट में जब इस मामले की सुनवाई हुई थी। तब यह मामला प्रमाणित भी हो चुका था, लेकिन तत्कालीन राज्यपाल के खिलाफ कोई कार्रवाई इसलिए नहीं हो सकी, कि वह संवैधानिक पद पर विराजमान थे। अब संवैधानिक पद पर नहीं हैं, तब भी उनके ऊपर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इस तरह का संरक्षण उन्हें असंवैधानिक कृत्य करने के लिए प्रोत्साहित करता है। दिल्ली के अभी जो उपराज्यपाल हैं, उनके खिलाफ भी गुजरात में पिछले कई वर्षों से आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। क्योंकि वह संवैधानिक पद पर बैठ गए हैं इसलिए उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो पा रही है। अभी भी उनकी कार्यप्रणाली विवादों से घिरी हुई है। उनके ऊपर संवैधानिक अधिकारों का दुरुपयोग करने का आरोप लगातार लग रहा है। यह बात भी सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली सरकार और राज्यपाल के अधिकारों को लेकर सुनवाई के दौरान प्रमाणित हो चुकी है। इसके बाद भी वह अपने पद पर बने हुए हैं। कुछ इसी तरह की स्थिति पश्चिम बंगाल के राज्यपाल पद पर रहते हुए पूर्व राज्यपाल और वर्तमान राज्यपाल दोनों ने ही अपने संवैधानिक पदों की मयार्दा को ताक पर रख दिया है। आपराधिक कृत्य करने के बाद भी उनके ऊपर कोई कार्यवाही संभव नहीं हो पा रही है। उन्हें नियमों में छूट मिली है। वह संविधान के प्रावधान और उसमें मिली विशेष छूट की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। कुछ इसी तरह की स्थिति राज्यपालों के मामले में केरल, तमिलनाडु एवं अन्य राज्यों में भी देखने को मिल रही है। जहां संवैधानिक प्रावधानों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए सुप्रीम कोर्ट के फैसले और राज्य सरकार के अधिकारों का अनादर करते हुए, संवैधानिक पदों पर बैठे हुए ये राज्यपाल, मिली हुई विशेष छूट का बेजा फायदा उठा रहे हैं। केंद्र सरकार राज्यपालों को नियुक्त करती है। केंद्र सरकार के इशारे पर वह राजनीतिक रूप से राज्य सरकारों को प्रताड़ित और परेशान करने के लिए तरह-तरह के ऐसे कृत्य करते हैं, जो अपराधिक श्रेणी में आते हैं। अब तो हद हो गई है। राज्यपाल जैसे संवैधानिक पद पर बैठे हुए लोग यौन अपराधों और भ्रष्टाचार के मामले में भी सीधे-सीधे लिप्त पाये जा रहे हैं। जो उनके शोषण का शिकार हुआ है। वह उनके खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं करा सकता है। ना ही उस मामले की जांच होती है। ऐसी स्थिति में अब यह कहा जा रहा है, राजभवन में बैठे राज्यपाल नामक महानुभाव, खुलेआम अपने पद का दुरुपयोग और भ्रष्टाचार कर रहे हैं। यौन अपराधों में लिप्त हैं।

आस्था का उत्सव : सुलतानगंज से देवघर की कांवरयात्रा

- कुमार कृष्णन



श्रावण के महीने को भगवान शिव का प्रिय मास माना जाता है। यही कारण है, कि इस महीने में महादेव की पूजा, आराधना का विशेष महत्व होता है। किंतु श्रावण के महीने में बिहार और झारखंड राज्यों में भगवान शिव की पूजा कुछ अलग ही अंदाज में की जाती है। श्रावण मास के प्रारंभ होते ही प्रत्येक वर्ष बिहार और झारखंड का पूरा क्षेत्र केसरिया वस्त्रधारी कांवरियां शिव-भक्तों की आवाजाही व बोल बम के नारों से गुंजायमान हो उठता है। कांवरिया बिहार के सुल्तानगंज से जल लेकर 110 किलोमीटर की लंबी पैदल यात्रा तय करते हैं। सुल्तानगंज से जल लेकर नाचते-गाते बाबा बैद्यनाथ के धाम की ओर प्रस्थान करते हैं। है। पूरे श्रावण मास में बिहार-झारखंड सहित बंगाल, असम, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित देश के अन्य भागों के अलावे पड़ोसी देश नेपाल आदि से भी प्रतिदिन लाख की संख्या में कांवरियां शिव-भक्त बिहार के सुल्तानगंज (भागलपुर जिला) नामक स्थान में आते हैं और यहां से उत्तरवाहिनी गंगा का पवित्र जल अपने कांवरों में लेकर नियम-निष्ठापूर्वक खुले पांव पैदल चलकर इसे झारखंड के देवघर स्थित वैद्यनाथ द्वादश ज्योतिर्लिंग पर अर्पित कर अपने कष्ट-व्याधियों को दूर करने तथा मनोवांछित फलों की प्राप्ति की कामना करते हैं। वैद्यनाथधाम स्थित देवघर के ऐतिहासिक विवरण का उल्लेख शिवपुराण में है। यहां के संपूर्ण जीवन के केन्द्र विन्दु बाबा वैद्यनाथ के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में एक है। शिवपुराण में वर्णित द्वादश ज्योर्तिलिंगों में इसका वैद्यनाथ चिताभूमि के रूप में वर्णन है। यह मात्र संयोग नहीं है कि देवघर भी शिव की चिताभूमि के रूप में जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि यहां माता सती का हृदय गिरा था। शिव पुराण के अनुसार यहीं पर माता के हृदय का दाह-संस्कार किया गया था। और तब बाबा बैद्यनाथ माता सती के वियोग में उसी राख में लोट-लोटकर पूरे अंग को भस्म विभूषित कर लिए थे। इसलिए भस्म का यहां विशेष महत्व है। और आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में भस्म भी दिया जाता है। मान्यता यह भी है कि इस भस्म को अपने ललाट पर लगाकर किसी भी कार्य के लिए निकले वह कार्य पूर्ण होता है। मनोवांछित फलों की प्राप्ति भस्म को अपने ललाट पर लगाने से होती है। देवघर के तीर्थ पुरोहित के श्रीनाथ महाराज के मुताबिक सावन और भादो में तीर्थ पुरोहित अपने यजमान को हवन से प्राप्त भस्म देते हैं। भगवान शिव का यह पीठ उर्जा का उदगमस्थल है, शक्ति का केन्द्र है। देवर्षि नारद ने हनुमान से बैद्यनाथधाम की महिमा का वर्णन करते हुए कहा है कि यही एक मात्र स्थान है जहां शिव बिना पात्र – कुपात्र, पापी पुण्यात्मा का विचार किए सबकी कामना पूर्ण करते हैं। बाबा वैद्यनाथ के प्रादुर्भाव की कथा भी कुछ कौतुहलपूर्ण और अनोखी नहीं है। इस लिंग की स्थापना का इतिहास यह है कि एक बार असुरराज रावण ने हिमालय पर जाकर शिवजी की प्रसन्नता के लिये घोर तपस्या की और अपने सिर काट-काटकर शिवलिंग पर चढ़ाने शुरू कर दिये। एक-एक करके नौ सिर चढ़ाने के बाद दसवाँ सिर भी काटने को ही था कि शिवजी प्रसन्न होकर प्रकट हो गये। उन्होंने उसके दसों सिर ज्यों-के-त्यों कर दिये और उससे वरदान माँगने को कहा। रावण ने लंका में जाकर उस लिंग को स्थापित करने के लिये उसे ले जाने की आज्ञा माँगी। शिवजी ने अनुमति तो दे दी, पर इस चेतावनी के साथ दी कि यदि मार्ग में इसे पृथ्वी पर रख देगा तो वह वहीं अचल हो जाएगा। अन्ततोगत्वा वही हुआ। रावण शिवलिंग लेकर चला पर मार्ग में एक चिताभूमि आने पर उसे लघुशंका निवृत्ति की आवश्यकता हुई। रावण उस लिंग को एक व्यक्ति को थमा लघुशंका-निवृत्ति करने चला गया। इधर उन व्यक्ति ने ज्योतिर्लिंग को बहुत अधिक भारी अनुभव कर भूमि पर रख दिया। फिर क्या था, लौटने पर रावण पूरी शक्ति लगाकर भी उसे न उखाड़ सका और निराश होकर मूर्ति पर अपना अँगूठा गड़ाकर लंका को चला गया। इधर ब्रह्मा, विष्णु आदि देवताओं ने आकर उस शिवलिंग की पूजा की। शिवजी का दर्शन होते ही सभी देवी देवताओं ने शिवलिंग की वहीं उसी स्थान पर प्रतिस्थापना कर दी और शिव-स्तुति करते हुए वापस स्वर्ग को चले गये। जनश्रुति व लोक-मान्यता के अनुसार यह वैद्यनाथ-ज्योतिर्लिग मनोवांछित फल देने वाला है। लंकापति रावण के द्वारा स्थापित होने के कारण ये रावणेश्वर वैद्यनाथ भी कहलाते हैं। शुद्ध हृदय से पूजा करने पर ये बड़ी सहजता से प्रसन्न हो उठते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। इस कारण मनोकामना लिंग के नाम से भी इनकी प्रसिद्धि है। बाबा वैद्यनाथ की पूजा अत्यंत सरल है। निर्मल हृदय फूल और बेलपत्र के साथ शिवलिंग पर उत्तरवाहिनी गंगा का जल अर्पित करो और बाबा प्रसन्न। तभी तो श्रावण मास के आते ही भक्तगण देश के कोने-कोने से कातर भाव से यहां शिवपूजन हेतु खिंचे चले आते हैं। देवघर तो आधुनिक नाम है। इसका शाब्दिक अर्थ है देवताओं का घर। पर संस्कृत ग्रंथों में हृदपीठ, रावण वन, हरितिकी वन या वैद्यनाथ मिलता है। अघोर साधना का महत्वपूर्ण स्थान होने के कारण देवघर का तांत्रिक साधना के लिए कामाख्या के बाद स्थान आता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव को जल अत्यंत प्रिय है। फिर सुल्तानगंज में आकर गंगा उत्तरवाहिनी हो जाती जो कि बहुत ही पवित्र मानी जाती है। यही कारण है कि अपने इष्टदेव को प्रसन्न करने हेतु प्रति वर्ष बड़ी संख्या में कांवरियां शिव-भक्त सुल्तानगंज से जल लेकर वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग पर अर्पित करने हेतु यहां आते हैं। सुल्तानगंज से जल उठाकर देवघर में अर्पित करने की परम्परा काफी पुरानी है। ऐसी मान्यता है कि सर्वप्रथम भगवान श्रीराम चन्द्र ने सुल्तानगंज से जल लेकर वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग पर अर्पित किया था और तब से ही इस परम्परा की शुरूआत हो गई जो आजतक जारी है। सावन का महीना शुरू होते ही देश के विभिन्न हिस्सों से प्रतिदिन हजारों शिव-भक्तों की आवाजाही सुल्तानगंज में शुरू हो जाती है। सुल्तानगंज से लेकर देवघर तक के 110 किमी के क्षेत्र में बिहार राज्य के भागलपुर, मुंगेर व बांका जिलों के तथा झारखंड राज्य के देवघर व दुमका जिलों के क्षेत्र पड़ते हैं। पूरे श्रावण मास में बिहार-झारखंड की राज्य सरकारें और संबंधित जिला प्रशासन दिन-रात शिव भक्तों की सुविधा एवं सुरक्षा, आवासन, पेयजल, चिकित्सा, परिवहन आदि की व्यवस्था में लगी रहती हैं। पूरे 110 किमी लम्बे कांवरियां मार्ग पर भक्ति की डोर में बंधे श्रद्धालुओं की अटूट श्रृंखला निरंतर चलायमान रहती जो लोक-आस्था के महामेले का स्वरूप धारण कर लेता है जो अपने आप में अनूठा है। सुल्तानगंज आकर भक्तगण सर्वप्रथम यहां की उत्तरवाहिनी गंगा में स्नान करने के बाद अपने कांवरों की साज-सज्जा करते हैं। फिर कांवर की पूजा कर अजगैबीनाथ महादेव के दर्शन करते हैं। तत्पश्चात अपने कंधे पर कांवर लेकर बोल बम और हर-हर महादेव का उद्घोष करते हुए देवघर की ओर प्रस्थान करते हैं। शिवभक्ति से ओतप्रोत इन कांवरियां श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखने को मिलता है। सुल्तानगंज से चलने के बाद 110 किमी के मार्ग में बिहार के भागलपुर, मुंगेर और बांका जिलों के असरगंज, कुमरसार, जिलेबिया, अबरखा, इनारावरण और गोड़ियारी नामक स्थान पड़ते हैं। इसके बाद वे पहाड़ी गोड़ियारी नदी पार कर झारखंड की सीमा में प्रवेश करते हैं जहां से देवघर की दूरी 17 किमी है। देवघर स्थित वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग पर गंगा के पवित्र जल के अर्पण के बाद भक्तों की कांवर यात्रा पूरी होती है। सामान्यतः भक्तगण तीन से चार दिनों में देवघर की पैदल-यात्रा तय करते हैं।

केवल परमात्मा ही आदि गुरु!

- डॉ श्रीगोपाल नारसन

जीवन पथ को सुगम बनाने के लिए गुरु आवश्यक है।जो मार्गदर्शक बन सके।हमें हमारी पहचान करा सके।हम कौन है,कहां से आए है,हमें कहां जाना है?इन सभी जिज्ञासाओं को शांत करने का माध्यम गुरु ही हो सकते है।मानव शरीर में हर मनुष्य को किसी सद्‌पुरुष को गुरु रूप में मानने की परंपरा है।भक्ति मार्ग में भी किसी सिद्ध पुरूष, ऋषि,संत, महात्मा, ज्ञानी को गुरु बनाने का चलन है। ज्ञान मार्ग या फिर रूहानियत की दृष्टि से देखे तो सर्व प्राणियों का परमात्मा ही गुरु है,वही परमपिता है और वही हमारा शिक्षक भी है। गुरू शब्द का शाब्दिक अर्थ भारी कहा गया है।अर्थात जो अपने से श्रेष्ठ हो, अपनी तपस्या से जो सिद्ध कर कर दे कि वही अपनी रूहानियत व चेहरे पर तेज की दृष्टि से आध्यात्मिक क्षेत्र में सिद्ध पुरूष रूप में प्रतिष्ठित है। कहा भी गया है कि जो ज्ञान से भारी है,वही गुरू है और गुरु ज्ञान स्वयं में एक ऐसा अथाह सागर है जिसकी थाह ले पाना भी आसान नही है। गुरू शब्द जिसके सामने लग जाता है उसे अन्यो से श्रेष्ठतम और विशिष्ठतम बना देता है। यथा गुरूत्वाकर्षण ,गुरूज्ञान आदि।चूंकि गुरु भी श्रेष्ठतम महापुरूष होते है।इसी कारण गुरु के नाम से गुरु धाम भी प्रतिष्ठा सम्पन्न हो जाता है। पौराणिक साहित्य में गुरु की इतनी महत्ता दी गई कि उसे ही विष्णु,उसे ही ब्रहमा और उसे ही महेश्वर कहा गया है। गुरु देवता तूल्य होता है। गुरु की इस तुलना का अर्थ मात्र गुरू का महिमा मण्डन करना नही है। कई मायनो में गुरु भी ब्रहमा, विष्णु व महेश के समतूल्य होते है क्योकि गुरु ही वह शक्ति है जो अपने शिष्यो और अनुयायियों को ब्रहमा, विष्णु और महेश से मिलाने के लिए ,उन्हे आत्मसात करने का मार्ग बताते रहे। तभी तो प्रभु शरणम से पहले गुरू शरणम का प्रचलन है । युगप्रर्वक संत कबीर दास ने गुरू के सच्चे रूप और कार्य का वर्णन अपने एक दोहे में किया है। गुरू गोविन्द दोउ खडे काके लागू पाये,बलिहारी गुरू आपनो गोविन्द दियो बताए। यानि गुरू और गोविन्द दोनो खडे हो और पहले पैर किसके छूयें को लेकर संशय हो तो पहले गुरू के पैर छूने चाहिए क्योकि गुरू ही वह माध्यम है जो गोविन्द से मिलने का मार्ग बताता है। कई बार गुरू और अध्यापक को एक दूसरे का पर्याय मान लिया जाता है। परन्तु यह ठीक नही है। गुरू और अध्यापक एक नही हो सकते। अध्यापक अधिकाशत भौतिक विधाएं सिखाता है। लेकिन गुरू मनुष्य रूपी शिष्य को पूर्ण रूपेण आध्यात्मिक विकास व समग्र कल्याण के लिए तैयार करता है। उसी प्रकार गुरु अपने भक्तों को परमात्मामय बनने का रास्ता दिखाकर अपने भक्तों पर उपकार करते रहे है। गुरु की प्ररेणा से ही देश दुनिया को परमात्मा का सद सन्देश मिलता है और इस पुनीत कार्य मे गुरु ही सफल सिद्ध हो रहे है। गुरु की सोच है कि ,मनुष्य जीवन का उददेश्य है जीवन मरण के चक्र से निकलना और अपने कर्मो को भोगकर मोक्ष प्राप्त करना होता है। मोक्ष प्राप्ति की इस प्रक्रिया में गुरू की भूमिका बहुत बडी है। गुरू अच्छे बुरे का ज्ञान कराता है। साथ ही अनेक भौतिक विधाओं का ज्ञान देता है। गुरू ही वह व्यक्ति है जो सत्य और असत्य के बीच का अन्तर समझाकर अपने शिष्य को सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। जब तक मनुष्य अपने सभी कर्तत्यों को पूर्ण कर प्रभु प्राप्ति के पथपर अग्रसर नही होता, तब तक गुरू उसे निरंतर निर्देश देकर उसे अपने उददेश्य की सतत याद दिलाता रहता है।ताकि शिष्य गुरू की इच्छा के अनुरूप जीवन के सन्मार्ग पर चलकर गुरू को अमरत्व प्रदान कर सके। वैदिक दर्शन में गुरू को एक चेतन देवता माना गया है। माता, पिता,पति, पत्नि,आचार्य इन सभी को चेतन देवता कहा गया है। मनुष्य के उपर इन पांचो देवताओं तथा जल, वायु ,अग्नि, वनस्पति आदि जड देवताओं का कर्ज होना माना गया है। आचार्य कर्ज मुक्ति के लिए उनके द्वारा दिये गए ज्ञान को जीवन में उतारना और दूसरो में बांटना जरूरी है। मनुष्य के लिए आवश्यक है कि सभी जड और चेतन देवताओं के साथ साथ आचार्य कर्ज भी इसी जीवन में उतारे।जिसके लिए गुरू पूर्णिमा जैसे अवसरों पर गुरू दक्षिणा देकर गुरू पथगामी बना जा सकता है। इससे गुरू के प्रति श्रद्धा तो बढती ही है गुरू का आशीर्वाद भी अपने शिष्यों पर बना रहता है। भारतीय समाज में गुरु का एक विशिष्ट स्थान है। गुरू ही बालक में संस्कार भरकर उसे एक ऐसा मनुष्य बनाता है जो संस्कारो, विधाओं और विचारो से परिपूर्ण हो। इस समाज को ऐसे ही गुरू की आवश्यकता है जो विधाविभूषितकर कल्याण के मार्ग का पथिक बना सके। ऐसे ही गुरू समाज को अपनी दिव्य ज्ञान ज्योति से प्रकाशमान करते है।गुरु को भगवान से भी ऊंचा माना गया हैं क्योंकि गुरु ही हमें अज्ञानता के अंधेरे से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता है। आज ही के दिन आदिगुरु महाभारत के रचयिता और चार वेदों के व्याख्याता महर्षि कृष्ण द्वैपायन व्यास अर्थात महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था। महर्षि व्यास संस्कृत के महान विद्वान थे। महाभारत महाकाव्य उनके द्वारा ही लिखा गया । सभी 18 पुराणों के रचयिता भी महर्षि वेदव्यास ही है। गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। भारत में सभी ऋतुओं का अपना ही महत्व है गुरु पूर्णिमा वर्षा ऋतु में ही क्यों मनाया जाता है। इसका भी एक कारण है क्योंकि इन चार माह में न अधिक गर्मी और न अधिक सर्दी होती है यह समय अध्ययन और अध्यापन के लिए अनुकूल व सर्वश्रेष्ठ है इसलिए गुरुचरण में उपस्थित शिष्य ज्ञान, शांति, भक्ति और योग शक्ति को प्राप्त करने हेतु इस समय का चयन करते हैं जीवन में जिस तरह नदी को पार करने के लिए नाविक की आवश्यकता होती है, वाहन में यात्रा करते समय चालक की, उपचार कराते समय चिकित्सक की आवश्यकता होती है। ठीक इसी प्रकार जीवन को सफल बनाने के लिए एक गुरु की आवश्यकता होती है ।गुरु के मिल जाने पर गुरु पर आजीवन विश्वास करना होता है। ऐसा इसीलिए क्योंकि गुरु की अग्नि भी शिष्य को जलाती नहीं है अपितु उसे सही राह दिखाने का काम करती है। यदि आप गुरु पूर्णिमा पर किसी को अपना गुरु बनाने की सोच रहे हैं तो सबसे पहले खूब सोच-विचार कर लें क्योंकि जीवन में गुरु सिर्फ एक बार बनाया जाता है, बार-बार नहीं । गुरु बनाने से पहले कबीरदास के इस दोहे पर जरूर गौर कर ले,

गुरु कीजिए जानि के, पानी पीजै छानि । बिना विचारे गुरु करे, परे चौरासी खानि॥

सेवा-समर्पण का पर्व है गुरु पूर्णिमा

- योगेश कुमार गोयल

प्राचीन काल से ही गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु की पूजा करने का चलन है , जो इस वर्ष 21 जुलाई को मनाई जा रही है। दरअसल प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। गुरु पूर्णिमा का संबंध महाभारत के रचयिता महर्षि श्रीकृष्ण द्वैपायन से जुड़ा है, जिनका जन्म इसी दिन हुआ माना जाता है। संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान महर्षि द्वैपायन ने ही सनातन धर्म के चारों वेदों की रचना की थी, इसीलिए उन्हें महर्षि वेद व्यास के नाम से जाना गया। वैसे तो गुरु पूर्णिमा का पर्व शास्त्रों में गुरुओं को समर्पित है लेकिन सही मायनों में यह आदिगुरु वेद व्यास के सम्मान में ही मनाया जाता है और इसीलिए इसे ह्यव्यास पूर्णिमाह्न भी कहा जाता है। महर्षि वेद व्यास ने एक लाख श्लोक वाला महाभारत, 18 पुराण और ब्रह्मा-सूत्र की रचना के साथ एक वेद को चार वेदों में विस्तारित कर समस्त संसार को ज्ञान से प्रकाशित किया था, इसीलिए उन्हें आदि-गुरु का दर्जा प्राप्त है। हिन्दू धर्म में तो गुरु को ईश्वर से भी बढ़कर माना गया है और गुरु की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा भी गया है कि गुरु ही ब्रह्मा है, गुरु ही विष्णु है, गुरु ही शंकर है, गुरु ही साक्षात परब्रह्म है, ऐसे सद्गुरु को प्रणाम। गुरु को ह्यगुरुह्न इसीलिए कहा जाता है क्योंकि वह अज्ञान रूपी अंधकार को हटाकर जीवन को ज्ञान रूपी प्रकाश से आलोकित करता है। ज्ञान की रोशनी सभी प्रकार के अंधकार को मिटा देती है, इसीलिए जीवन में गुरु का स्थान सबसे ऊंचा है। ह्यगुरुह्न में ह्यगुह्न शब्द का अर्थ है अंधकार (अज्ञान) और ह्यरुह्न का अर्थ है उसे मिटाने वाला और इस प्रकार गुरु का अर्थ हुआ अंधकार रूपी अज्ञान को मिटाने वाला। गुरु ही एकमात्र ऐसा व्यक्ति होता है, जो अंधकार को मिटाकर प्रकाश के उजाले से हमारी अंतरात्मा और मन को प्रकाशित कर सकता है। एक अच्छा गुरु जीवन में रोशनी लाने का कार्य करता है, जिससे जीवन प्रकाशमान हो जाता है। गुरु साधक के अज्ञान को मिटाता है, ताकि वह अपने भीतर सृष्टि के स्रोत का अनुभव कर सके। शास्त्रों में अज्ञान रूपी अंधकार को नष्ट करने वाला जो ब्रह्म रूप प्रकाश है, वही गुरु है अर्थात अंधकार को हटाकर प्रकाश की ओर ले जाने वाले को ही ह्यगुरुह्न कहा जाता है। गुरु की महिमा का बखान करते हुए संत कबीरदास कहते हैं:- भली भई जो गुरु मिल्या, नहीं तर होती हाणि। दीपक दिष्टि पतंग ज्यूं, पड़ता पूरी जाणि। कबीरदास के इस दोहे का अर्थ है कि अच्छा हुआ जो गुरु मिल गए, अन्यथा तो मेरी हानि ही होती। जैसे दीपक की अग्नि की ओर पतंगे आकृष्ट हो जाते हैं, वैसे ही मैं भी विषय वासनाओं और माया की ओर आकृष्ट हो जाता और परिणामस्वरूप अमूल्य जीवन को नष्ट कर देता। मनुस्मृति के अनुसार ऐसे व्यक्ति को ही गुरु बनाना चाहिए, जो क्षमा, दया, तपस्या, पवित्रता, यम, नियम, दान, सत्य, विद्या, संतोष इत्यादि दस गुणों से सम्पन्न हो। गुरु की कृपा से ही विद्यार्थियों को विद्या की प्राप्ति होती है और उनके अंदर का अज्ञान तथा अंधकार दूर होता है। गुरु कृपा से ही विश्व के समस्त सुखों, ऐश्वर्य और स्वर्ग की सम्पदा प्राप्त हो सकती है, जो बड़े-बड़े योगियों को भी नसीब नहीं होती। गुरु तथा देवता में समानता के बारे में कहा गया है कि देवताओं के लिए जैसी भक्ति की आवश्यकता है, वैसी ही गुरु के लिए भी है। अच्छे गुरु की कृपा से ईश्वर का साक्षात्कार भी संभव है लेकिन गुरु की कृपा के अभाव में कुछ भी संभव नहीं। वैसे तो गुरु को सभी धर्मों में विशेष महत्व दिया जाता रहा है लेकिन एक अच्छे गुरु का स्थान हिन्दू धर्म में भगवान से भी बढ़कर है।

चिंतन-मनन

साधना और सुविधा

आसक्ति के पथ पर आगे बढ़ने वाले अपनी आकांक्षाओं को विस्तार देते हैं। उनकी इच्छाओं का इतना विस्तार हो जाता है, जहां से लौटना संभव नहीं है। उस विस्तार में व्यक्ति का अस्तित्व विलीन हो जाता है। फिर वह अपने लिए नहीं जीता। उसके जीवन का आधार पदार्थ बन जाता है। पदार्थ जब मनुष्य पर हावी हो जाए तो समस्या क्यों नहीं होगी? आसक्ति अपने आप में समस्या है। इस समस्या का समाधान पदार्थ के विस्तार में नहीं, संयम में है। संयम के पथ पर वही चल सकता है, जो पदार्थ से विरक्त होने लगता है। जिन लोगों को विरक्ति का पथ प्राप्त है, जो जीवनभर इस पथ पर चलने के लिए कृतसंकल्प हैं, उनके सामने किसी प्रकार का प्रलोभन नहीं होना चाहिए। पदार्थ जीवन की आवश्यकता की पूर्ति का साधन है, यह भाव जब तक प्रबल रहता है, उसके प्रति आसक्ति पैदा नहीं होती। किंतु जब पदार्थ साध्य बन जाता है, तब व्यक्ति का दृष्टिकोण बदल जाता है। बदला हुआ दृष्टिकोण व्यक्ति को स्वच्छंद बनाता है, सुविधावादी बनाता है और उसे संग्रह की प्रेरणा देता है। स्वच्छंदता, सुविधावाद और संग्रहवृत्ति- ये तीन सकार साधना के विघ्न हैं। साधना के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए इनका सीमाकरण करना ही होगा। वैचारिक स्वतंत्रता का जहां तक प्रश्न है, साधना के साथ उसका कोई विरोध नहीं है। पर विचार की स्वतंत्रता की यह अर्थ नहीं है कि व्यक्ति अपनी सीमा, संविधान और परंपरा से विमुख होकर उच्छृंखल बन जाए। उच्छृंखलता या स्वच्छंदता जहां प्रवेश पा लेती है, वहां से अनुशासन, व्यवस्था आदि तत्वों का पलायन हो जाता है। यह स्थिति व्यक्ति और समूह दोनों के लिए हितकर नहीं है। सुविधा के साथ भी साधना का विरोध नहीं है। साधना के नियम जिस सीमा तक स्वीकृति देते हैं, उस सीमा में सहज रूप से कोई सुविधा प्राप्त होती हो तो उसका उपयोग सम्मत है। जैन साधना पद्धति में शरीर को साधने का विधान तो है, पर उसे कष्ट देना कभी अभीष्ट नहीं है।

आज का राशिफल

मेष दिन अनकूलता से भरा होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। बुद्धि विवेक से लिए गए निर्णय लाभ में रहेंगे।

वृषभ कारोबार में संभलकर काम करने की सलाह है। निवेश न करें वरना आपको नुकसान हो सकता है।

मिथुन आज कारोबार में सफलता मिलने की संभावना है। जो भी काम करेंगे उसमें आपको लाभ होगा।

कर्क आज लाभ के योग बन रहे हैं और आपको हर मामले में सफलता प्राप्त होने के योग हैं।

सिंह आज दिन लाभ से भरा होगा। महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों के लिए दिन शुभफलदायक रहेगा।

कन्या आज दिन शुभ है और आपके खर्च कम हो जाने से आपकी अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी।

तुला आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपको धन प्राप्ति से कोष वृद्धि होगी।

वृश्चिक धन प्राप्ति होने से मन में प्रसन्नता होगी। किसी महान अधिकारी और नेता से भेंटवार्ता होगी।

धनु आज आपके जरूरी काम में आ रही बाधाएं दूर होंगी। पूजापाठ में रूचि बढ़ेगी।

मकर अपने बात करने के तरीके से लोगों का दिल जीत लेंगे तो आपको कारोबार में अच्छा मुनाफा होगा।

कुंभ आज दिन मिलाजुला रहेगा। रुके कार्य कुछ झंझट के बाद पूरे हो जाएंगे।

मीन लाभ का दिन है और धन में वृद्धि होगी। आपको आज कोई हर्षदायक समाचार मिलेगा।

विशेष

सहयोगी दलों ने खोला उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा

कावड़ यात्रा के दौरान रास्ते में पढ़ने वाले दुकानदारों से दुकान पर नाम लिखने के आदेश पर एनडीए के सहयोगी दलों में बवाल मच गया है उन्होंने खुले आम इसका विरोध शुरू कर दिया है इसे मोदी सरकार और योगी सरकार के बीच में एक अदावत के रूप में भी देखा जा रहा है इसका केंद्र और उत्तर प्रदेश की राजनीति में क्या परिणाम होगा इसको लेकर तरह-तरह की अटकलों का दौर शुरू हो गया है इसे मोदी और शहर की लड़ाई के रूप में भी देखा जा रहा है बजट सत्र शुरू

सहयोगी दलों ने खोला योगी सरकार के खिलाफ मोर्चा

कावड़ यात्रा के दौरान रास्ते में पड़ने वाले दुकानदारों से दुकान पर नाम लिखने के आदेश पर एनडीए के सहयोगी दलों में बवाल मच गया है। उन्होंने खुले आम इसका विरोध शुरू कर दिया है। मोदी सरकार और योगी सरकार के बीच में एक अदावत के रूप में देखा जा रहा है। इसका केंद्र और उत्तर प्रदेश की राजनीति में क्या परिणाम होगा।इसको लेकर तरह-तरह की अटकलों का दौर शुरू हो गया है। इसे धार्मिक ध्रुवीकरण ओर मोदी और शाह की लड़ाई के रूप में भी देखा जा रहा है। बजट सत्र शुरू हो गया है। केंद्र सरकार पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा। इसको लेकर तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं।

कार्टून कोना




आज का इतिहास

1658: औरंगजेब ने अपनी ताजपोशी का जश्न मनाया. 1683: इंग्लैंड नरेश के खिलाफ साजिश के सिलसिले में लार्ड विलियम रसेल को मौत के घाट उतार दिया गया. 1718: रोम और तुर्की के बीच युद्ध पैसारोविज संधि के बाद समाप्त हुआ. 1798: नेपोलियन बोनापार्ट ने मिस्त्र पर कब्जा किया. 1906: कांग्रेस के प्रथम अध्यक्ष डब्ल्यू. सी. बनर्जी का निधन हुआ. 1920 : शाह फैजल ने सीरिया में फ्रांसिसी शासनादेश को मान्यता प्रदान की. 1947: संविधान सभा ने राष्ट्र ध्वज स्वीकार किया. 1960: श्रीमती सिरिमावों भंडारनायके श्रीलंका की प्रधानमंत्री बनी. 1962: चीन और भारत के बीच सीमा संघर्ष कश्मीर के इलाके में भड़का. 1963: काशी विद्यापीठ को विश्वविद्यालय की मान्यता दी गयी. 1969: अमरीकी अपोलो 4 के अंतरिक्ष यात्रियों नील आर्मस्ट्रांग और एडविन एल्डिन जूनियर ने चांद से धरती की यात्रा शुरू की.

दैनिक पंचांग

21 जुलाई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	कर्क में	कर्क	05.05 बजे से
चंद्र	धनु में	सिंह	07.25 बजे से
मंगल	वृष में	कन्या	09.37 बजे से
बुध	सिंह में	तुला	11.48 बजे से
गुरु	वृष में	वृश्चिक	14.02 ब.से
शुक्र	कर्क में	धनु	16.18 बजे से
शनि	कुंभ में	मकर	18.24 बजे से
राहु	मीन में	कुंभ	20.10 बजे से
केतु	कन्या में	मीन	21.43 बजे से
राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक		मेष	23.13 बजे से
		वृष	00.54 बजे से
		मिथुन	02.52 बजे से

रविवार 2024 वर्ष का 203 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल **तिथि** पूर्णिमा 15.47 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 00.14 बजे रात्र को समाप्त। **योग** विष्कुम्भ 21.11 बजे को समाप्त। **करण** बव 15.47 बजे तदनन्तर बालव 02.32 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 15.0 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 20° 25' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872047 **जूलियन दिन** 2460512.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** मोहर्रम **तारीख** 14 **विशेष** व्यास पूजा, आषाढ़ पूर्णिमा, गुरु पूर्णिमा।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
उद्वेग	05.56 से 07.23	बजे तक	शुभ	05.36 से 07.09	बजे तक
चर	07.23 से 08.51	बजे तक	अमृत	07.09 से 08.41	बजे तक
लाभ	08.51 से 10.18	बजे तक	चर	08.41 से 10.14	बजे तक
अमृत	10.18 से 11.46	बजे तक	रोग	10.14 से 11.46	बजे तक
काल	11.46 से 01.14	बजे तक	काल	11.46 से 01.19	बजे तक
शुभ	01.14 से 02.41	बजे तक	लाभ	01.19 से 02.51	बजे तक
रोग	02.41 से 04.09	बजे तक	उद्वेग	02.51 से 04.24	बजे तक
उद्वेग	04.09 से 05.36	बजे तक	शुभ	04.24 से 05.53	बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore



कैसे बनें कंटेंट राइटर और क्या होगी सैलरी

हर कंपनी के पास एक ऐसी टीम होती है। जो कंपनी का सोशल मीडिया, ब्लॉग्स और वेबसाइट आदि को मैनेज करती है। ऐसे में आप भी इस क्षेत्र में अपनी स्किल्स को बढ़ाकर अपने कॅरियर की शुरूआत कर सकते हैं।

आज के दौर में हर कोई सोशल मीडिया का इस्तेमाल जमकर कर रहा है। वहीं आपने भी देखा होगा कि छोटी-बड़ी कंपनियों के भी सोशल मीडिया पर प्रोफाइल बने हैं, जिन पर हर रोज कुछ न कुछ अपडेट आता रहता है। सोशल मीडिया एप पर आप कंपनियों के बारे में विस्तृत जानकारी ले सकते हैं। आज के समय में कंपनी के यू-ट्यूब अकाउंट, ट्विटर, इंट्राग्राम, टेलीग्राम समेत तमाम पेजों को नियमित तौर पर मैनेज किया जाता है। हालांकि जब पहले सोशल मीडिया का जमाना नहीं था, तब कंपनी की पहचान सीमित हुआ करती थी। लेकिन सोशल मीडिया के इस दौर में हर कंपनी की अपनी पहचान लोकल से ग्लोबल तक है। इन सबमें कंटेंट राइटिंग का रोल सबसे ज्यादा अहम होता है। दरअसल, कंपनी को लोकल से ग्लोबल तक पहुंचाने में कंटेंट राइटिंग का रोल महत्वपूर्ण है, जिसके लिए हर कंपनी के पास एक ऐसी टीम होती है। जो कंपनी का सोशल मीडिया, ब्लॉग्स और वेबसाइट आदि को मैनेज करती है। इस हिसाब से देखा जाए, तो टीम में कंटेंट राइटर का पद सबसे ज्यादा अहम होता है।

बता दें कि कंटेंट राइटर कंपनी की पहचान, उसके प्रोडक्ट और कंपनी के बारे में जो लिखता है। उसी के आधार पर कंपनी मार्केट में ब्रांड बनकर उभरती है। यदि आप किसी कंपनी के बारे में अच्छे से जानना चाहते हैं, तो सोशल मीडिया या वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जा रहे कंपनी द्वारा कंटेंट से तय होता है। इसके अलावा कंपनियां कंपनी के बारे में ई बुक, कंपनियों की वार्षिक विवरण पुस्तिका, प्रोडक्ट का यूजर मैनुअल या दीक्षांत समारोह का न्यूज लेटर आदि सब कंटेंट राइटर की तैयार करते हैं।

वर्तमान समय में तमाम वेबसाइट्स कंटेंट राइटर्स को मोटी पगार पर हायर करती हैं। यही कारण है कि 12वीं और ग्रेजुएशन पास अभ्यर्थी कंटेंट राइटिंग कर लाखों रुपए कमा रहे हैं। इसी वजह से लोग इसको एक प्रोफेशन को देख रहे हैं। ऐसे में इस फील्ड में आगे बढ़ने की तमाम संभावनाएं हैं। ऐसे में आप भी कंटेंट राइटिंग का कोर्स कर अपने सपने को साकार कर सकते हैं।

सैलरी

शुरूआत में एक कंटेंट राइटर के तौर पर कंपनी आपको सालान 2-3 लाख रुपए अदा करती हैं। वहीं समय के साथ अनुभव बढ़ने पर कंटेंट राइटर को सालान 4-5 लाख तक का पैकेज आसानी से मिल जाता है। बता दें कि आमतौर पर एक कंटेंट राइटर को 20 हजार से लेकर 35 हजार रुपए प्रतिमाह सैलरी मिलती है।

ऐसे बनाएं कॅरिअर

अगर आप भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, तो अभ्यर्थी डिजिटल मार्केटिंग, ग्रॉफिक्स डिजाइनिंग जैसे फील्ड में अपना कॅरियर बना सकते हैं। अभ्यर्थी घर बैठकर कई टेक्निकल कोर्सेस के साथ अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं।



आर्टिस्टिक होने के साथ लॉजिकल थिंकर होते हैं प्रोडक्ट डिजाइनर्स



स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स, बच्चों के खिलौने से लेकर ड्राइंग रूम के स्टाइलिश व स्मार्ट फर्नीचर्स तक आज जहां भी नजर दौड़ाए, टेक्नोलॉजी इनोवेशंस की एक से बढ़कर एक मिसालें देखने को मिल जाती है। फरि चाहे वह कोई गैजेट हो, डिजाइनर वॉच या होम अप्लायंस। ऐसे में कई बार सोचने में आता है कि इन्हें डिजाइन कौन करता है, इनका क्रिएटर ये काम प्रोडक्ट डिजाइर्स करते हैं जो कि इमेजिनेटिव पॉवर और एस्थेटिक सेंस की बदौलत टेक्टिनकल प्रोडक्ट्स बनाते हैं। इंजीनियरिंग का एडवांस ब्रांच है प्रोडक्ट डिजाइनिंग जिसमें इन दिनों युवाओं का अच्छा रुझान देखा जा रहा है।

वर्क प्रोफाइल

प्रोडक्ट डिजाइनर्स कमर्शियल मैन्युफैक्चरिंग फर्म्स के लिए आर्टिकल्स, प्रोडक्ट्स, मटीरियल्स डिजाइन करते हैं। कोई भी चीज डिजाइन करने से पहले ये उसकी विजुअल अपील और प्रैक्टिकल यूज का पूरा ध्यान रखते हैं। एक प्रोडक्ट डिजाइन को कार, होम अप्लायंस, कम्प्यूटर, मेडिकल इक्विपमेंट, ऑफसि या रिक्रिएशन इक्विपमेंट, खिलौने आदि कुछ भी डिजाइन करने पड़ सकते हैं। उन्हें मार्केट रिसर्चर्स, एडवरटाइजिंग टीम और प्रोडक्शन मैनेजस से इंटरेक्ट करने के अलावा ग्राफकि डिजाइनर्स के साथ काम करना होता है।

स्किल्स

प्रोडक्ट डिजाइनर को आर्टिस्टिक होने के साथ लॉजिकल थिंकर होना भी जरूरी है। आपके पास आउट ऑफ बॉक्स आइजिडयाज होंगे तो अलग पहचान बना सकेंगे। इसी तरह ऑब्जर्वेशन स्किल और विजुअल इमेजिनेशन बेहतरीन होनी चाहिए। आपको ड्रांइग के माध्यम से अपने आइडियाज को एक्सप्रेस करना, कंज्यूमर गुड्स के प्रोडक्शन और मार्केटिंग की समझ होनी चाहिए।

शैक्षणिक योग्यता

अगर आपके पास आर्किटेक्चर या इंजीनियरिंग में डिग्री होगी, तो आप आईआईटी से इंडस्ट्रीयल डिजाइनिंग में मास्टर्स कर सकते हैं। इससे करियर ग्रोथ अच्छी रहेगी। वैसे, साइंस स्ट्रीम से बारहवीं करने वाले नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन या आईआईटी से इंडस्ट्रियल डिजाइन का कोर्स कर, प्रोडक्ट डिजाइनिंग की फील्ड में आ सकते हैं।

मार्केट में अवसर


मैन्युफैक्चरिंग फर्म्स के डिजाइन डिपार्टमेंट में प्रोडक्ट डिजाइनर्स की अच्छी मांग होती है। आप इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट डिजाइनर , वॉच डिजाइनर, फुटवियर डिजाइनर, डिजिटल डिजाइनर, आदि के रूप में करियर शुरू कर सकते हैं। इसके अलावा कंसल्टिंग फर्म्स में जॉब की जा सकती है।

प्रमुख संस्थान

- इंडस्ट्रियल डिजाइन सेंटर, आईआईटी बॉम्बे
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद
- एमआईटी इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, पुणे
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, पुणे



आज जहां भी नजर दौड़ाए, टेक्नोलॉजी इनोवेशंस की एक से बढ़कर एक मिसालें देखने को मिल जाती है। फरि चाहे वह कोई गैजेट हो, डिजाइनर वॉच या होम अप्लायंस। ऐसे में कई बार सोचने में आता है कि इन्हें डिजाइन कौन करता है, इनका क्रिएटर ये काम प्रोडक्ट डिजाइर्स करते हैं जो कि इमेजिनेटिव पॉवर और एस्थेटिक सेंस की बदौलत टेक्टिनकल प्रोडक्ट्स बनाते हैं।



काम आएगी अखबार पढ़ने की आदत

अखबार पढ़ने की आदत बैंकिंग परीक्षा के करंट अफेयर्स सेक्शन तथा इंग्लिश सेक्शन दोनों ही में आपकी मदद करेगी। बैंकों में भर्ती के लिए होने वाली परीक्षा में यह परखा जाता है कि उम्मीदवार सीमित समय में समस्याओं को हल करने में कितना सक्षम है। इसमें न्यूनतम समय में उम्मीदवार की लॉजिकल रीजनिंग क्षमता तथा निर्णय क्षमता का आंकलन किया जाता है। साथ ही अपने आसपास की घटनाओं और अंगरेजी भाषा के ज्ञान की कसौटी पर भी उम्मीदवार को कसा जाता है। इसमें करंट अफेयर्स तो ऐसा विषय है, जिस पर आपकी पकड़ को रिटर्न टेस्ट ही नहीं, पर्सनल इंटरव्यू में भी जांचा जाता है।

पढ़ने की आदत पड़ती है

परीक्षा के लिहाज से, पढ़ने की आदत विकसित करना बहुत जरूरी है। इससे इंग्लिश लैंग्वेज पेपर को हल करने में बहुत मदद मिलती है। रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन व पैसेज वाले हिस्से में अच्छे अंक लाने के लिए अच्छी रीडिंग स्किल जरूरी है। इसका अभ्यास करने के लिए अखबार एक अच्छा मंच है। आप अखबार में जो भी पढ़ें, उसका अर्थ अच्छी तरह समझें और उसे एक कागज पर लिख लें। यह भी देखें कि ऐसा आपने कितने समय में किया।

सेंटेंस फॉर्मेशन की जानकार

अंग्रेजी भाषा में लिखने का कोई तयशुदा फ्रेम नहीं है। इसमें वाक्य बिल्कुल सरल भी हो सकते हैं और बेहत जटिल भी। जो उम्मीदवार खुद को इंग्लिश में कमजोर महसूस करते हैं और इस भाषा को बस अभी-अभी समझने लगे हैं, उनके लिए इंग्लिश अखबार पढ़ना बहुत ही फायदेमंद रहेगा। अखबारों में काफी सरल वाक्य रचना होती है। इन्हें पढ़कर आप एक्टिव/ पैसिव वॉइस, वर्ब्स, ग्रामर, टेन्स आदि को बेहतर समझ सकते हैं।

राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय समाचार एकत्र करना

न्यूज एंड करंट अफेयर्स बैंकिंग एग्जाम्स का एक महत्वपूर्ण घटक है क्योंकि जनरल नॉलेज पेपर में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय महत्व की ताजा घटनाओं से जुड़े प्रश्न पूछे जाते हैं। आपको चाहिए कि आप रोज अखबारों में महत्वपूर्ण न्यूज आइटम चिह्नित कर लें और फिर आने वाले दिनों में इनका फॉलो-अप लेते रहें। सबसे महत्वपूर्ण समाचारों को खास तौर पर नोट करें और परीक्षा की तैयारी करते हुए इन्हें रिवाइज करते रहें।

इंटरव्यू राउंड में करंट अफेयर्स का लाभ

समसामयिक घटनाक्रम से अवगत रहना इसलिए भी जरूरी है कि पसर्नल इंटरव्यू राउंड में इंटरव्यू पैनल इसके प्रति आपकी जागरूकता की परीक्षा ले सकता है। यदि आप नियमित रूप से अखबार पढ़ते रहे हैं, तो इन घटनाओं की जानकारी आपको मुंह-जुबानी याद होगी।

बढ़ता है आत्मविश्वास

रोज अखबार पढ़ने की आदत आपके आत्मविश्वास से भी भर देती है। आपको राजनीति, अर्थतंत्र, खेल आदि विषयों की जानकारी मिलती है। इससे आप रिटन एग्जाम, पर्सनल इंटरव्यू या ग्रुप डिस्कशन का सामना भी पूरे आत्मविश्वास के साथ कर सकते हैं। जानकारी होने पर आप स्पष्टता के साथ तथ्यों का विश्लेषण भी कर सकते हैं। बैंकिंग एग्जाम क्रैक करना साल-दर-साल मुश्किल होता जा रहा है। कारण यह कि सीमित संख्या के पदों के लिए आवेदन करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसकी तैयारी के लिए बहुत परिश्रम करना पड़ता है और ज्यादा से ज्यादा ज्ञान अर्जित करना पड़ता है। अखबार इस ज्ञान का बहुत ही अहम स्रोत साबित होते हैं और कई तरह से आपकी मदद करते हैं।



राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, गुजरात, बिहार से लेकर दक्षिण के कई राज्यों की ऐतिहासिक इमारतें और धरोहरें हमेशा से घरेलू व विदेशी पर्यटकों को अपनी ओर खींचती रही हैं।ऐसे में इन धरोहरों को सहेजना, उनका संरक्षण करना जरूरी हो जाता है। यही जिम्मेदारी संभालते हैं कंजर्वेशन मैनेजमेंट स्पेशलिस्ट, जो स्मारकों, किलों, महलों, मंदिरों के अलावा बेशकीमती पांडुलिपियों, मूर्तियों, सिक्कों या वॉल पेंटिंग्स जैसे म्यूजियम ऑब्जेक्ट्स को सहेजकर रखते हैं।

हेरिटेज और कल्चरल टूरिज्म की रीढ़ है कंजर्वेशन मैनेजमेंट स्पेशलिस्ट

भारत की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विविधता बेमिसाल मानी जाती है। राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, गुजरात, बिहार से लेकर दक्षिण के कई राज्यों की ऐतिहासिक इमारतें और धरोहरें हमेशा से घरेलू व विदेशी पर्यटकों को अपनी ओर खींचती रही हैं। अगर आपको भी ऐतिहासिक विरासतों के संरक्षण में दिलचस्पी है, तो म्यूजियोलॉजी या हेरिटेज मैनेजमेंट का कोर्स करने के बाद इस उभरते हुए क्षेत्र में करियर संवार सकते हैं।

जॉब स्कॉप

यूनेस्को की ओर से देश की 32 धरोहरों को वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स का दर्जा मिला हुआ है। ये सभी देश के कल्चरल टूरिज्म के बड़े गंतव्य हैं लेकिन बेतरतीब शहरीकरण व व्यवसायीकरण से इन धरोहरों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। इनके रखरखाव की जरूरत महसूस की जाने लगी है, जो सिर्फ प्रशिक्षित और हुनरमंद हेरिटेज कंजर्वेटर ही कर सकते हैं। यही कारण है कि हाल के वर्षों में हेरिटेज कंजर्वेटर, आर्ट रिस्टोरर और म्यूजियोलॉजिस्ट जैसे पेशे का महत्व काफी बढ़ गया है। संग्रहालयों का भी सामाजिक और शैक्षणिक महत्व दिनो-दिन बढ़ता जा रहा है। देश में आर्ट म्यूजियम, आर्कियोलॉजिकल म्यूजियम, वैक्स म्यूजियम, विज्ञान/ तकनीक/ मैरिटाइम म्यूजियम तथा मिलेट्री व वॉर म्यूजियम के रूप में कई तरह के म्यूजियम्स संचालित हो रहे हैं, जिनमें हेरिटेज एक्सपर्ट्स की अच्छी डिमांड है।

करियर के अवसर

भारत में हेरिटेज मैनेजमेंट सेक्टर भले ही अभी नया है लेकिन इसमें जॉब के अवसर कम नहीं हैं। म्यूजियोलॉजी और हेरिटेज मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए टीचिंग और रिसर्च वर्क के अलावा नेशनल/ स्टेट म्यूजियम्स, आर्कियोलॉजिकल म्यूजियम्स, आर्ट गैलरीज, कंजर्वेशन लैब्स, लाइब्रेरी, आर्काइव्स, आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, स्टेट डिपार्टमेंट ऑफ आर्कियोलॉजी, पर्यटन विभाग तथा एनजीओ में जॉब के ढेर सारे मौके हैं। ऐसे जानकारों की सेवाएं विदेश मंत्रालय की हिस्टोरियन डिविजन, शिक्षा मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार, इंडियन काउंसिल ऑफ हिस्टोरिकल रिसर्च आदि में भी ली जाती हैं। यूनेस्को और यूनिसेफ जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों में भी जॉब की अच्छी संभावनाएं हैं। म्यूजियोलॉजी या हेरिटेज मैनेजमेंट के विद्यार्थी वर्तमान में बड़ी संख्या में इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर आर्ट एंड कल्चर, इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट, कल्चर एंड हेरिटेज तथा म्यूजियम्स में कंजर्वेटर, हेरिटेज मैनेजर, क्यूरेटर, प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर, रिसर्च एसोसिएट या आर्ट कंसल्टेंट जैसे पदों पर सेवाएं दे रहे हैं।

वर्क प्रोफाइल

म्यूजियोलॉजी यानी म्यूजियम से जुड़ा विज्ञान। इस कोर्स के अंतर्गत मुख्य रूप से म्यूजियम के प्रशासन तथा मैनेजमेंट से जुड़े पहलुओं का अध्ययन किया जाता है। पाठ्यक्रम के रूप में संग्रहालय विस्थापन, वैज्ञानिक/ कलात्मक/ ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण वस्तुओं की देखभाल/ संरक्षण, कलाओं का प्रस्तुतिकरण, म्यूजियम कलेक्शन, डिजाइनिंग तथा डॉक्यूमेंटेशन आदि विषयों की जानकारी दी जाती है, जबकि हेरिटेज कंजर्वेशन एंड मैनेजमेंट कोर्स एक इंटर-डिसिप्लिनरी स्पेशलाइज्ड कोर्स है। इसके अध्ययन का दायरा दो हिस्सों में बंटा है- हेरिटेज कंजर्वेशन तथा हेरिटेज मैनेजमेंट। हेरिटेज कंजर्वेशन एक टेक्निकल फील्ड है। इसके अंतर्गत विभिन्न स्थलों की खुदाई में मिले म्यूजियम ऑब्जेक्ट्स यानी दुर्लभ पांडुलिपियों, मूर्तियों, पुराने सिक्कों या प्राचीन कलाकृतियों को नष्ट होने से बचाने की जानकारी दी जाती है। वहीं, हेरिटेज मैनेजमेंट पूरी तरह से एडमिनिस्ट्रेटिव व आर्किटेक्चरल फील्ड है, जिसमें स्मारकों के प्रबंधन, रखरखाव व साजसज्जा की जानकारी दी जाती है।

पर्सनल स्किल

हेरिटेज कंजर्वेशन बिल्कुल अलग तरह का कोर्स है। इसलिए इस क्षेत्र में वे ही युवा आएं, जिन्हें इतिहास, कला या सांस्कृतिक चीजों में रुचि हो क्योंकि बगैर रुचि और समर्पण के इस क्षेत्र में तरक्की कर पाना मुश्किल है। यदि प्रबंधन क्षेत्र से जुड़ना चाहते हैं, तो आर्किटेक्चरल स्किल, टेक्निकल स्किल के अलावा आपमें प्रशासनिक क्षमता, अच्छी ऑबजर्वेशन स्किल और विश्लेषण की दक्षता भी होनी चाहिए।

संक्षिप्त समाचार

दिवालिया कार्यवाही के चलते बंद हो जाएगी बायजू, हाईकोर्ट से बोले रवींद्रन



नईदिल्ली, एजेंसी। कभी सबसे मूल्यवान स्टार्टअप रही बायजू पर अब पूरी तरह बंद होने का संकट मंडरा रहा है। शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी के संस्थापक एवं सीईओ बायजू रवींद्रन ने कर्नाटक हाईकोर्ट में दायर याचिका में बायजू के बंद होने की आशंका जताई है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने 158.9 करोड़ रुपये नहीं चुकाने पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की याचिका पर बायजू के खिलाफ दिवालिया कार्यवाही शुरू करने की अनुमति दी है। रवींद्रन ने इसके खिलाफ कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। इसमें कहा गया है कि दिवालिया कार्यवाही चलती रही तो कंपनी के हजारों कर्मियों को नौकरी छोड़ने पर मजबूर होना पड़ेगा। इससे शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी की सेवाएं पूरी तरह बंद हो जाएगी। रवींद्रन के काउंसिल एमजेडएम लीगल ने 452 पेज की याचिका में कहा, दिवालिया कार्यवाही की वजह से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के मेंटेनेंस के लिए बायजू को सेवा देने वाले वेंडर को भी डिफॉल्टर घोषित करना होगा। इससे सारा ऑपरेशन ठप हो जाएगा। दिवालिया कार्यवाही शुरू होने के साथ बायजू की संपत्तियां अटैच कर ली गई हैं। इसके बोर्ड को भी निलंबित कर दिया गया है। बायजू के पास अभी 27 हजार कर्मचारी हैं, जिनमें 16,000 शिक्षक शामिल हैं। कर्नाटक हाईकोर्ट मामले की सुनवाई सोमवार को करेगा। रवींद्रन ने 90 दिनों के भीतर बकाया भुगतान की इच्छा जताई है।

रिलायंस जियो इन्फोकॉम का जून तिमाही में शुद्ध लाभ 12 प्रतिशत बढ़कर 5,445 करोड़ रुपए पर



नईदिल्ली, एजेंसी। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपनी जून तिमाही के नतीजे पेश कर दिए हैं। फाइनेंशियल ईयर 2024-25 की पहली तिमाही में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की टेलिकॉम विंग, रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड को 5445 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट हुआ है। इससे पहले कंपनी ने पिछली तिमाही में 5,337 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हासिल किया था, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में 4,863 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट दर्ज किया था। जून तिमाही में जियो का ऑपरेशन से रेवेन्यू बढ़कर 26,478 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछली तिमाही में 25,959 करोड़ रुपए और पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 24,042 करोड़ रुपए था। इसके साथ ही टेलीकॉम कंपनी का ऑपरेटिंग मार्जिन क्रमशः बढ़कर 52.6 प्रतिशत हो गया है। विश्लेषकों के अनुसार, टेलीकॉम विंग रिलायंस जियो ने अपने कस्टमर बेस का विस्तार जारी रखा और जून तिमाही में 9 मिलियन यानी 90 लाख से अधिक उपयोगकर्ता जोड़े हैं। इसके अलावा, जियो के एआरपीयू में भी वृद्धि देखी गई। साल भर पहले जून तिमाही में जियो ने 90 लाख ग्राहक जोड़े थे।

बचत के लिए बैंकों से दूरी बना रहे लोग, म्यूचुअल फंड जैसी स्कीम आ रही पसंद: आरबीआई

मुंबई, एजेंसी। लोगों को निवेश के लिए बैंक जैसे पारंपरिक साधन रास नहीं आ रहे हैं। शायद यही कारण है कि वे उससे दूरी बना रहे हैं। वहीं बचत को बैंकों के बजाय कैपिटल मार्केट में निवेश करना पसंद कर रहे हैं। ये बातें आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बीएफएसआई शिखर सम्मेलन 2024 में कहीं। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान कहा कि आम लोग जो परंपरागत रूप से अपनी बचत को निवेश करने के लिए बैंकों पर निर्भर थे, वे अब तेजी से कैपिटल मार्केट की ओर रुख कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति घरेलू निवेशों जैसे म्यूचुअल फंड और अन्य बचत साधनों में दिखाई दे रही है। लोग पारंपरिक निवेश साधनों से दूर जा रहे हैं। बैंक जमा का हिस्सा घट रहा है, क्योंकि परिवार तेजी से अपनी बचत म्यूचुअल फंड, बीमा फंड और पेंशन फंड में आवंटित कर रहे हैं।



लोन की ग्रोथ, डिपॉजिट ग्रोथ से अधिक नहीं हो

शक्तिकांत दास ने कहा कि डिपॉजिट ग्रोथ के मुकाबले क्रेडिट ग्रोथ बहुत ज्यादा नहीं होनी चाहिए। बैंकों ने अन्य सोर्सेज पर निर्भरता बढ़ाकर क्रेडिट और डिपॉजिट के अंतर को कम करने की कोशिश की है। इससे ब्याज दरों के प्रति उनकी संवेदनशीलता बढ़ जाती है और लिक्विडिटी मैनेजमेंट के लिए चुनौतियां पैदा होती हैं।

गवर्नर ने कहा कि माइक्रोफाइनेंस बैंक तय सीमा से अधिक ब्याज ले रहे हैं। बैंकों को ग्राहकों को जोड़ने की प्रक्रिया में सुधार की जरूरत है और बैंक, एनबीएफसीएस को साइबर सिक्योरिटीज पर और खर्च करने की जरूरत है। इसके अलावा ट्रांजैक्शन मॉनिटरिंग को मजबूत करने पर काम जारी रखा जाए। अर्थव्यवस्था ने भरी तेजी से उड़ानगवर्नर शक्तिकांत दास का कहना है कि केंद्रीय बैंक पूरी तरह आश्वस्त है कि वित्त वर्ष 2024-25 में 7.2 प्रतिशत का आर्थिक विकास दर का अनुमान पूरा हो जाएगा इसके अलावा दास ने कहा कि कारोवारी घरानों को बैंक खोलने की अनुमति देने से हितों के टकराव और संबंधित पक्षों के लेनदेन से जुड़ा जोखिम बढ़ जाता है आरबीआई ने लगभग एक दशक पहले कई बड़े कारोबारी समूहों को नए बैंकों का लाइसेंस देने के अयोग्य घोषित कर दिया था।

विप्रो को 3000 करोड़ रुपये से ज्यादा का मुनाफा, साल भर में 33 प्रतिशत चढ़े कंपनी के शेयर



नईदिल्ली, एजेंसी। दिग्गज आईटी कंपनी विप्रो को 30 जून 2024 को खत्म हुई तिमाही में 3003 करोड़ रुपये का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट हुआ है। एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले विप्रो का मुनाफा 4.6 पर्सेंट बढ़ा है। विप्रो को पिछले साल की जून तिमाही में 2870 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ था। विप्रो के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 2.78 पर्सेंट की गिरावट के साथ 557.25 रुपये पर बंद हुए हैं। दिन के कारोबार के दौरान विप्रो के शेयर 52 हफ्ते के नए हाई 580 रुपये पर भी पहुंचे। चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में विप्रो का रेवेन्यू 21964 करोड़ रुपये रहा है। पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले कंपनी का रेवेन्यू 4 पर्सेंट घटा है। पिछले वित्त वर्ष की जून तिमाही में विप्रो का रेवेन्यू 22831 करोड़ रुपये था। 30 सितंबर 2024 को खत्म होने वाली तिमाही के लिए अपने गाइडेंस में विप्रो ने कहा है कि आईटी सर्विसेज बिजनेस सेगमेंट का रेवेन्यू 2600 से 2652 मिलियन डॉलर की रेंज में रह सकता है। विप्रो के शेयर पिछले एक साल में 33 पर्सेंट से ज्यादा चढ़ गए हैं। कंपनी के शेयर 19 जुलाई 2023 को 417.80 रुपये पर थे।

पेटीएम निवेशकों को लगा झटका, जून तिमाही में 840 करोड़ रुपये का हुआ घाटा, आरबीआई के फैसले का दिखा असर



नईदिल्ली, एजेंसी। पेटीएम की मालिकाना हक वाली कंपनी वन कम्युनिकेशंस का घाटा चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में बढ़कर 840 करोड़ रुपये हो गया। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 358.4 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। पेटीएम के शेयरों में आज तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयर 3.07 प्रतिशत की तेजी के साथ 458.70 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। पिछले एक महीने के दौरान पेटीएम के शेयरों का भाव 10 प्रतिशत बढ़ा है। पेटीएम ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी नेट इनक 33.48 प्रतिशत घटकर 1,639.1 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,464.2 करोड़ रुपये था।

पेटीएम के प्रवक्ता ने घाटे में बढ़ोतरी और राजस्व में गिरावट के लिए मुख्य रूप से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सहयोगी कंपनी पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण कारोबार में आई बाधा को जिम्मेदार ठहराया।

प्रवक्ता ने कहा, इसके लिए (राजस्व में कमी और घाटे में वृद्धि)तीन कारक जिम्मेदार हैं। यह मुख्य रूप से वॉलेट जैसे पीपीबीएल उत्पादों के कारण व्यवधान हैं। हमने वॉलेट और कुछ उत्पादों का उपयोग बंद कर दिया है। कंपनी ने कुछ ऐसे उत्पादों पर भी अस्थायी रूप से रोक लगा दी है, जिनके बारे में उद्योग स्तर पर नियामकों को चिंता हो सकती है। प्रवक्ता के अनुसार, पहली तिमाही में पीपीबीएल व्यवधान का प्रभाव समाप्त हो गया है और कंपनी का प्रदर्शन दूसरी तिमाही से बेहतर होगा। आरबीआई ने कारोबारियों सहित ग्राहकों के हितों को ध्यान में रखते हुए 15 मार्च से पीपीबीएल को किसी भी ग्राहक खाते, वॉलेट और फास्टैग में जमा, क्रेडिट लेनदेन या टॉप-अप स्वीकार करने से रोक दिया है।

स्मार्टफोन बाजार पर चीन का कब्जा, शायोमी फिर बना नंबर 1, तीसरे नंबर पर खिसकी सैमसंग



नई दिल्ली, एजेंसी। चीन के मोबाइल ब्रांड शायोमी ने एक बार फिर भारतीय स्मार्टफोन बाजार में अपनी धाक जमा ली है। इस ब्रांड में छह तिमाहियों बाद भारत के स्मार्टफोन बाजार में फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया है। जून तिमाही में शायोमी ने कोरिया की कंपनी सेमसंग को पीछे छोड़ दिया। सैमसंग अब वीवो के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गई है। शायोमी की शिपमेंट में सालाना आधार पर सबसे ज्यादा 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। जून तिमाही में शायोमी की बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 18 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले 15 प्रतिशत थी। वीवो दूसरे स्थान पर रहा। चार फीसदी की सालाना ग्रोथ के साथ उसकी बाजार हिस्सेदारी 18 प्रतिशत पर बनी रही। तीसरे स्थान पर काबिज सेमसंग की शिपमेंट में 8 प्रतिशत की गिरावट आई और उसकी बाजार हिस्सेदारी 17 प्रतिशत रही। रियलमी और ओप्पो क्रमशः 12 प्रतिशत और 11 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।

आंकड़ों के मुताबिक, जून तिमाही में कुल मोबाइल शिपमेंट में सालाना आधार पर मामूली 1 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 36.4 मिलियन यूनिट रही। रिसर्च फर्म का अनुमान है कि आगामी त्योहारी सीजन और पूरे साल के दौरान शिपमेंट में 5 प्रतिशत से कुछ अधिक की ग्रोथ हो सकती है। दूसरी तिमाही में शिपमेंट में सपाट ग्रोथ रही। आम चुनाव, कमजोर मौसमी मांग और देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी के कारण ऐसा हुआ। टॉप पांच में से चार चीनी कंपनियों ने जून तिमाही में संयुक्त रूप से 59 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की, जो एक साल पहले 55 प्रतिशत थी। बाजार पर नजर रखने वालों के अनुसार, चीनी स्मार्टफोन ब्रांड्स शायोमी,विवो, ओप्पो, रियलमी, ट्रांज़ियन और मोटोरोला की संयुक्त बाजार हिस्सेदारी जून तिमाही में बढ़कर 75 प्रतिशत से अधिक हो गई। पिछले साल सितंबर तिमाही में यह 61 प्रतिशत के निचले स्तर पर थी।

चीनी कंपनियों की दमदार वापसी

जानकारों का कहना है कि शायोमी का फिर से टॉप पर आना और दूसरे चीनी ब्रांड्स का मजबूत प्रदर्शन इस प्रमाण है कि उनकी लोकप्रियता बरकरार है। चीन के मोबाइल कंपनियों पर टैक्स की चोरी समेत कई तरह की हेराफेरी के आरोप हैं। ईडी और कई दूसरी एंजेंसियां उनकी जांच कर रही हैं। श्वष्ट ने शायोमी पर अपनी चीनी मूल कंपनी को रॉयल्टी के भुगतान की आड़ में तीसरे पक्ष को अवैध रूप से पैसे भेजने का आरोप लगाया है। हालांकि कंपनी ने इन आरोपों से इन्कार किया है। शायोमी इंडिया ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है। फिलहाल मामला अदालत में है।

ऑल टाइम हाई पर पहुंचा भारत का विदेशी मुद्रा भंडार, 9.70 अरब बढ़ा देश का खजाना

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में हुई 9.70 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के बाद देश का खजाना ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया है। भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक, 12 जुलाई को समाप्त हुए सप्ताह में देश के खजाने में लगभग 82 हजार करोड़ की वृद्धि हुई जिससे विदेशी मुद्रा भंडार अबतक के उच्चतम स्तर 666.85 अरब डॉलर हो गया है। इस तरह करीब 20 सप्ताह के बाद देश के खजाने में करीब 10 अरब डॉलर का इजाफा देखने को मिला है। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 8.36 अरब डॉलर बढ़कर 585.47 अरब डॉलर हो गईं।

फ्लाइट कैंसिल हो या देरी से उड़े, ट्रैवल इंश्योरेंस रखेगा टेंशन फ्री, मात्र 200 रुपये में मिलेंगी 5000 जितनी सुविधाएं

नईदिल्ली, एजेंसी। माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में आई गड़बड़ी से भारत समेत दुनियाभर के एयरपोर्ट पर फ्लाइट का असर पड़ा है। काफी फ्लाइट उड़ान ही नहीं भर पाईं। इससे एयरलाइंस को फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ीं। यात्री एयरपोर्ट पर इधर-उधर भटकते नजर आए। वहीं, दूसरी ओर यात्रियों को अपनी फ्लाइट शेड्यूल करने और रिफंड लेने में भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ऐसे में ट्रैवल इंश्योरेंस काफी काम आता है। ये इंश्योरेंस डोमेस्टिक और इंटरनेशनल, दोनों तरह की फ्लाइट के लिए होते हैं। एयर टिकट के मुकाबले ये काफी सस्ते होते हैं और उन्हें ऑनलाइन लिया जा सकता है। ये काफी कम कीमत पर मिल जाते हैं।

ट्रैवल इंश्योरेंस उस समय काफी काम आते हैं जब किसी भी वजह से फ्लाइट कैंसिल हो जाती है या देरी से उड़ान भरती है। वजह बारिश, भूकंप, कोहरा आदि कुछ भी हो सकती है। ऐसी स्थिति में इंश्योरेंस कंपनियां यात्री को होटल में रुकने से लेकर कैब और खाने तक की सुविधाएं देती हैं। हालांकि ऐसी स्थिति में एयरलाइंस कंपनियां भी यात्रियों को रहने, खाने-पीने आदि की सुविधाएं देती हैं। ट्रैवल इंश्योरेंस में मिलने वाली सुविधाएं एयरलाइंस की ओर से मिलने वाली सुविधाओं से अलग होती हैं।



हर एयरलाइंस कंपनी नागर विमानन महानिदेशालय के नियमों के अनुसार काम करती है। फ्लाइट के देरी से उड़ने या रद्द होने की स्थिति में फ्लाइट में सवार सभी यात्रियों को खाने से लेकर उन्हें आराम करने के लिए जगह देने तक की जिम्मेदारी उस एयरलाइंस कंपनी की होती है जिस एयरलाइंस से यात्री उड़ान भरने वाले होते हैं। लेकिन समय-समय पर एयरलाइंस कंपनियों की ओर से इन सुविधाएं के न मिलने की भी शिकायतें आती रहती हैं। ऐसे में ट्रैवल इंश्योरेंस काफी काम आ सकता है।

डोमेस्टिक यानी भारत में ही यात्रा करने के मामले में ट्रैवल इंश्योरेंस का खर्च 100 रुपये से 800 रुपये प्रति यात्री होता है। यह खर्च एक तरफ की यात्रा के लिए है। वहीं इंटरनेशनल मामले में इंश्योरेंस का खर्च अलग-अलग देश के हिसाब से अलग-अलग होता है। यह खर्च 5 हजार रुपये तक हो सकता है। अगर आप डोमेस्टिक ट्रैवल इंश्योरेंस लेते हैं तो यह इंश्योरेंस 200 रुपये में मिल जाता है तो आपको 5 हजार या इससे ज्यादा रुपये तक की सुविधाएं ले सकते हैं।

कहां से लें ट्रैवल इंश्योरेंस

ट्रैवल इंश्योरेंस को ऑनलाइन या ऑफलाइन लिया जा सकता है। आप जिस प्लेटफॉर्म से टिकट बुक कराते हैं, वहां से भी इंश्योरेंस लिया जा सकता है। कुछ प्लेटफॉर्म पेटीएम, मेकमायट्रिप, ईजमायट्रिप, पॉलिसीबाजार आदि से भी ट्रैवल इंश्योरेंस ले सकते हैं। ध्यान रखें कि ट्रैवल इंश्योरेंस टिकट बुक कराने वाले दिन से लेकर यात्रा करने वाले दिन से 10 से 15 मिनट पहले तक ले सकते हैं। बेहतर होगा कि टिकट बुक कराते समय ही ट्रैवल इंश्योरेंस ले लें।

पतंजलि फूड्स ने तिमाही नतीजों का किया ऐलान, नेट प्रॉफिट में 3 गुना हुआ इजाफा

नईदिल्ली, एजेंसी। खाद्य तेल और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली पतंजलि फूड्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में नेट प्रॉफिट तीन गुना होकर 262.90 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में इसका नेट प्रॉफिट 87.75 करोड़ रुपये था। हालांकि, कंपनी की आय में गिरावट देखने को मिली है। इसके बावजूद नेट प्रॉफिट में इजाफा देखने को मिला है। कंपनी के शेयर बीएसई में 0.74 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1591.15 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। पिछले एक साल के दौरान पतंजलि फूड्स के शेयरों का प्रदर्शन बहुत शानदार नहीं रहा है। पिछले एक साल में यह स्टॉक 25.3 प्रतिशत का रिटर्न ही देने में सफल हुआ है। वहीं, एक महीने से स्टॉक को होल्ड करने वाले लोगों 13.5 प्रतिशत का लाभ हुआ है। बीएसई में कंपनी का 1,769.15 रुपये और 52 वीक लो लेवल 1,170.10 रुपये है। पतंजलि फूड्स का मार्केट कैप 57,598.81 करोड़ रुपये का है।



कंपनी ने लगातार डिविडेंड देती आ रही है?

कंपनी ने आखिरी बार मार्च 2024 में एक्स-डिविडेंड स्टॉक के तौर पर ट्रेड किया था। तब कंपनी ने एक शेयर पर 6 रुपये का डिविडेंड दिया था। वहीं, 2023 में कंपनी 6 रुपये का डिविडेंड दिया था। कंपनी ने कहा कि कम आय के बावजूद इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसका लाभ बढ़ा है। कुल आय घटकर इस वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 7,202.35 करोड़ रुपये रही। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 7,810.50 करोड़ रुपये थी। बाबा रामदेव की अगुवाई वाली पतंजलि आयुर्वेद द्वारा प्रवर्तित यह कंपनी खाद्य तेल, खाद्य एवं दैनिक उपयोग के सामान और पवन ऊर्जा उत्पादन क्षेत्रों में मौजूद है। यह पतंजलि, रुचि गोल्ड, महाकोश, न्यूट्रिला आदि जैसे ब्रांडों के माध्यम से अपने उत्पादों का मार्केटिंग करती है।

टाटा टेलीसर्विसेज का सोया स्टॉक जागा, 5 दिन में 50 प्रतिशत चढ़ा भाव

नईदिल्ली, एजेंसी। टाटा टेलीसर्विसेज (महाराष्ट्र) के शेयरों में तेज उछाल देखने को मिली। कंपनी के शेयर 14 प्रतिशत की तेजी के साथ 111.48 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गए। हालांकि, कंपनी के शेयर बीएसई में बाजार होने के समय पर 102.11 रुपये पर लुढ़ककर बंद हुए थे। टाटा टेलीसर्विसेज (महाराष्ट्र) लिमिटेड के शेयर आज 20 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए थे। 2022 के बाद कंपनी के शेयरों का यह सबसे उच्चतम स्तर है। पिछले 2 कारोबारी दिनों की बात करें तो इस दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 37 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। 11 जुलाई को कंपनी के शेयर 74.97 रुपये के स्तर पर थे। तब से अबतक कंपनी के शेयरों की कीमतों में 50 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। यानी टीटीएमएल के शेयरों में 5 कारोबारी दिनों में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिल चुकी है। बता दें, टाटा टेलीसर्विसेज की सर्विसेज देश के 60 शहरों में प्रदान की जाती है।

टाटा टेलीसर्विसेज लिमिटेड का 52 वीक हाई 111.48 रुपये है। जबकि कंपनी का 52 वीक लो लेवल 65.29 रुपये प्रति शेयर है। टाटा का यह शेयर अपने 52 वीक लो लेवल 57 प्रतिशत की तेजी हासिल करने में सफल रहा है। कंपनी का मार्केट कैप 19,961.77 करोड़ रुपये का है। टाटा ग्रुप की इस कंपनी में प्रमोटर्स के पास कुल हिस्सेदारी 74.36 प्रतिशत की है। पब्लिक की कुल होल्डिंग 23.19 प्रतिशत की है। विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी 2.38 प्रतिशत की है।

कंपनी की कमाई में इजाफा

मार्च तिमाही में कंपनी का कुल रेवन्यू 324.90 करोड़ रुपये रहा थआ। जोकि दिसंबर 2023 की तुलना में अधिक है। तब कंपनी की कुल कमाई 288.60 करोड़ रुपये थी। हालांकि, कंपनी को मार्च तिमाही के दौरान 309.30 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था।

बीपीसीएल का शुद्ध लाभ पहली तिमाही में 73 प्रतिशत घटकर 2,842 करोड़ रुपए पर

नईदिल्ली, एजेंसी। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) ने कहा कि उसका शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में 73 प्रतिशत घट गया। रिफाइनरी मार्जिन में गिरावट और ईंधन की कीमतों में कमी के चलते विपणन मार्जिन कम रहने से उसका मुनाफा घटा। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि अप्रैल-जून तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 2,841.55 करोड़ रुपए था, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 10,644.30 करोड़ रुपए था। इस साल जनवरी-मार्च में बीपीसीएल का शुद्ध लाभ 4,789.57 करोड़ रुपए था। ईंधन खुदरा कारोबार से कर-पूर्व आय 70 प्रतिशत घटकर 4,255.73 करोड़ रुपए रह गई।

बीपीसीएल और दूसरे सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओं - इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने पिछले साल लागत में गिरावट के बावजूद पेट्रोल और डीजल की कीमतों को स्थिर रखने से असाधारण लाभ कमाया था।



बीपीसीएल ने समीक्षाधीन तिमाही में कच्चे तेल के प्रत्येक बैरल को ईंधन में बदलने पर 7.86 अमेरिकी डॉलर कमाए, जबकि पिछले साल इसी अवधि में इसका सकल रिफाइनिंग मार्जिन 12.64 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल था। इस साल अप्रैल-जून में बिक्री वृद्धि 3.22 प्रतिशत रही, जबकि एक साल पहले यह 8.42 प्रतिशत थी। परिचालन आय 1.28 लाख करोड़ रुपये पर लगभग अपरिवर्तित रही।

संक्षिप्त समाचार

पृथ्वी से टकरा सकता है एक स्टेरॉयड, सबकुछ हो जाएगा खत्म? नासा ने कहा- मचा सकता है तबाही



वाशिंगटन, एजेंसी। नासा ने एक चौंकाने वाली जानकारी दी है, जिसके चलते नासा ने पूरी पृथ्वी के लिए अलर्ट जारी किया है। इस अलर्ट के मुताबिक, जल्द ही एक बड़ा स्टेरॉयड पृथ्वी से टकरा सकता है और पृथ्वी पर भारी हलचल पैदा कर सकता है। इस स्टेरॉयड का नाम 'अपोलो एमजी 1' है। इसकी लंबाई बोइंग 767 विमान के बराबर है और इसका वजन कई गुना ज्यादा है। नासा के मुताबिक, करीब 220 फीट लंबा यह स्टेरॉयड 73 हजार किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अंतरिक्ष में घूम रहा है और पृथ्वी की ओर बढ़ रहा है। नासा के मुताबिक, यह स्टेरॉयड 21 जुलाई 2024 को पृथ्वी के पास से गुजर सकता है। भारतीय मानक समय के मुताबिक यह घटना 22 जुलाई को सुबह 3 :10 बजे होने की संभावना है। यह स्टेरॉयड पृथ्वी से लगभग 4.2 मिलियन किलोमीटर की दूरी से पृथ्वी की ओर आ रहा है। इस स्टेरॉयड का नाम अपोलो अंतरिक्ष यान के नाम पर रखा गया है। इस स्टेरॉयड के विखंडन से बना एक स्टेरॉयड पृथ्वी से टकरा सकता है और तबाही मचा सकता है, लेकिन यह पता नहीं चल पाया है कि यह धरती के किस हिस्से से टकराएगा। वहीं, इर बारे में नासा के वैज्ञानिकों का कहना है कि जब स्टेरॉयड पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते हैं, तो वे 2013 में चेल्याबिंस्क आग जैसी तबाही मचाते हैं। 15 फरवरी, 2013 को रूस के दक्षिणी यूराल क्षेत्र में स्थित यह शहर एक बड़े उल्कापिंड की चपेट में आ गया और आग लग गई। हालांकि अपोलो एमजी1 के पृथ्वी से टकराने की संभावना कम है, लेकिन नासा के वैज्ञानिक इसकी गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रहे हैं।

ब्राजील में भीषण सड़क हादसा, कई वाहनों की टक्कर में 6 लोगों की मौत

ब्रासीलिया, एजेंसी। दक्षिणी ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में दो कारों और एक ट्रक की टक्कर में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने शुक्रवार को दी। स्थानीय अग्निशमन विभाग के हवाले से कहा गया कि दुर्घटना गुरुवार को स्थानीय समयानुसार लगभग 11 :30 बजे रात में रियो पाडर शहर के पास एक राजमार्ग पर हुई, जब छह लोगों को ले जा रही एक कार एक अन्य वाहन के पीछे से टकरा गई, जिससे दोनों एक ट्रक से टकरा गए। रिपोर्ट के अनुसार, मरने वाले लोग एक ही कार में सवार थे, जबकि दूसरे वाहन और ट्रक के चालक दुर्घटना में बच गए। रियो पाडर शहर दक्षिण अमेरिकी देश के दक्षिणी क्षेत्र में रियो ग्रांडे डो सुल राज्य की राजधानी पोटर एलेग्रे से लगभग 140 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

पाकिस्तान की कोट लखपत जेल भेजे गए कुरैशी

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने देश के पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को रावलपिंडी की अदियाला जेल से लाहौर की कोट लखपत जेल स्थानांतरित कर दिया। आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) से अनुमति मिलने के बाद शुक्रवार को एक अधिकारी ने बताया, एटीसी-द्ब लाहौर के न्यायाधीश खालिद अरशद ने डीआईजी ऑपरेशन की तरफ से दायर आवेदन के बाद कुरैशी को दूसरी जेल में भेजने की अनुमति दी। इसके बाद उन्हें अदियाला जेल से कोट लखपत जेल भेजा गया। बता दें कि कुरैशी जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के उपाध्यक्ष भी हैं। उन्हें 9 मई, 2023 के दंगों से संबंधित एक मामले में पिछले सोमवार को आरोपित किया गया था। हालांकि, 68 वर्षीय कुरैशी ने सभी आरोपों से इनकार किया है।

इमरान खान के हित में आए फैसले से सशंकित सत्ताधारी दल

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के ही एक अन्य अहम घटनाक्रम में सत्ताधी दल-'पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी' और गठबंधन सहयोगियों के बीच उच्चतम न्यायालय के फैसले को लेकर मंथन का दौर शुरू हो गया है। अगर न्यायालय का फैसला लागू होता है तो जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी संसद में सबसे बड़ी पार्टी बन जाएगी। इस कारण सत्तारूढ़ गठबंधन के कई नेता उच्चतम न्यायालय के फैसले से आशंकित हैं।पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के अध्यक्ष नवाज शरीफ की बेटी और पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने शीर्ष अदालत के इसे फैसले के खिलाफ कहा, मैं सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों से कहना चाहूंगी कि वे देश को काम करने दें।

पाकिस्तान में प्रदर्शनकारियों पर सेना ने चलाई गोली, कई घायल

लाहौर, एजेंसी। खैबर पख्तूनख्वा जिले में शुक्रवार को शांतिपूर्ण पश्तून प्रदर्शनकारियों पर पाकिस्तानी रक्षा बलों ने गोलियां चलाईं। पख्तूनख्वा क्षेत्र में बढ़ती आतंकी घटनाओं के विरोध और शांति के उपायों की मांग करने के लिए हजारों लोग प्रदर्शन कर रहे थे। पश्तून तहफुज मूवमेंट (पीटीएम) के सदस्य काजी मुहम्मद ताहिर ने सोशल मीडिया पर कहा, बन्नू शांति मार्च पर शुक्रवार को बन्नू आर्मी कैंट से गोलीबारी की गई।

बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शन: अब तक 105 की मौत, बेहद संवेदनशील हालात में सेना के हाथ कमान, देशभर में कर्फ्यू

ढाका, एजेंसी। बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण को लेकर हिंसा तेज होने के बाद शुक्रवार को देशभर में कर्फ्यू लगा दिया और सेना तैनात कर दी गई। प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रेस सचिव नईमुल इस्लाम खान ने कहा कि देश में किसी तरह की रैली, जुलूस पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। छात्र प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़प में अब तक 105 लोग मारे जा चुके हैं। इसमें 52 मौतें केवल राजधानी ढाका में शुक्रवार को हुई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग की और आंसुगैस के गोले भी दागे। देश में इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद हैं। हालात पर काबू पाने के लिए 15 वर्षों से सत्ता में बनी प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के लिए यह एक बड़ी चुनौती है। कई दिनों से जारी हिंसा को रोकने में पुलिस के विफल रहने के बाद सेना को तैनात करना पड़ा है। दरअसल पुलिस कई दिनों से देश भर में जारी हिंसा को रोकने में विफल रही। छात्र प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़प में अब तक 105 लोग मारे जा चुके हैं। इसमें 52 मौतें केवल राजधानी ढाका में शुक्रवार को हुई हैं। इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद हैं। नईमुल इस्लाम ने बताया कि सरकार ने लोगों की सहायता के लिए सेना तैनात करने और कर्फ्यू लगाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि कर्फ्यू तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। स्थित पर काबू पाने के लिए 15 वर्षों से सत्ता में बनी प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के लिए यह एक बड़ी चुनौती है।



405 भारतीय छात्र लौटे : बांग्लादेश की हालत पर भारत की भी करीबी नजर है। भारत ने कहा कि हिंसक प्रदर्शन पड़ोसी देश का आंतरिक मामला है। 8,000 छात्रों समेत करीब 15 हजार भारतीय बांग्लादेश में हैं। सभी सुरक्षित हैं। अब तक 405 छात्र स्वदेश लौट आए हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर हालात पर नजर रखे हुए हैं। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने वहां भारतीयों को सुरक्षा सहायता के लिए परामर्श जारी किया है।

जेल में घुसे प्रदर्शनकारी छात्र, लगाई आग, सैकड़ों कैदियों को छुड़ाया : बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर प्रदर्शन जारी है। शुक्रवार को पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं और आंसू गैस के गोले दागे, साथ ही राजधानी ढाका में लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया। इस बीच, बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी छात्रों ने बांग्लादेश की जेल में धावा बोल दिया और जिससे वहां से सैकड़ों कैदी भाग गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने जेल में आग भी लगा दी। हिंसक प्रदर्शनों के बीच इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई हैं। राजधानी ढाका और कुछ स्थानों पर प्रदर्शन कुछ सप्ताह पहले शुरू हुए थे लेकिन सोमवार से इनमें तेजी आ गई। पड़ोसी देश में जारी विरोध प्रदर्शन प्रधानमंत्री शेख हसीना के लिए अहम चुनौती हैं। उन्होंने जनवरी में हुए चुनाव में लगातार चौथी बार जीत हासिल की थी। प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की आज की घटना के एक दिन पहले भी काफी हिंसा हुई थी जिसमें स्थानीय मीडिया के अनुसार 22 लोगों की मौत हो गई थी। समय टीवी ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि शुक्रवार को चार और लोग मारे गए। इन आंकड़ों की तुरंत पुष्टि करने के लिए अधिकारियों से संपर्क नहीं किया जा सका। एसोसिएटेड प्रेस के एक रिपोर्टर ने देखा कि सीमा रक्षक अधिकारियों ने 1000 से अधिक प्रदर्शनकारियों की भीड़ पर गोलियां चलाईं। ये प्रदर्शनकारी सरकारी बांग्लादेश टेलीविजन के मुख्यालय के बाहर एकत्र हुए थे।

सरकारी टीवी भी प्रदर्शनकारियों का हमला : इस मुख्यालय पर एक दिन पहले प्रदर्शनकारियों ने हमला किया था और आग लगा दी थी। सीमा रक्षकों ने भीड़ पर गोलियां चलाईं, जबकि पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और रबर की गोलियां चलाईं। गोलियां सड़कों पर बिखरी हुई थीं जहां खून के धब्बे भी थे। बांग्लादेश टेलीविजन के एक पत्रकार ने बृहस्पतिवार को एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि प्रदर्शनकारियों ने मुख्य द्वार तोड़ दिया और वाहनों और स्वागत कक्ष क्षेत्र में आग लगा दी। उन्होंने फोन पर कहा, मैं दीवार फांदकर भाग गया लेकिन मेरे कुछ साथी अंदर फंस गए। हमलावर इमारत में घुसे और उन्होंने फर्नीचर में आग लगा दी। स्थानीय मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि बृहस्पतिवार को कम से कम 22 लोग मारे गए जबकि इस सप्ताह की शुरुआत में छह लोगों की मौत हो गई थी। शुक्रवार सुबह राजधानी ढाका में इंटरनेट सेवाओं के साथ ही मोबाइल डेटा को बंद कर दिया गया।

चीन में भारी बारिश के बीच भरभराकर गिर गया पुल, कम से कम 11 की मौत

बीजिंग, एजेंसी। अपनी उन्नत तकनीक और मॉडर्न इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए मशहूर चीन में एक पुल ढह गया और 11 लोगों की मौत हो गई। उत्तर पश्चिमी चीन के शानक्सी प्रांत में एक राजमार्ग पुल के आंशिक रूप से ढह जाने से शनिवार सुबह तक ग्यारह लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रांतीय प्रचार विभाग के अनुसार शांग्लुओ शहर के झाशुई काउंटी में स्थित यह पुल शुक्रवार को अचानक भारी बारिश और बाढ़ के कारण रात लगभग 8:40 बजे ढह गया।

शनिवार सुबह 10 बजे (स्थानीय समय) तक बचाव दल ने नदी में गिरे पांच वाहनों को बरामद कर लिया था। बचाव कार्य जारी है। बता दें कि इन दिनों चीन के कई हिस्सों में भारी बारिश हो रही है। भारत में भी मॉनसूनी बारिश की वजह से कई जगहों पर पुल गिरे हैं। दो दिन पहले ही उत्तराखंड के ऋषिकेश-बद्रीनाथ राजमार्ग पर रूद्रप्रयाग के पास एक निर्माणाधीन सिग्नेचर ब्रिज का एक हिस्सा गिर गए। गनीमत यह थी कि उस वक्त कोई भी मजदूर साइट पर नहीं था। ऐसे में किसी की जान इस हादसे में नहीं गई है।

बता दें कि नरकोटा में 66 करोड़ की लागत से 110 मीटर लंबा सिग्नेचर ब्रिज बनाया जा रहा है। 2021 से ही इस प्रोजेक्ट पर काम जारी है। वहीं 2022 में इस पुल का बेस गिर गया था जिसमें तीन लोगों की जान चली गई थी। बिहार की बात करें तो भारी बारिश के बीच कई पुल गिर चुके हैं। जून के महीने में 11 दिन के अंदर ही बिहार में पांच पुल गिर गए। 28 जून को गंगा नदी पर बन रहे पुल का एक हिस्सा गिर गए। पुल गिरने पर सियासत भी हो रही है।

पुल गिरने से आरजेडी को हमला करने का मौका मिल रहा है। ज्यादातर प्रोजेक्ट नीतीश की सरकार में ही मंजूर हुए हैं। वहीं नीतीश कुमार इन दिनों एनडीए में हैं। ऐसे में तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएम मोदी की रहनुमाई में सीएम नीतीश कुमार की अगुआई में बिहार की डबल इंजन वालीसरकार में पुलों के गिरने से जनता के करोड़ों रुपये स्वाहा हो रहे हैं। खुद को ईमानदार घोषित करने वाले लोग इसे भ्रष्टाचार भी नहीं कह पा रहे हैं।

पाकिस्तान में हिंदू सबसे बड़े अल्पसंख्यक, वर्ष 2017 के 35 लाख से बढ़कर 2023 में 38 लाख हुई

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी वर्ष 2017 के 35 लाख से बढ़कर 2023 में 38 लाख हो गई, जो इन्हें इस इस्लामी राष्ट्र का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह बनाती है। पिछले साल की जनगणना के आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान सांख्यिकी ब्यूरो (पीबीएस) ने गुरुवार को 7वीं आबादी और आवास जनगणना 2023 के नतीजे जारी किए।

2023 में पाकिस्तान की कुल जनसंख्या 2,40,458,089 थी। इससे पता चलता है कि कुल आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी 2017 में 96.47 प्रतिशत से थोड़ी कम होकर 2023 में 96.35 प्रतिशत रह गई, जबकि सभी प्रमुख धार्मिक अल्पसंख्यकों की आबादी पिछले छह वर्षों में बढ़ी है।

पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी 2017 के 35 लाख से बढ़कर 2023 में 38 लाख हो गई, लेकिन कुल आबादी में उनकी हिस्सेदारी 1.73 से घटकर 1.61 प्रतिशत हो गई है। इससे पता चलता है कि अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की आबादी में तेज दर से वृद्धि हुई है। ईसाइयों की जनसंख्या भी 26 लाख से बढ़कर 33 लाख हो गई। अहमदियों की वास्तविक जनसंख्या के साथ-साथ कुल जनसंख्या में उनकी हिस्सेदारी में भी गिरावट देखी गई।

पाकिस्तानी पति ने भारतीय पत्नी को घर से निकाला, बच्चों की कस्टडी को लेकर अदालत पहुंचा मामला

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान की एक अदालत ने शुक्रवार को एक भारतीय महिला की याचिका पर सुनवाई शुरू की। महिला का आरोप है कि उसके पाकिस्तानी पति ने उसे प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया और उसके नाबालिग बच्चों को लेकर संयुक्त अरब अमीरात चला गया है। महिला ने अपने बच्चों की कस्टडी देने की मांग करते हुए अदालत का रुख किया है।

लाहौर उच्च न्यायालय में चल रही सुनवाई : याचिकाकर्ता फरजाना बेगम ने लाहौर उच्च न्यायालय को बताया कि उसने लाहौर के रहने वाले मिर्जा यूसुफ इलाही से साल 2015 में शादी की थी। दोनों की मुलाकात संयुक्त अरब अमीरात में हुई थी। शादी के बाद दोनों के दो बच्चे हुए। साल 2018 में दोनों लाहौर आ गए। लाहौर आने के बाद पति ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया और उसे भारत वापस लौटने को कहा। महिला का कहना है कि वह अपने बच्चों के बिना भारत नहीं जाएगी। महिला की वकील ने अदालत को बताया कि आरोपी पति दोनों नाबालिग बच्चों को लेकर संयुक्त अरब अमीरात चला गया है। अदालत ने याचिकाकर्ता की वकील बुशरा कमर से पूछा है कि वह कोर्ट को बताएं कि दोनों नाबालिग बच्चों को वापस पाकिस्तान कैसे लाया जा सकता है। इस पर वकील ने कहा कि वह ऐसे कई फैसलों के बारे में बता सकती हैं, जब नाबालिग बच्चों को दूसरे देशों से प्रत्यर्पित किया गया। इसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई अगले हफ्ते तक टाल दी।



क्या है पूरा विवाद : भारत के मुंबई में स्थित चीता कैंप की रहने वाली फरजाना बेगम नौकरी के सिलसिले में संयुक्त अरब अमीरात गई थी। वहां उसकी मुलाकात लाहौर के रहने वाले मिर्जा यूसुफ इलाही से हुई। इलाही संयुक्त अरब अमीरात में व्यापार करता है। दोनों तलाकशुदा थे और मुलाकात के बाद दोनों में नजदीकी बढ़ी तो दोनों ने शादी कर ली। शादी के तीन साल बाद तक दोनों संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में ही रहे, जहां दोनों के दो बेटे इब्राहिम और इस्माइल हुए। साल 2018 में दोनों लाहौर आ गए।

लाहौर आकर फरजाना को पता चला कि उसके साथ यूसुफ की चौथी शादी है। यूसुफ के पहली पत्नियों से भी बच्चे हैं। विवाद तब शुरू हुआ, जब यूसुफ ने अपने बेटों इब्राहिम और इस्माइल के नाम पर लाहौर में एक घर और एक कमर्शियल प्लाजा खरीदा। इसका यूसुफ की पहली पत्नियों की बेटियों ने विरोध किया। इसके बाद घर में कलह हुई और यूसुफ ने फरजाना को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। यूसुफ ने फरजाना को भारत वापस लौटने को कहा। साथ ही उसने पुलिस को सूचना दे दी कि फरजाना अवैध रूप से पाकिस्तान में रह रही है। फरजाना को जबरन भारत भेजने की हुई कोशिश इसके बाद पुलिसकर्मियों ने फरजाना को वाघा बॉर्डर के जरिए भारत भेजने की तैयारी कर ली, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों को हस्तक्षेप के बाद फरजाना वापस लाहौर स्थित अपने घर लौट सकी। अब फरजाना ने लाहौर हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपने दोनों नाबालिग बच्चों को यूएई से वापस लाने और उनकी कस्टडी देने की मांग की है।

राष्ट्रपति बनने से पहले ट्रंप ने हमास को दी धमकी, मिला करारा जवाब- इजरायल को अशुभ विनाश से बचाओ

वाशिंगटन, एजेंसी। इजरायल-हमास युद्ध के बीच राष्ट्रपति बनने से पहले ही डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को धमकियां देना शुरू कर दी हैं। रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप ने कहा है कि हमास अगर उनके राष्ट्रपति बनने से पहले बंधकों को नहीं लौटाता तो उसे बड़ी कीमत चुकानी होगी। गुरुवार को रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन में बोलते हुए पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने फिलिस्तीनी संगठन हमास को धमकाते हुए कहा कि अगर उनके राष्ट्रपति बनने से पहले बंधकों को नहीं छोड़ा तो उसे बहुत बड़ी कीमत चुकानी होगी। इस बीच फिलिस्तीनी हमास आंदोलन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने न्यूजवीक के साथ साझा की टिप्पणियों में ट्रंप को कुछ अनचाही सलाह दी है, क्योंकि रिपब्लिकन उम्मीदवार व्हाइट हाउस में अपने डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी से अलग होने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप ने गुरुवार को रिपब्लिक नेशनल कन्वेंशन में अपनी पार्टी के नामांकन को स्वीकार करने के बाद दिए अपने 90 मिनट के भाषण में गाजा में चल रहे युद्ध का जिक्र किया और कभी भी हमास



का सीधे तौर पर जिक्र नहीं किया, लेकिन उन्होंने अनुमानित आठ अमेरिकी बंधकों के भाग्य के बारे में पूरी दुनिया को एक अशुभ चेतावनी जारी की, जिनके बारे में माना जाता है कि वे फिलिस्तीनी मिलिशिया द्वारा पकड़े गए हैं। ट्रंप ने कहा ,हम अपने बंधकों को वापस चाहते हैं, और बेहतर होगा कि वे मेरे पदभार ग्रहण करने से पहले वापस आ जाएं, अन्यथा आपको बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए हमास के प्रवक्ता बासेम नईम ने एक बयान में कहा कि ऐसे बयान सुनकर दुख हुआ, क्योंकि इससे पता चलता है कि यहां संघर्ष के प्रति अमेरिकी नीतियां गैर-पक्षपाती मुद्दा है और चाहे चुनाव में कोई भी जीत जाए, इजरायल के प्रति अमेरिका का अंधा और शर्मनाक समर्थन जारी रहेगा। 7 अक्टूबर को हमास ने जिन लोगों को बंधक बनाया था, उसमें अमेरिकी नागरिक भी शामिल थे।ट्रंप ने कहा, हम अपने बंधकों को वापस चाहते हैं. अच्छा होगा कि मेरे राष्ट्रपति बनने से पहले उन्हें छोड़ दिया जाए ट्रंप की इस बात पर उनके समर्थक भी अपना समर्थन जताते नजर आए। वो उन्हें (बंधकों) वापस लाओ के नारे लगा रहे थे। हमास ने ट्रंप के एक समर्थक रोनेन न्यूट्रा के अमेरिकी-इजराइली बेटे उमर को भी बंधक बनाया है। पार्टी सम्मेलन में रोनेन ने कहा कि ट्रंप ने इस संबंध में उनसे बात की है। उन्होंने बताया, हमले में जब उमर को बंधक बना लिया गया, ट्रंप ने उसे बात की थी। हम जानते हैं कि वो अमेरिकी बंधकों के साथ हैं। बता दें कि इजरायल-फिलिस्तीन में दशकों से तनाव चला आ रहा है। पिछले साल 7 अक्तूबर 2023 को हमास ने इजरायल के दक्षिणी हिस्से पर हमला कर दिया था।

अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा- एक या दो हफ्ते में हथियारों के लायक परमाणु पदार्थ उत्पादन में सक्षम होगा ईरान

वाशिंगटन डीसी , एजेंसी। पिछले कुछ महीनों से ईरान ने विखंडनीय सामग्री के अपने उत्पादन को बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत है। ऐसे में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन बताया कि ईरान एक से दो सप्ताह में परमाणु हथियारों के लिए विखंडनीय सामग्री का उत्पादन करने में सक्षम है। उन्होंने यह भी कहा कि अभी हम जिस स्थिति में है वह ठीक नहीं है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि ईरान का ब्रेकआउट समय, परमाणु हथियार के लिए पर्याप्त हथियार ग्रेड सामग्री बनाने के लिए आवश्यक समय, अब शायद एक या दो सप्ताह है क्योंकि उन्होंने ने अपना परमाणु कार्यक्रम बनाना जारी रखा है। बता दें कि हाल के महीनों में ईरान ने विखंडनीय सामग्री के अपने उत्पादन को बढ़ाने के लिए कदम उठाए हैं, ऐसे में ब्लिंकन की टिप्पणी आई है। उन्होंने कहा कि ईरान, क्योंकि परमाणु समझौते को रद्द कर दिया गया था, परमाणु हथियार के लिए विखंडनीय सामग्री का उत्पादन करने की ब्रेकआउट क्षमता से कम से कम एक साल दूर होने के बजाय, अब ऐसा करने से शायद एक या दो सप्ताह दूर है। ब्लिंकन ने कहा, उन्होंने खुद कोई हथियार नहीं बनाया है, लेकिन कुछ ऐसा है जिस पर नजर रखे हुए हैं। विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका की नीति ईरान को परमाणु हथियार प्राप्त करने से रोकना है और प्रशासन भी कूटनीति के



माध्यम से ऐसा होने से रोकने का प्रयास करेगा। तकरीबन एक साल पहले, अमेरिकी रक्षा विभाग के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा था कि ईरान अब लगभग 12 दिनों में एक बम के बराबर विखंडनीय सामग्री का उत्पादन कर सकता है। वहीं सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, बाइडन प्रशासन ने ईरान परमाणु समझौते को पुनर्जीवित करने के लिए एक साल से अधिक समय तक ईरान के साथ अप्रत्यक्ष बातचीत की है। जिससे अमेरिका ने 2018 में ट्रम्प प्रशासन के तहत वापस ले लिया था। वहीं बाइडन प्रशासन के प्रयास भी 2022 में विफल हो गए, क्योंकि अमेरिका ने ईरान पर अज्ञात ईरानी स्थलों पर पाए गए यूरेनियम के अस्पष्टीकृत निशानों की अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) द्वारा जांच के संबंध में अनुचित मांग करने का आरोप लगाया।

आईसीजे का फैसला अस्वीकार्य, इस्राइल ने कहा- स्पष्ट करें कानूनी तौर पर बाध्यकारी नहीं है सलाह

तेल अवीव, एजेंसी। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के आदेश में फिलिस्तीनी क्षेत्र में इस्राइल की उपस्थिति गैरकानूनी बताई है। इस पर इस्राइल ने कहा कि न्यायालय यह स्पष्ट करें कि उसकी प्रकाशित राय एक सलाहकार राय है और कानूनी तौर पर उनको बाध्य नहीं करती। इस्राइल ने इसे मौलिक रूप से गलत ठहराया।

दरअसल अंतरराष्ट्रीय न्यायालय आईसीजे ने शुक्रवार को फैसला सुनाया कि कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में इस्राइल निरंतर उपस्थिति गैरकानूनी है। इसे जल्द से जल्द समाप्त किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उसे बस्तियों के निर्माण को तुरंत समाप्त कर, मौजूदा बस्तियों को हटाना चाहिए। इस्राइल विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ओरेन मार्मोरस्टीन ने कहा कि इस्राइल आईसीजे की सलाहकार राय को अस्वीकार करता है, जो इस्राइल-फिलिस्तीनी संघर्ष के बारे में दी गई थी। इस्राइल विदेश मंत्रालय ने कहा कि दुर्भाग्य से न्यायाल की राय मौलिक रूप से गलत है। यह राजनीति और कानून को एक करती है। यह राय न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के गलियारों की राजनीति को हेग में आईसीजे के न्यायालयों में शामिल करती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह स्पष्ट होना आवश्यक है कि न्यायालय की प्रकाशित राय सलाहकारी राय है, और यह राय उन्हें कानूनी रूप से बाध्य नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि इस कदम की पहल करने वाले फिलिस्तीनी प्राधिकरण की दिलचस्पी शांति में नहीं है वे इस्राइल पर कीचड़ उछालने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि शांति केवल पक्षों के बीच सीधी बातचीत के माध्यम से ही हो सकती है। ताकि फिलिस्तीनी प्राधिकरण अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरणों का रुख करके इस वास्तविकता से बच नहीं पाएगा। उन्होंने कहा कि आईसीजे की राय एकतरफा है।



7 अक्तूबर को इस्राइल के अत्याचारों को नजरअंदाज कर रही राय : इस्राइल विदेश मंत्रालय के ओरेन मार्मोरस्टीन ने कहा कि न्यायालय की यह राय 7 अक्तूबर को हुए अत्याचारों और अपने क्षेत्र की रक्षा करने के लिए इस्राइल की सुरक्षा अनिवार्यता को नजरअंदाज करती है। यह राय मध्य पूर्व की वास्तविकता से पूरी तरह से अलग है, जबकि हमास, ईरान और अन्य आतंकवादी संगठन सात मोर्चों से इस्राइल पर हमला कर रहे हैं। इसमें गाजा और यहूदी और सामरिया शामिल हैं। इसे मिटाने के लिए यहूदियों के सबसे बड़े नरसंहार के बाद, राय 7 अक्तूबर को हुए अत्याचारों और साथ ही अपने क्षेत्र और अपने नागरिकों की रक्षा करने के लिए इस्राइल की सुरक्षा अनिवार्यता को नजरअंदाज करती है।

उसके अलावा इसमें लिखा है कि राय उस मार्गदर्शक सिद्धांत का खंडन करती है जो कि इस्राइल और उसके पड़ोसियों के बीच आज तक हुए सभी शांति समझौतों और व्यवस्थाओं का आधार बना है। इसके अनुसार संघर्ष का समाधान केवल पक्षों के बीच सीधी बातचीत के माध्यम से संभव होगा। उन्होंने यह भी कहा कि राय केवल संघर्ष को दूर करने की संभावना को दूर करती है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हेग में आईसीजे के अध्यक्ष नवाफ सलाम ने शुक्रवार को फिलिस्तीनी क्षेत्र पर इस्राइल के कब्जे पर 15 न्यायाधीशों के पैनल द्वारा जारी गैर-बाध्यकारी सलाहकार राय पढ़ी। न्यायाधीशों ने नीतियों की एक विस्तृत सूची की ओर इशारा किया। जिसमें पश्चिमी तट और पूर्वी येरुसलम में इस्राइली बस्तियों का निर्माण और विस्तार, क्षेत्र के प्राकृतिक संस्थानों का उपयोग, भूमि पर कब्जा और स्थायी नियंत्रण लगाना और फिलिस्तीनियों के खिलाफ भेदभाव पूर्ण नीतियां शामिल हैं। उन्होंने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया। अदालत ने कहा कि इस्राइल को क्षेत्रों की संप्रभुता का कोई अधिकार नहीं है और वह बलपूर्वक क्षेत्र पर कब्जा करने के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन कर रहा है।

पिछले कुछ सप्ताह किसी सपने से कम नहीं थे : सूर्यकुमार

नई दिल्ली, एजेंसी। विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किए जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि पिछले कुछ सप्ताह 'किसी सपने से कम नहीं रहे। सूर्यकुमार ने उन पर भरोसा बनाए रखने और हाल के दिनों में व्यापक समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। इस 33 वर्षीय बल्लेबाज को रोहित शर्मा की जगह भारत की टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। उन्हें हार्दिक पांड्या पर प्राथमिकता दी गई। सूर्यकुमार ने इंस्टाग्राम पर लिखा- आपसे मिले प्यार, समर्थन और शुभकामनाओं के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।



पिछले कुछ सप्ताह किसी सपने से कम नहीं रहे और मैं वास्तव में इसके लिए आभारी हूं। उन्होंने कहा कि देश के लिए खेलना सबसे खास अहसास है जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर पाऊंगा। यह नई भूमिका अपने साथ ढेर सारी जिम्मेदारी, उत्साह और जोश लेकर आई है। मुझे उम्मीद है कि आगे भी आपका समर्थन और आशीर्वाद मिलता रहेगा। सारी प्रसिद्धि ईश्वर तक पहुंचती है, ईश्वर महान हैं। सूर्यकुमार टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा भी थे।

ओलंपिक में भाग लेंगे 117 भारतीय, जानें किस राज्य से कितने खिलाड़ी और किन खेलों में ले रहे हिस्सा

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक में भारत के 117 खिलाड़ी भाग लेंगे। खेल मंत्रालय ने इसके अलावा सहयोगी स्टाफ के 140 सदस्यों को भी मंजूरी दी है जिसमें खेल अधिकारी भी शामिल हैं। सहयोगी स्टाफ के 72 सदस्यों को सरकार के खर्चे पर मंजूरी मिली है। ओलंपिक के लिए जिन खिलाड़ियों ने



क्वालीफाई किया था उनमें से केवल गोला फेंक की एथलीट आभा खटुआ का नाम सूची में नहीं है। सूची में सर्वाधिक 29 (11 महिला और 18 पुरुष) खिलाड़ी एथलेटिक्स के हैं। उनके बाद निशानेबाजी (21) और हॉकी (19) का नंबर आता है। टेबल टेनिस में भारत के आठ जबकि बैडमिंटन में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता के पीवी सिंधु सहित सात खिलाड़ी भाग लेंगे। कुश्ती (6), तीरंदाजी (6) और मुक्केबाजी (6) में छह-छह खिलाड़ी ओलंपिक में अपनी चुनौती पेश करेंगे। इसके बाद गोल्फ (4), टेनिस (3), तैराकी (2), सेलिंग (2) का नंबर आता है। घुड़सवारी, जूडो, रोइंग और भारोतोलन में एक-एक खिलाड़ी भाग लेंगे।



एशिया कप में टीम इंडिया का जीत से आगाज...

पाकिस्तान को बुरी तरह रौंदा, स्मृति-शेफाली की धांसू बैटिंग

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने विमेंस एशिया कप में जीत के साथ शुरुआत की है। टीम इंडिया ने पहले ही मुकाबले में अपने सबसे बड़े राइवल पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया। टीम ने 109 रन का टारगेट 14.1 ओवर में चेज कर लिया। उपकप्तान स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने 85 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप करके रन चेज आसान बनाया। भारतीय गेंदबाजों ने दीप्ति शर्मा की अगुवाई में पाकिस्तान को 19.2 ओवर में 108 रन पर ऑलआउट कर दिया। दांबुला में मिली इस जीत के साथ ही भारतीय लड़कियों ने 2022 में मिली पिछली हार का बदला भी ले लिया है। तब टीम इंडिया 13 रन से हरा गई थी।

आपमें दम है तो...

सानिया मिर्जा के साथ शादी की अफवाहों पर मोहम्मद शमी ने किया रिएक्ट

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत के स्टार क्रिकेटर मोहम्मद शमी और टेनिस स्टार सानिया मिर्जा शादी कर रहे हैं। बीते दिनों अफवाहों का बाजार इस खबर से गर्म था। दोनों के नकली फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। बात यहां तक पहुंच गई कि सानिया के पिता को इस खबर का खंडन करना पड़ा। अब इस पर मोहम्मद शमी ने रिएक्ट किया है। मोहम्मद शमी ने यूट्यूबर शुभांकर मिश्रा के साथ बातचीत में सानिया मिर्जा के साथ शादी की अफवाहों पर कहा कि लोगों को सोच समझकर मीम्स बनाने चाहिए। किसी के लिए वह मजाक होता है और किसी की वह जिंदगी से जुड़ा होता है। तेज गेंदबाज ने ऐसी अफवाह फैलाने वालों को चुनौती दे दी कि हिम्मत है तो वे वैरिफाइड पेज से ऐसा कुछ करके दिखाएं।





दूसरे की टांग खींचना या दूसरे को गढ़े में धकेलना बड़ा आसान

दूसरे की टांग खींचना या दूसरे को गढ़े में धकेलना बड़ा आसान है। थोड़ा सक्सेस होकर दिखाओ। थोड़ा अपना लेवल ऊपर कर दिखाओ। अपनी फैमिली का साथ पकड़कर दिखाओ। चार बंदो का फ्यूचर अच्छा करके दिखाओ। जितना उस बदतमीजी में समझ में आ रहा है न आपको दूसरे की टांग खींचने में।

मोहम्मद शमी को कैसे पता चला

सानिया मिर्जा और मोहम्मद शमी शादी करने वाले हैं इस खबर के बारे में भारतीय तेज गेंदबाज को कैसे पता चला? इस सवाल का जवाब देते हुए शमी ने कहा, कुछ नहीं फोन खोलो तो उसमें अपना ही फोटो दिखता है क्या करेंगे उसमें। मैं एक ही चीज बोलना चाहूंगा किसी को नहीं खींचना चाहिए ऐसा। मीम्स मैं मानता हूं आपके मजाक के लिए मीम्स होंगे वो, लेकिन किसी की जिंदगी से जुड़े होते हैं। आपको बड़ी सोच समझकर वो मीम्स बनाने चाहिए।

दम है तो वैरिफाइड पेज से बोलकर दिखाओ

शमी ने कहा, आज आप वैरिफाइड पेज नहीं हो, आपका पता नहीं, आपकी जानकारी नहीं है तो आप कुछ बोल सकते हो। मैं एक ही चीज बोलना चाहूंगा इस प्लेटफॉर्म पर कि अगर आपमें दम है तो वैरिफाइड पेज से बोलकर दिखाओ। फिर हम बताते हैं कि आप कितने पानी में खड़े हो।

एआईएफएफ अवार्डस

चांग्ते और इंदुमति को एआईएफएफ का शीर्ष पुरस्कार मिला

लाहलानसांगा सबसे होनहार खिलाड़ी बने

नई दिल्ली, एजेंसी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को भारत और मुंबई सिटी एफसी के विंगर लालियानजुआला चांग्ते सर्वश्रेष्ठ भारतीय पुरुष फुटबॉलर और राष्ट्रीय महिला टीम की मिडफील्डर इंदुमति कथिरेसन को सर्वश्रेष्ठ भारतीय महिला फुटबॉलर अवॉर्ड से नवाजा। दोनों ने पिछले एक साल में फील्ड पर शानदार खेल दिखाया है। चांग्ते को भविष्य का सुपरस्टार भी माना जा रहा है। राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ द्वारा आयोजित एक समारोह के दौरान दोनों खिलाड़ियों को ये पुरस्कार दिया गया। लालियानजुआला चांग्ते ने हाल में में मुंबई सिटी एफसी के साथ 2026/27 सत्र के अंत तक अपना अनुबंध बढ़ा लिया है। इंदुमति (30) भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) में ओडिशा एफसी का प्रतिनिधित्व करती हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय टीम में वह बतौर 'मिडफील्डर' की भूमिका निभाती हैं। आई-लीग विजेता क्लब मोहम्मडन स्पोर्टिंग के डेविड लाहलानसांगा को इस साल के सबसे होनहार खिलाड़ी का पुरस्कार मिला है।



मुख्य कोच पद के लिए 20 उम्मीदवारों की सूची

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के कार्यवाहक महासचिव एम सत्यनारायण ने शुक्रवार को कहा कि खेल संस्था ने भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच पद के लिए 20 उम्मीदवारों की सूची बनाई है। भारतीय टीम के कतर और अफगानिस्तान से हारने के बाद फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह बनाने में विफल होने के बाद पिछले महीने इगोर स्टमक को बर्खास्त कर दिया गया था जिसके बाद से यह पद खाली पड़ा है।

सत्यनारायण ने कहा, मेने कुछ कोचों को चुना है, इनकी संख्या लगभग 20 है। हमने उनमें से कुछ को लिखा भी है कि क्या जब से उन्होंने आवेदन किया है, तब से अब तक वे अब भी उपलब्ध हैं। क्योंकि बहुत से कोच करार कर रहे हैं। इसलिए हम कुछ की छंटनी करने के बहुत करीब हैं। फिर इनके नाम कार्यकारी समिति के पास जायेंगे। फिर तकनीकी समिति भी शामिल होगी। इसलिए अगले दो दिन में फैसला होगा।

अध्यक्ष झाझड़िया ने जताई पैरालंपिक में भारतीयों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद, कहा- अबकी बार 25 पार

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र झाझड़िया ने शुक्रवार को भारतीय खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि इस बार पदक संख्या 25 पार जा सकती है। भारतीय पैरालम्पिक दल ने टोक्यो में इतिहास रचते हुए पांच स्वर्ण पदक समेत 19 पदक जीते थे। झाझड़िया ने कहा, मुझे लगता है कि पेरिस में हमारा प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ होगा। हमारा स्लोगन है अबकी बार 25 पार। मैं खिलाड़ियों के संपर्क में हूं और तैयारियां बहुत अच्छी चल रही है। तीन बार के पैरालंपिक पदक विजेता झाझडिया ने 2004 एथेंस ओलंपिक और 2016 रियो ओलंपिक में एफ 46 भालाफेंक में स्वर्ण पदक जीता था जबकि टोक्यो में उन्होंने रजत पदक जीता। उन्होंने आगे कहा, खिलाड़ी शारीरिक ही नहीं मानसिक रूप से भी सुपर फिट हैं। उन्हें टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) से पूरी सुविधाएं मिल रही है। हम कोबे में विश्व चैम्पियनशिप में पांचवें स्थान पर रहे जो बड़ी बात है। पेरिस पैरालम्पिक 28 अगस्त से शुरू होंगे।



बदले-बदले चेहरे, टी20 वर्ल्ड कप की विनिंग टीम गौतम गंभीर के हाथों में आते ही इतनी बदल गई

नईदिल्ली, एजेंसी। टी20 वर्ल्ड कप चैम्पियन बनने के बाद भारतीय टीम में में बड़ा बदलाव देखने को मिला है. यह बदलाव टी20 टीम में देखने को मिला है. रोहित, कोहली और जडेजा के संन्यास लेने के बाद और जिम्बाब्वे दौरे पर टी20 सीरीज खेलने वाली टीम में कई बदलाव आए हैं. भारतीय क्रिकेट टीम का श्रीलंका दौरे के लिए ऐलान हो चुका है. टी20 दौरे के लिए कप्तान सूर्यकुमार होंगे, वहीं उनके डिप्टी शुभमन गिल होंगे. दूसरी ओर वनडे टीम की कमान रोहित शर्मा के हाथों में होगी और यहां भी उनके डिप्टी शुभमन गिल होंगे. लेकिन यहां हम आपको बताने जा रहे हैं कि टी20 वर्ल्ड कप चैम्पियन बनने वाली टीम इंडिया और श्रीलंका दौरे पर गौतग गंभीर की कोचिंग में जाने वाली टीम में बदल गई है. श्रीलंका दौरे के लिए टी20 वर्ल्ड कप की विनिंग टीम से हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज श्रीलंका के दौरे में शामिल हुए हैं. सूर्यकुमार यादव अब टी20 के कप्तान हैं, जबकि शुभमन गिल टी20 और वनडे में उपकप्तान हैं. वर्ल्ड कप की विनिंग टीम में शामिल रोहित शर्मा, विराट कोहली, रवींद्र जडेजा टी20 से



रिटायरमेंट ले चुके हैं. वर्ल्ड कप विनिंग टीम के स्क्वॉड में शामिल स्पिनर्स कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को टी20 से बाहर रखा गया है. वहीं, चैम्पियन खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह रेस्ट कर रहे हैं. टी20 वर्ल्ड कप में टीम के उपकप्तान रहे हार्दिक की जगह अब शुभमन गिल उपकप्तान हैं. जबकि शुभमन वर्ल्ड कप में रिजर्व खिलाड़ी थे. गिल के अलावा खलील अहमद, रिंकू सिंह, आवेश खान रिजर्व खिलाड़ी थे.

टेस्ट डेब्यू पर बोले अर्शदीप सिंह

अगर मौका मिला तो अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगा

चंडीगढ़, एजेंसी। मेन इन ब्लू की टी20 विश्व कप जीत में अहम भूमिका निभाने वाले भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने शुक्रवार को टेस्ट क्रिकेट में मौका मिलने के बारे में खुलासा करते हुए कहा कि अगर उन्हें मौका मिला तो यह इस प्रारूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देंगे। अर्शदीप चंडीगढ़ विश्वविद्यालय पहुंचे थे जहां बारबाडोस में टी20 विश्व कप में भारत की ऐतिहासिक जीत के बाद उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया था। अर्शदीप भारत के लिए टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उन्होंने 8 मैचों में 12.64 के औसत और 7.16 की इकॉनमी रेट से 17 विकेट लिए, जिसमें 4/9 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े थे। इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज़ के दौरान टेस्ट में भारत के लिए डेब्यू करने की संभावनाओं पर मीडिया से बात करते हुए अर्शदीप ने कहा कि एक खिलाड़ी के रूप में, आप अपना 100 प्रतिशत देना चाहते हैं, चाहे कोई भी प्रारूप हो। मैं भी सोच रहा हूं कि अगर मौका मिला तो मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा। 2022 में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से



अर्शदीप ने 52 टी20ई और 6 वनडे मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। टी20 में उन्होंने 19.10 की औसत से 79 विकेट लिए हैं। 50 ओवर के प्रारूप में अर्शदीप ने 18.40 की औसत से 10 विकेट लिए हैं, जिसमें 5/37 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

बहरहाल, एक खिलाड़ी के रूप में प्रेरणा लेने पर अर्शदीप ने कहा कि वह हर जगह प्रेरणा तलाशते हैं, खासकर उन लोगों में जो जीवन में अच्छा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी के रूप में, मैं हर किसी में प्रेरणा चाहता हूं, चाहे वह दिहाड़ी मजदूर हो, अपनी कक्षाओं में टॉप करने वाला छात्र हो या प्रोफेसर हो। मैं अपने जीवन में अच्छा प्रदर्शन करने वालों से प्रेरणा लेने की कोशिश करता हूं। अर्शदीप ने देश के युवाओं को संदेश देते हुए उनसे कड़ी मेहनत करने का आग्रह करते हुए कहा कि उन्हें अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। उन्होंने निष्कर्ष निकाला- युवाओं के लिए संदेश यह है कि वे अपना सर्वश्रेष्ठ देना जारी रखें, जो वे कर सकते हैं उस पर नियंत्रण रखें। कड़ी मेहनत करते रहें। आपको अपनी मेहनत का फल मिलेगा।

सायंतनी घोष ने कहा कि

भारतीय शास्त्रीय नृत्य शुरू से ही मेरा जुनून रहा है



शो दहेज दासी में अपने नृत्य कौशल का प्रदर्शन करने वाली एक्ट्रेस सायंतनी घोष ने कहा कि भारतीय शास्त्रीय नृत्य शुरू से ही उनका जुनून रहा है। हालांकि उन्हें कभी भी इसे औपचारिक रूप से सीखने का मौका नहीं मिला। सायंतनी ने कहा कि जब मैं छह या सात साल की थी, तब मेरे माता-पिता ने मुझे कुछ महीनों के लिए एक सामान्य नृत्य कक्षा में डाल दिया था। उस समय आप ज्यादा कुछ सीख नहीं पाते हैं, मैं शुरू से ही यह करना चाहती थी।

एक्ट्रेस ने कहा कि मुझे विशेष रूप से भारतीय शास्त्रीय नृत्य पसंद है, लेकिन अभी तक मुझे इसे सीखने का मौका नहीं मिला है। नृत्य के प्रति मेरा प्यार पहला संकेत था कि मैं एक एक्ट्रेस बनना चाहती थी। कोलकाता में पली-बढ़ी सायंतनी के स्कूल में अक्सर नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के नृत्य नाटकों का प्रदर्शन किया जाता था, जिसमें नृत्य के साथ अभिनय और भावनाओं का मिश्रण होता था। सायंतनी ने बताया कि मैं अपने स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बहुत सक्रिय थी। तभी से मेरा झुकाव रचनात्मक क्षेत्र की ओर हुआ। भले ही मैंने औपचारिक रूप से नृत्य नहीं सीखा है, लेकिन मुझे यह पसंद है।

बस म्यूजिक चलाने की जरूरत है, और मैं डांस करने के लिए तैयार रहती हूं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में इंडस्ट्री ने मेरे हुनर को पहचाना और उसे सम्मान दिया है। जब भी लोग ऐसी अभिनेत्रियों के बारे में बात करते हैं जो अच्छा नृत्य कर सकती हैं, तो मेरा नाम निश्चित रूप से उस सूची में आता है। अपने शो में एक डांस सीन पर बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि जब शो में डांस की बात आई तो मैं बेहद उत्साहित थी। उन्होंने कहा कि हम एक महा एपिसोड कर रहे थे जहां एक तांडव की आवश्यकता थी, वह काली शक्तियों को जीवंत करने के लिए तांडव कर रही थी। सबसे अच्छी बात यह थी कि मुझे इसे कोरियोग्राफ करने का मौका मिला। मेरे निर्माता जानते थे कि मैं एक अच्छी डांसर हूं और उन्होंने मुझे नृत्य को कोरियोग्राफ करने का अवसर दिया।

एक्ट्रेस ने कहा कि तांडव में काली शक्तियों को बुलाने के लिए अत्यधिक ऊर्जावान होना जरूरी है, और मैंने इसमें अपनी दिल और आत्मा झोंक दी। इसके बाद जो प्रतिक्रिया सामने आई वह अद्भुत थी।

कुशा कपिला-दिव्येंदु में संपत्ति के लिए छिड़ी जंग

ट्रेलर देख लोटपोट हुए प्रशंसक



कुशा कपिला और दिव्येंदु अपनी ट्यूनिंग से दर्शकों का दिल जीतने आ रहे हैं। दोनों सितारे डिज्नी+हॉटस्टार पर अपनी आगामी वेब सीरीज लाइफ हिल गई के साथ आपको गुदगुदाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। शो के निर्माताओं ने सीरीज का धमाकेदार ट्रेलर जारी कर दिया है। साथ ही इसकी स्ट्रीमिंग की तारीख से भी पर्दा उठा दिया गया है।

लाइफ हिल गई की स्ट्रीमिंग की तारीख

लाइफ हिल गई के निर्माताओं ने डिज्नी+ हॉटस्टार के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर सीरीज का ट्रेलर साझा किया। साथ ही इसके कैप्शन में लिखा, भाई बहन के झगड़े, दादू की संपत्ति और ढेर सारी कॉमेडी। हमारे नए शो लाइफ हिल गई की स्ट्रीमिंग 9 अगस्त को न चूकें। सिर्फ हॉटस्टार पर। हिमश्री फिल्म्स द्वारा समर्थित, लाइफ हिल गई में कुशा कपिला, दिव्येंदु, मुक्ति मोहन, विनय पाठक और अरुशी निशंक ने अभिनय किया है। सीरीज प्रेम मिस्त्री द्वारा निर्देशित है।

दिव्येंदु और कुशा कपिला में छिड़ी जंग

2 मिनट 16 सेकंड का ट्रेलर कॉमेडी ड्रामा से भरपूर है। ट्रेलर की शुरुआत कबीर बेदी से होती है जो एक दादा और होटल गुड मॉर्निंग वुड्स विला के मालिक के किरदार में हैं। वहीं, ट्रेलर को देखकर साफ हो रहा है कि दिव्येंदु और कुशा कपिला उनके पोता-पोती की भूमिका में हैं। इसी दौरान दादा जी एलान करते हैं कि जो उनके होटल गुड मॉर्निंग वुड्स विला को दोबारा से खड़ा करने में सफल होगा वही उनकी संपत्ति का मालिक बनेगा।

लाइफ हिल गई की कहानी

लाइफ हिल गई की कहानी काल्पनिक पहाड़ी शहर पंचमोली में घटित होती है। शहर के लोगों को अपने होटल में नियुक्त करने के बाद, दोनों भाई-बहनों को उन्हें प्रशिक्षित करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही भाई-बहनों की नोकझोक भी काफी ज्यादा गुदगुदाने वाली है। ट्रेलर में मुक्ति मोहन को भी एक दिलचस्प भूमिका में देखा गया है। कहानी में मोड़ तब आता है जब अकेले पुरुषों का एक समूह होटल में आता है और अराजकता पैदा करता है। कई उतार-चढ़ाव के बाद, भाई-बहन में से कौन अपने दादा का दिल जीतकर उनकी संपत्ति हासिल करेगा, यही सीरीज की कहानी है।



दो सौ बच्चों को मिला सोनू के साथ दिन बिताने का मौका

वैसे तो सोनू सूद का बस नाम ही किसी के भी चेहरे पर मुस्कुराहट लाने के लिए काफी होता है लेकिन बात जब मुस्कुराहट फाउंडेशन के साथ की हो तो फिर तो कहने ही क्या! जी हां, मुस्कुराहट फाउंडेशन के सौजन्य से मुंबई के फीनिक्स मार्केट सिटी मॉल पहुंचे मुंबई और आसपास के करीब दो सौ बच्चों ने अपना पूरा दिन यहां सोनू सूद के साथ बिताया।

इस दौरान सोनू सूद ने बच्चों से खूब बातें कीं, उनके साथ खाना खाया और खेल भी खेले। इस मौके पर सोनू सूद ने कहा, फिनिक्स मिल्स लिमिटेड की ओर से कई अच्छे उपक्रम और मुहिमों का आयोजन किया है और इसी मुहिम का नया हिस्सा है, शॉप विद अ पर्पज यानी की खरीदारी में भी दुनियादारी की मुहिम। यहां हर एक खरीदारी एक अच्छे काम में योगदान दे रही है। जब हमारी खरीदारी एक अच्छे काम के लिए होती है तब उसकी खुशी होती है और ना कि किसी तरह की कोई चिंता। बारिश के सीजन में बरसात के पानी को जमीन के भीतर तक पहुंचाने और बादलों से मिले इस तोहफे को संभाल कर रखने के काम में लगे आकार चैरिटेबल ट्रस्ट की संस्थापक अमला रुइया भी इस दौरान सोनू सूद के साथ रहीं। उन्होंने कहा, हम रेन वॉटर हार्वेस्टिंग का काम ऐसी जगहों पर करतें है जहां पानी की किल्लत होती है। सोनू के साथ रहकर मैं अपने इस चहीते कार्यक्रम को सहयोग दे रही हूं, इसकी मुझे काफी खुशी हो रही है। यहां पहुंचे बच्चों की खुशी और उत्साह भी हमारे प्रयासों को एक नई दिशा देता है। ये दोनों दिग्गज फिनिक्स शॉपिंग फेस्टिवल के बारे में जागरूकता जगाने के लिए इकट्ठा हुए थे। इस फेस्टिवल में शॉपिंग के साथ मनोरंजन और सामाजिक एकजुटता का संदेश देने केलिए सोनू सूद को मुख्य अतिथि बनाया गया।

सोनू सूद के मुताबिक, शॉप विद अ पर्पज मुहिम का उद्देश्य दान की संस्कृति को खरीददारी से जोडना है, इसके जरिये छोटे समय से लेकर दीर्घकालावधि में लगातार विकास में योगदान दिया जा सकेगा। बताया गया कि इस शॉपिंग फेस्टिवल के दौरान जो शॉपिंग होगी उनमें से कुछ हिस्सा सूद चैरिटी फाउन्डेशन को दिया जाएगा।





माइक्रोसॉफ्ट सर्वर डाउन होने से एयरपोर्ट पर फंसे अर्जुन रामपाल

शुक्रवार को अचानक माइक्रोसॉफ्ट का सर्वर डाउन हो गया, जिसका असर दुनियाभर की कई सुविधाओं पर पड़ा है। इससे सबसे ज्यादा एयरलाइंस कंपनियां प्रभावित हुई हैं। माइक्रोसॉफ्ट सर्वर डाउन होने से बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल को भी परेशानी का सामना करना पड़ा है। अर्जुन रामपाल ने एक फ्लाइट से उड़ान भरनी थी, लेकिन माइक्रोसॉफ्ट आउटेज के चलते उनकी यात्रा प्रभावित हुई। एक्टर ने खुद इसकी जानकारी दी है। अर्जुन रामपाल एयरपोर्ट पर स्पॉट किए गए, जिसका वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में अर्जुन मीडिया से बात करते हुए नजर आ रहे हैं और कह रहे हैं कि उनके सर्वर डाउन हैं। मुझे नहीं पता है कि यह क्या हुआ है। मेरे पास दूसरी एयरलाइन की टिकट भी है। मैं वहां जा रहा हूं।



पहली बार हॉलीवुड सीरीज में नजर आएंगी तब्बू



हॉलीवुड सीरीज 'ड्यून प्रोफेसी' के नए टीजर में एक्ट्रेस तब्बू की तस्वीर देखने को मिलती है. इस टीजर में बलिदान और नियंत्रण के विषय पर चर्चा हो रही है. यह सीरीज हॉलीवुड की प्रमुख उपन्यास 'ड्यून' में दिखाए गए बेने गेसेरिट सिस्टरहुड पर आधारित है. बेने गेसेरिट सिस्टरहुड से जुड़े थे एक्टर टिमथी शैलमे के किरदार पॉल एटराइड्स और उनकी मां लेडी जेसिका. सीरीज 'ड्यून प्रोफेसी' की कहानी 'ड्यून' से हजारों साल पहले शुरू होती है. इसमें सिस्टरहुड की शुरुआत और उसके नियंत्रण पर बात की जाएगी. फिल्म के नए टीजर में हॉलीवुड एक्ट्रेस एमिली वॉटसन को दिखाया गया है, जो सिस्टरहुड की नेता हैं. बेने गेसेरिट में महिलाओं को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है. उन्हें सिखाया जा रहा है कि वे अपने दिमाग पर नियंत्रण रखें।

राम चरण ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

मेलबर्न में यह सम्मान हासिल करने वाले बने पहले भारतीय एक्टर

फिल्म आरआरआर एक्टर राम चरण ने इतिहास रच दिया है। एक्टर को मेलबर्न के भारतीय फिल्म फेस्टिवल में भारतीय कला और संस्कृति के राजदूत से सम्मानित किया जाएगा। राम चरण ये सम्मान पाने वाले पहले भारतीय हैं। IFFM विक्टोरियन राज्य सरकार द्वारा हर साल आयोजित किया जाने वाला आधिकारिक फिल्म महोत्सव है। इस साल यह 15-24 अगस्त तक चलेगा।

भारतीय फिल्म फेस्टिवल मेलबोर्न ने इस बार राम चरण को राजदूत गेस्ट घोषित किया है। एक्टर को इंडियन सिनेमा में उनके योगदान के लिए भारतीय कला और संस्कृति के राजदूत से सम्मानित किया जाएगा। राम चरण की फिल्म आरआरआर ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर एक हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की थी। इस फिल्म के हिट गाने नाटू-नाटू को बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग कैटेगरी में ऑस्कर मिला। फेस्टिवल में हिस्सा लेने को लेकर राम चरण ने उत्साह जताते हुए कहा- मैं मेलबर्न के भारतीय फिल्म महोत्सव का हिस्सा बनकर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय सिनेमा की विविधता और समृद्धि का जश्न मनाता है। हमारे फिल्म उद्योग का प्रतिनिधित्व करना और दुनिया भर के प्रशंसकों और सिनेप्रेमियों से जुड़ना सौभाग्य की बात है। मैं मेलबर्न में दर्शकों के साथ इस पल को साझा करने के लिए रोमांचित हूं।

जया बच्चन ने बताई ऐश्वर्या की क्वालिटी

ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन को लेकर खबरें आ रही हैं कि दोनों के बीच सब ठीक नहीं है। ये खबरें तब उठनी शुरू हुईं जब ऐश्वर्या अक्सर बेटी के साथ अकेली ही स्पॉट होती थीं, उनके साथ न कभी अभिषेक नजर आते न ही ऐश्वर्या कभी बच्चन परिवार के साथ दिखतीं। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी के बाद से ये खबरें और भी ज्यादा उड़ने लगीं, क्योंकि वहां अभिषेक बच्चन अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचे थे जबकि उनकी पत्नी ऐश्वर्या बेटी आराध्या के साथ अकेली पहुंची थीं। इस बीच जया बच्चन का एक पुराना इंटरव्यू वायरल हो रहा है जिसमें वो ऐश्वर्या की क्वालिटी बता रही हैं, मगर वो कुछ ऐसा बता रही हैं जिसकी वजह से लोग अब उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर जया बच्चन का जो वीडियो वायरल हो रहा है उसमें वो करण जौहर से बात करती नजर आ रही हैं। जया कहती हैं. वो खुद भी बहुत बड़ी स्टार है, लेकिन जब हम सब साथ में होते हैं। तो मैंने कभी नहीं देखा वो खुद को पुश करती हो, मुझे ये क्वालिटी पसंद है कि वो पीछे खड़ी रहती है, वो चुप रहती है, वो सुनती है। और एक सबसे खूबसूरत बात है कि वो बहुत अच्छे से फिट हो गई, सिर्फ परिवार में ही नहीं, उसे पता है ये परिवार है ये अच्छे दोस्त हैं। मुझे लगता है कि ऐसे ही हर किसी को होना चाहिए।

हमेशा आभारी रहूंगा.., चंदू चैंपियन को मिल रहे प्यार पर कार्तिक आर्यन ने जताई खुशी



साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित और कबीर खान द्वारा निर्देशित, चंदू चैंपियन एक असाधारण कहानी लेकर आए हैं जिसने लोगों का दिल जीत लिया है। फिल्म को हर जगह से शानदार प्रशंसा और सकारात्मक रिव्यूज मिल रहे हैं। फिल्म को रिलीज हुए एक महीना पूरा हो गया है, कार्तिक आर्यन, जिन्होंने फिल्म में मुरलीकांत पेटकर के रूप में शानदार अभिनय किया है, फिल्म को मिल रहे प्यार से बेहद खुश हैं। अपने सोशल मीडिया पर कार्तिक ने निर्माता साजिद नाडियाडवाला को धन्यवाद दिया और अपनी अच्छी बॉडी दिखाते हुए एक तस्वीर भी शेयर की। चंदू चैंपियन को सिनेमाघरों में रिलीज़ हुए एक महीना हो गया है और यह अभी भी दमदार प्रदर्शन कर रही है!